नई दिल्ली

बुधवार, 28 मई, 2025

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा/द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 43
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 39
न्यून. 29

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


### इनकम टैक्स भरने वालों को राहत
## आईटीआर: अंतिम तिथि 15 सितंबर




**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी है। विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जिन व्यक्तियों और संस्थाओं को अपने खातों का ऑडिट कराने की आवश्यकता नहीं है, उन्हें 31 जुलाई तक आईटीआर दाखिल करना होता है। विभाग इससे संबंधित अधिसूचना को जल्द ही जारी करेगा।






## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में मिला कुवैत, कांगो, फ्रांस और सिंगापुर का साथ

# पाकिस्तान का सेना प्रमुख जोकर, चीनी सेना की ड्रिल की फोटो दिखाकर करता भारत पर जीत का दावा: ओवैसी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के मामले पर दुनिया के सामने पाकिस्तान के चेहरे से पूरी तरह से नकाब हटाने में जुटे भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की यात्रा का सिलसिला जैसे-जैसे दिन-ब-दिन आगे बढ़ता जा रहा है। वैसे ही देश को इस मामले में मिलने वाला अंतरराष्ट्रीय समर्थन भी बढ़ रहा है। वर्तमान में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को कुवैत, कांगो, सिंगापुर और फ्रांस जैसे देशों का समर्थन मिला है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय द्वारा इन यात्राओं को लेकर जारी किए गए बयानों से मिली है।

> भारत ने सब कुछ आजमा लिया। अब हमें नया निष्कर्ष चाहिए: थरूर।



### पाक सेनाप्रमुख जोकर, भरोसा न करें: ओवैसी

वहीं, एक्स पोस्ट के मुताबिक, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कुवैत में अपनी यात्रा के सिलसिले को आगे बढ़ाया। वह प्रवासी भारतीय समुदाय सहित अन्य पक्षों से मिले। इस प्रतिनिधिमंडल में एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी भी शामिल हैं। उनका एक बयान एक्स पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। जिसमें ओवैसी ने पाकिस्तान के सेनाप्रमुख जनरल असीम मुनीर को जोकर बताते हुए कहा कि इन लोगों को नकल ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### अब नए निष्कर्ष की दरकार: थरूर

कांग्रेस नेता शशि थरूर की अगुवाई वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने गुयाना में आतंकवाद के मामले पर भारत के मजबूत संदेश को पहुंचाया। गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली व अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मुलाकात की और इस विषय पर अपने देश की तरफ से समर्थन की घोषणा की। शशि थरूर ने कहा कि अब हम इस मामले को लेकर दृढ़ संकल्पित हैं कि कोई नया निष्कर्ष ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### भारत में पाक से ज्यादा ईमानदार मुसलमान

*ओवैसी ने कहा, पाकिस्तान, भारत के खिलाफ धर्म का मुद्दा नहीं उठा सकता है। क्योंकि भारत में पाकिस्तान से ज्यादा मुस्लिम आबादी है। इतना ही नहीं भारतीय मुसलमान पाकिस्तान से कहीं ज्यादा ईमानदार और देशभक्त हैं। उन्होंने पाकिस्तान को पुनः एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालने की मांग की।*






## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति ने 68 हस्तियों को सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में दूसरे फेज के पद्म अवॉड्र्स प्रदान किए हैं। मंगलवार को आयोजित समारोह में लोकगायिका स्वर्गीय डॉ. शारदा सिन्हा समेत 68 हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद हैं। मंगलवार को हुई अवॉर्ड सेरेमनी में बिहार की दिवंगत लोक गायिका डॉ. शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। वहीं, राम मंदिर आंदोलन में शामिल रहीं साध्वी ऋतंभरा को सामाजिक कार्य के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इससे पहले 28 अप्रैल को पहले चरण की अवॉर्ड सेरेमनी में 71 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। इनमें 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार दिए गए थे। इसमें लोक गायिका शारदा सिन्हा को कला-लोक संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके बेटे ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। सरकार ने गणतंत्र दिवस से पहले 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया था। इनमें शारदा सिन्हा, ओसामु सुजुकी समेत 13 हस्तियों को मरणोपरांत पुरस्कार दिए गए।



▸▸ पढ़ें पेज 09 भी

### प्रधानमंत्री मोदी ने गांधी नगर में बंटवारे का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकवाद का खात्मा बहुत पहले हो गया होता

# तीन टुकड़े, मान ली होती सरदार पटेल की बात तो नहीं होता पहलगाम अटैक



**पीएम ने कहा** कि अगर उसी दिन इन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया गया होता और सरदार पटेल की बात मान ली गई होती, तो 75 साल से चला आ रहा ये सिलसिला (आतंकी घटनाओं का) देखने को नहीं मिलता।

## कटनी चाहिए थी जंजीरें लेकिन काट दी गईं भुजाएं

एजेंसी ▸▸ गांधीनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात दौरे पर मंगलवार को गांधी नगर में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद पाकिस्तान की सोची-समझी युद्ध की रणनीति है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस ने सरदार पटेल की बात मान ली होती तो 75 सालों से चल रहा आतंकी घटनाओं का सिलसिला रुक जाता।

पीएम ने आतंकवाद के साथ-साथ देश के विकास का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 1947 में मां भारती के टुकड़े हुए। कटनी चाहिए थी जंजीरें लेकिन काट दी गईं भुजाएं। देश के तीन टुकड़े कर दिए गए और उसी रात पहला आतंकी हमला कश्मीर की धरती पर हुआ। मां भारती का एक हिस्सा आतंकवादियों के बलबूते पर, मुजाहिदीनों के नाम पर पाकिस्तान ▸▸ शेष पेज 5 पर

> **पीएम ने कहा** कि हमने इस बार कैमरे की पूरी व्यवस्था रखी, जिससे कोई सबूत न मांगे
>
> **ये आतंकवादी** गतिविधि प्रॉक्सी वॉर नहीं है, ये पाकिस्तान की सोची-समझी युद्ध की रणनीति



### वार कर रहे हैं तो जवाब भी वैसा ही मिलेगा

पीएम ने कहा कि 6 मई की रात जो लोग मारे गए, पाकिस्तान में उन जनाजों को स्टेट ऑनर दिया गया। उनके ताबूतों पर पाकिस्तान के झंडे लगाए गए, वहां की सेना ने उनको सैल्यूट किया। ये सिद्ध करता है कि आतंकवादी गतिविधि प्रॉक्सी वॉर नहीं है, ये आपकी ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### हम विकास चाहते हैं, प्रगति चाहते हैं

पीएम ने कहा कि हमने कोरोना से लड़ाई लड़ी, पड़ोसियों से भी मुसीबतें झेलीं, प्राकृतिक आपदा भी झेली इसके बावजूद इतने कम समय में हम 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था बने। क्योंकि हम ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### *ढाई तीन बरस में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे*

*मोदी ने कहा कि एक बार कल्पना करते हुए अगर हम विकास को जमीन पर उतारने का प्रयास करें, तो कितने अच्छे परिणाम मिल सकते हैं, ये हम भलीभांति देख रहे हैं। वही कालखंड था जब हमने रिवर फ्रंट बनाया। वही कालखंड था जब हमने दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम बनाने का सपना देखा, उसे पूरा किया। वही कालखंड था जब दुनिया का सबसे बड़ा स्टैच्यू बनाने के लिए सोचा, उसे पूरा किया। सोमवार को 26 मई थी। 2014 में 26 मई को मुझे पहली बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने का अवसर मिलाष उस समय, भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें स्थान पर थी। आज हम चौथे स्थान पर हैं। ढाई तीन बरस में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे।*

### मुंबई की 14 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर लटकी सुप्रीम कोर्ट की तलवार

## एमएमआरडीए बनाम एलएंडटी में मुख्य न्यायाधीश का स्पष्ट रुख, री-टेंडर करो नहीं तो स्टे के लिए तैयार रहो



> *आज बुधवार को जवाब दाखिल करेगा एमएमआरडीए*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) को लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) द्वारा दायर याचिका के संबंध में कड़ा रुख अपनाया है, जिसमें दो बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स—थाने-घोडबंदर से भायंदर टनल और एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट के लिए टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को चुनौती दी गई थी। इन प्रोजेक्ट्स की कुल अनुमानित लागत 14 हजार करोड़ रुपये है। सुप्रीम कोर्ट ने एमएमआरडीए को स्पष्ट निर्देश दिया कि वह महाराष्ट्र सरकार के साथ परामर्श करे और यह तय करे कि क्या वह इन प्रोजेक्ट्स के लिए पुनः टेंडरिंग करेगा? अन्यथा कोर्ट टेंडर प्रक्रिया पर रोक लगा देगा। यह मामला सार्वजनिक धन यानी पब्लिक-मनी और पारदर्शिता से जुड़ा होने के कारण महत्वपूर्ण है। एलएंडटी ने एमएमआरडीए की टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और अनियमितताओं का आरोप लगाया है। कंपनी ने 30 दिसंबर ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### इस प्राजेक्ट पर खिंची है तलवार

*थाने-घोडबंदर से भायंदर टनल: यह 5 किलोमीटर लंबी दोहरी सुरंग परियोजना है, जिसकी अनुमानित लागत 8 हजार करोड़ रुपये है। यह मुंबई कोस्टल रोड प्रोजेक्ट का विस्तार है और थाने के गायमुख से भायंदर तक 15 किलोमीटर सड़क विस्तार का हिस्सा है। एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट: यह 9.8 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर है, जो वसई क्रीक से होकर गुजरता है और भायंदर को थाने के घोडबंदर रोड से जोड़ता है। इसकी अनुमानित लागत 6 हजार करोड़ रुपये है। यह मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (अटल सेतु) के बाद क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा पुल होगा।*

### आज सुप्रीम कोर्ट इस रिपोर्ट पर करेगा सुनवाई

## विजय शाह मामले में बनी एसआईटी ने स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिए गए आपत्तिजनक बयान की जांच कर रही एसआईटी ने अपनी पहली रिपोर्ट मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सीलबंद लिफाफे में दाखिल कर दी है। इस रिपोर्ट में मंत्री द्वारा दिए गए सार्वजनिक रूप से बयान के विभिन्न तथ्यों और वीडियो फुटेज का सत्यापन शामिल है। सुप्रीम कोर्ट बुधवार को इस रिपोर्ट पर सुनवाई करेगा। बताया जा रहा है कि मंत्री विजय शाह के बयान भी एसआईटी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लिए हैं, हालांकि एसआईटी अफसर इस संबंध में कुछ भी बोलने के तैयार नहीं हैं। इस मामले में एसआईटी ने मानपुर थाने में दर्ज ▸▸ शेष पेज 5 पर

### मुख्य सचिव 10 जून को प्रगति की करेंगे समीक्षा लापरवाही के लिए सम्बंधित अधिकारी होंगे जिम्मेवार

## सभी जिला उपायुक्त मानसून से पहले ड्रेनों की सफाई को दें प्राथमिकता: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिलों में बाढ़ सुरक्षा प्रयासों की निगरानी कर रहे सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में मानसून सीजन से पहले ड्रेनों की सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देना सुनिश्चित करें। उन्होंने इस कार्य के लिए उन्हें तुरंत एक शेड्यूल बनाने और कार्य की निगरानी के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारियों को नियुक्त करने के निर्देश दिए ताकि ड्रेन की सफाई का कार्य हर हाल में 15 जून, 2025 से पहले पूरा हो सके। इसके अतिरिक्त, फील्ड में कार्यरत सभी अधीक्षण अभियंताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके संबंधित क्षेत्रों में ड्रेनों की सफाई सही तरह से की जाए। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### अमेरिका की भारतीय और विदेशी छात्रों को कड़ी चेतावनी...

## अगर क्लास छोड़ी, विश्वविद्यालय को बिना बताए कोर्स छोड़ा, तो रद्द होगा वीजा

> *यह जानकारी मंगलवार को भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक्स पोस्ट में दी।*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली




अगर आप भारत या दुनिया के किसी अन्य देश से छात्र वीजा पर अमेरिका में ऊंची तालीम हासिल कर रहे हैं तो सावधान हो जाइये। कोई भी क्लास मत छोड़िए, कोर्स छोड़ने से पहले अपने विश्वविद्यालय को जरूर सूचित करें। क्योंकि ऐसा न करने पर अब न केवल आपका छात्र वीजा रद्द किया जा सकता है। बल्कि भविष्य में भी आप अमेरिका का वीजा पाने की पात्रता से भी हाथ धो बैठेंगे। जी हां, यह चेतावनी शत-प्रतिशत सही है। जिसे मंगलवार को नई दिल्ली में अमेरिका के दूतावास ने अपने एक्स हैंडल <\@>USAndIndia (U.S.Embassy India) पर एक आधिकारिक बयान को पोस्ट कर जारी किया है। गौरतलब है कि चेतावनी के रूप में सामने आया अमेरिका का यह नया फरमान बीते कुछ समय से वहां अवैध प्रवासियों के खिलाफ जारी सख्त कार्रवाई और सामूहिक निर्वासन की चिंताओं के बीच आया है। अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से अमेरिका में भारत के कुल करीब 3 लाख से अधिक छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। जो दुनिया के ▸▸ शेष पेज 5 पर

### भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच मोदी सरकार का बड़ा फैसला

#### निविदा प्रक्रिया में एचएएल के साथ पहली बार शामिल होंगी निजी क्षेत्र की कंपनियां

## पांचवीं पीढ़ी के एम्का कार्यक्रम के तहत 'प्रोटोटाइप मॉडल' के विकास को दी मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुए संघर्षविराम से सीमाओं पर फिलहाल थमी हुई गोलीबारी और चीन द्वारा अपने पांचवीं पीढ़ी के जे-35ए लड़ाकू विमान को पाकिस्तान को देने की प्रक्रिया में तेजी लाने की चर्चाओं के बीच केंद्र सरकार ने भारतीय वायुसेना के लिए पांचवीं पीढ़ी के उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एम्का) कार्यक्रम के तहत प्रोटोटाइप मॉडल के विकास को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसकी सबसे खास बात यह है कि अब पहली बार रक्षा क्षेत्र में देश का प्रतिष्ठित सार्वजनिक उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) निजी क्षेत्र की कंपनियों जैसे टाटा, लार्सन एंड टुब्रो और अडानी के साथ निविदा प्रक्रिया के जरिए समझौता हासिल करने की दौड़ में शामिल होगा। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर बताया कि यह निर्णय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और एक मजबूत ▸▸ शेष पेज 5 पर




> *संभवतः 2031 की होगी प्रोटोटाइप विकास की समय-सीमा।*

#### 2031 तक सामने आएगा प्रोटोटाइप

*उधर, सूत्रों ने बताया कि भारत के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान का पहला प्रोटोटाइप तय की गई समय सीमा के मुताबिक वर्ष 2031 तक सामने आ सकता है। जबकि इससे जुड़ी भावी उत्पादन प्रक्रिया वर्ष 2035 से शुरू हो सकती है। उन्होंने कहा कि हमने इसके लिए 10 वर्ष की समयसीमा तय की है। जो कि आज से (27 मई) शुरू होगी। प्रोटोटाइप विकसित होने के बाद भावी उत्पादन शुरू होगा। एडीए इस संबंध में एक बेहतरीन भागीदारी साबित होगा। बताते चलें कि तेजस लड़ाकू विमान कार्यक्रम के विकास और उत्पादन की धीमी रफ्तार को लेकर पूर्व में एचएएल की काफी आलोचना भी हुई थी। वर्तमान में टाटा, एयरबस के साथ मिलकर देश में स्वदेशी आधार पर वायुसेना के लिए सी-295 परिवहन विमान का उत्पादन कर रही है।*

## पंजाब के गैंग से चोरी की 21 लग्जरी कारें बरामद

# चोरी की गाड़ियों के चार रिसीवर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की एईकेसी टीम ने चोरी की लग्जरी गाड़ियां खरीद उन्हें महंगे दामों पर बेचने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में पंजाब के रहने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया हैं। इनसे फॉर्चनर, थार और स्कॉर्पियों जैसी 21 लग्जरी कारें बरामद हुई है। यह गिरोह पूरे भारत में सक्रिय था। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।



डीसीपी अपूर्वा गुप्ता के अनुसार संगठित वाहन चोरी पर एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुये एंटी-एक्सटॉर्शन एंड किडनैपिंग सेल (एईकेसी) ने पंजाब के चार रिसीवरों को गिरफ्तार किया गया और जाली पंजीकरण दस्तावेजों और छेड़छाड़ किए गए इंजन/चेसिस नंबरों वाली 21 लग्जरी गाड़ियां बरामद की गई। एसीपी नरेश कुमार के नेतृत्व में इंस्पेक्टर दलीप कुमार, एसआई अंकुर, अशोक कुमार, विजय कुमार और संजय की टीम ने चोरी की घटनाओं के पैटर्न, चोरी के समय और विभिन्न मामलों के सीसीटीवी फुटेज का अध्ययन किया तो यह पता चला था कि आरोपी व्यक्ति ज्यादातर आधी रात को लग्जरी कारों को निशाना बनाते हैं। अध्ययन से यह भी पता चला कि आरोपी व्यक्ति लक्षित कारों को खोलने और स्टार्ट करने में मुश्किल से कुछ मिनट लगाते हैं। गिरोह के बारे में गुप्त मुखबिरों और सूचनाओं की भी मदद ली गई। इसके बाद अवतार सिंह उर्फ सनी अरोड़ा के बारे में सूचना मिली। उसके नीले रंग की बलेनो कार में अपने साथी के साथ डीएनडी से केएमपी की तरफ जाने की सूचना थी। इसके बाद डीएनडी फ्लाईओवर पर जाल बिछाया गया और अवतार सिंह और हरप्रीत सिंह उर्फ हनी को पकड़ा गया। दोनों पंजाब के रहने वाले थे। इंजन नंबर और चेसिस नंबर की जांच करने पर बलेनो कार चोरी की पाई गई। इस संबंध में साकेत थाने में केस दर्ज था। दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि वे मूल रूप से चोरी की कारों के रिसीवर हैं और उसके बाद वे कारों को पंजाब के अमृतसर और लुधियाना में बेचते हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया है कि वे दशरथ और राज कुमार से कारें प्राप्त करते थे। वे कारों के जाली पंजीकरण प्रमाण पत्र भी तैयार करते थे। 15 से 20 मामलों में शामिल होने की बात इन्होंने कबूली। आरोपियों को 10 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया और अमृतसर और तरनतारन के इलाके में कई छापे मारे गए। छापेमारी के दौरान दो और आरोपी व्यक्ति परमदीप उर्फ लोटे और मनप्रीत को भी गिरफ्तार किया गया। इनसे अब तक की पूछताछ के बाद कुल 21 लग्जरी कारें बरामद की जा चुकी हैं। आरोपी फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं। चोरी की गई अन्य गाड़ियों का पता लगाने और नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान करने के लिए जांच जारी है।

# केबल चोरी करने वाले गिरोह के सरगना समेत 13 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रोहिणी में महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) का भूमिगत केबल चोरी करने के आरोप में एक गिरोह के 13 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से एक जेसीबी मशीन और करीब 10 किलोग्राम चोरी की गई केबल बरामद हुई।



पुलिस के अनुसार छह और सात अप्रैल की रात को पंकज (21), लकी (18) और अभिषेक (18) को रोहिणी के सेक्टर 9 में केबल की चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था। गिरफ्तारी का ब्यौरा देते हुए पुलिस ने बताया कि टीम ने एमटीएनएल के बुनियादी ढांचे के पास एक जेसीबी मशीन और कई लोगों की संदिग्ध गतिविधियां देखी, जो खुदाई कर रहे थे। पूछताछ करने पर वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए थे, इसलिए टीम ने उन्हें हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने बाकी साथियों के नाम बताए, जिनमें से 10 अन्य को अब गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरोह भूमिगत केबल को निकालने के लिए जेसीबी मशीन का इस्तेमाल करता था और कीमती तारों को निकालकर उन्हें कबाड़ी को बेच देता था। साथ ही गिरोह रोहिणी इलाके में इस तरह की कई अन्य चोरी की वारदातों में भी शामिल रहा है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपियों में जेसीबी मशीन चालक हसरत अली (28), गिरोह का सरगना समीउद्दीन खान (34), आकाश (30), चोरी का माल खरीदने वाला ताज मोहम्मद (45), शाकिब (37), सरवर आलम, दीपक, शमसेर (35), आवेश खान अली और कबाड़ का सामान खरीदने वाला अमित शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान इसी तरह की चोरियों से जुड़ी कई प्राथमिकी भी दर्ज की गई हैं।

## सड़क पर उतर कर कार्य कर रही है रेखा सरकार : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जनता प्रशासनिक बदलाव देख रही है जहां केजरीवाल सरकार केवल दोषारोपण की राजनीति करती थी वहीं दिल्ली में रेखा गुप्ता की सरकार विकास एवं सुधार के लिए सड़क पर उतर कर कार्य कर रही है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली को लेकर दिये ब्यान को लेकर यह प्रतिक्रिया दी। सचदेवा ने कहा है कि आप का नेतृत्व राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक हो चुका है और बिजली पानी की समस्या पर मनगढ़ंत ब्यान देकर खुद को राजनीतिक गलियारे में बनाये रखना चाहता पर दिल्ली की जनता अब इनकी इन मनोहर कहानियों पर बिल्कुल ध्यान नहीं देती। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली की जनता भली भांति जानती है कि बिजली सब्सिडी बकायदा जारी है और मध्यम वर्ग भी बिजली पानी की पूरी अपूर्ति के साथ सड़कों के बेहतर रखरखाव से संतुष्ट है। दिल्ली की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले भी पहले से बेहतर जल सप्लाई से संतुष्ट हैं चाहें वो सार्वजनिक पाइप लाइन से हो या जीपीएस लगे टैंकरों से।

# नौकरी गई तो करने लगा इंस्टाग्राम के जरिये ठगी



- सस्ते कपड़ों के लालच में महिला को बनाया ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी जिले के साइबर थाना पुलिस ने इंस्टाग्राम के जरिये ठगी करने वाले एक शातिर को असम से गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम हिजबुल बारी बताया गया है। पुलिस को जांच में पता चला है कि इस शातिर व्यक्ति ने चार से पांच लोगों के साथ ठगी की वारदात की थी। आरोपी शख्स 15 से 25 हजार रुपये की ठगी करता था। उसे लगता था कि इतनी छोटी रकम के लिये पीड़ित पुलिस के पास नहीं जाएंगे।

डीसीपी अभिषेक धानिया के अनुसार मयूर विहार फेज-1 में रहने वाली कौसर जहां ने पुलिस को ठगी की शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह इंस्टाग्राम का इस्तेमाल करती है। वहीं पर उसे महंगे कपड़ों के ब्रांड का एक पेज मिला। उस पर ब्रांडेड कपड़े सस्ते दाम पर उपलब्ध होने का दावा था। उसने कुछ कपड़े बुक कर लिए। कंपनी के एक कर्मचारी ने पीड़िता को कॉल करके ऑनलाइन 11.5 हजार रुपये मंगवा लिए। तय समय पर डिलीवरी नहीं हुई तो महिला ने उस नंबर पर संपर्क किया तो फोन बंद था। पीड़िता को ठगी का एहसास हुआ और उसने शिकायत दर्ज करवाई।

मोबाइल नंबर व जिस खाते में ठगी की रकम गई थी, उनकी जांच करते हुए पुलिस असम में ठग तक जा पहुंची। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह जियो स्टोर में नौकरी करता था। छह माह पहले नौकरी चली गई, जिसके बाद वह ठगी करने लगा।

# 92 बांग्लादेशी दक्षिण पश्चिम दिल्ली से दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने राजधानी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की धरपकड़ तेज कर दी है। दक्षिण-पश्चिम जिले में चलाये गये विशेष अभियान के तहत 92 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसके साथ ही 26 दिसंबर 2024 से अब तक जिले में हिरासत में लिए गये बांग्लादेशी नागरिकों की कुल संख्या 142 हो गई है।

पुलिस के अनुसार हाल ही में दक्षिण-पश्चिम जिले में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों का पता लगाने और उन्हें हिरासत में लेने के लिए 10 दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया गया था। खुफिया सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए और स्थानीय मुखबिरों की मदद से कई संवेदनशील इलाकों में घर-घर जाकर सत्यापन किया गया। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि अभियान के दौरान सरोजिनी नगर, किशनगढ़, सफदरजंग एनक्लेव, वसंत कुंज (उत्तर और दक्षिण), कापसहेड़ा, पालम गांव, दिल्ली छावनी और सागरपुर जैसे इलाकों से 88 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान वे भारत में रहने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज पेश करने में विफल रहे। कई लोगों के पास उनके बांग्लादेशी नागरिक होने के दस्तावेज पाये गए। उनके दावों को सत्यापित किया गया और अवैध रूप से रहने की बात स्थापित होने पर उन्हें आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए हिरासत में ले लिया गया। हिरासत में लिए गए लोगों ने अवैध मार्गों से भारत में प्रवेश करने की बात स्वीकार की है। उनमें से कुछ ने भारत-बांग्लादेश सीमा को नदियों के रास्ते पार किया, जबकि अन्य ने सीमा पर बाड़बंदी के बीच अंतराल के माध्यम से घुसपैठ की। उनमें से अधिकांश कई वर्षों से दिल्ली में रह रहे थे और दिहाड़ी मजदूर तथा घरेलू सहायक के रूप में काम करते थे। एक अन्य अभियान में पुलिस ने दिल्ली छावनी क्षेत्र से एक बांग्लादेशी दंपति तथा उसके दो बच्चों को पकड़ा। इनके नाम मोहम्मद असद अली (44), उसकी पत्नी नसीमा बेगम (40), बेटा मोहम्मद नईम खान (18) और बेटी आशा मोनी (13) पता चलें। पुलिस ने कहा कि यह परिवार पिछले 12 सालों से दिल्ली छावनी क्षेत्र में रह रहा था।

# वरिष्ठ नागरिकों की राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को वरिष्ठ नागरिकों के राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की अर्धवार्षिक बैठक आयोजित हुई।



विशेष पुलिस आयुक्त (एसपीयूडब्ल्यूएसी) सागरप्रीत हुड्डा ने बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान जिलों के सभी 15 सदस्यीय वरिष्ठ नागरिक और जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। इसमें वरिष्ठ नागरिक समिति के सदस्यों ने अपने अनुभव और सुझाव साझा किए।

विशेष पुलिस आयुक्त सागरप्रीत हुड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि दिल्ली पुलिस वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखने तथा साइबर जागरूकता कार्यक्रमों, विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों द्वारा नियमित बैठकों, बीट स्टाफ द्वारा घर-घर जाकर तथा वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठों द्वारा टेलीफोन पर संपर्क करके वांछित निवारक उपाय करने का निरंतर प्रयास करती है। जिला पुलिस उपायुक्तों को निर्देश दिया गया कि वे जिला स्तर पर नियमित तिमाही बैठकें तथा पुलिस स्टेशन स्तर पर मासिक बैठकें आयोजित करें। नए वरिष्ठ नागरिकों को पंजीकृत करने के लिए विशेष अभियान चलाएं। वरिष्ठ नागरिकों की लंबित सुरक्षा ऑडिट को अनुवर्ती कार्रवाई के साथ पूरा करें। बीट और डिवीजन स्टाफ द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के घर-घर जाकर नियमित रूप से मुलाकात सुनिश्चित करें। वरिष्ठ नागरिकों के लिए नियमित साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों का उनके घर पर ही निपटारा किया जाए।

## विधि संकाय की अधिष्ठाता के पक्षपातपूर्ण कार्य से सैकड़ों छात्र परेशान : एबीवीपी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय में 300 छात्रों को परीक्षा से केवल तीन दिन पूर्व डिटेन किए जाने एवं उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने से रोकने की कार्रवाई को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने पूर्णतः अशैक्षणिक, छात्र विरोधी एवं पक्षपातपूर्ण बताया है। एबीवीपी दिल्ली प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन शिक्षण संस्थानों को छात्रों के भविष्य की रक्षा करनी चाहिए, वहीं आज छात्र विरोधी फैसले लेकर उनके सपनों पर कुठाराघात कर रहे हैं। वहीं, इसे लेकर छात्रों ने प्रदर्शन किया। एबीवीपी का स्पष्ट मत है कि विधि संकाय की अधिष्ठाता द्वारा यह निर्णय छात्रों के अकादमिक भविष्य को नुकसान पहुंचाने की दुर्भावनापूर्ण मंशा से प्रेरित है। विधि संकाय की अधिष्ठाता का यह निर्णय पूर्णतः पक्षपातपूर्ण है। जब सैकड़ों छात्रों को उपस्थिति के आधार पर परीक्षा से वंचित किया गया है, तो डूसू अध्यक्ष रौनक खत्री को विशेषाधिकार क्यों दिया गया? एबीवीपी इस अन्याय के खिलाफ अंतिम दम तक संघर्ष करेगा और हम मांग करते हैं कि विधि संकाय की अधिष्ठाता तत्काल इस्तीफा दें अथवा सभी 300 छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान करे।

## वर्दी में वीडियो बनाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ आदेश जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने खाकी पहन कर रील बनाने को वर्दी का दुरुपयोग करार देते हुए पुलिस कर्मियों को ऐसा करने के प्रति आगाह किया है और उन्हें अपने ''व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन' के बीच अंतर रखने का निर्देश दिया। पुलिसकर्मियों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रील और वीडियो पोस्ट करने की घटनाओं में वृद्धि के बाद, 24 मई को यह सख्त निर्देश जारी किया गया। इस तरह की रील में अक्सर पुलिस के प्रतीक चिह्न, रैंक या खाकी (पुलिस की) वर्दी की ताकत का प्रदर्शन किया जाता है। आदेश में कहा गया है, ''यह जानकारी मिली है कि निर्देशों के बावजूद, कई पुलिस कर्मियों को वर्दी में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर रील/वीडियो बनाते और पोस्ट करते हुए पाया गया है।'' इस तरह की गतिविधियों में शामिल कर्मियों की एक सूची के साथ निर्देश, पुलिस उपायुक्तों को भेजे गए हैं, जिनमें कहा गया है, ''आपके अधीन पुलिसकर्मियों की ये हरकतें नियमों और इस संबंध में जारी निर्देशों का उल्लंघन है।'' वर्ष 2023 में, अरोड़ा ने पुलिस कर्मियों के लिए सोशल मीडिया दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिसमें उन्हें ''वर्दी की गरिमा बनाए रखने'' और रील या वीडियो के लिए किसी भी उपकरण या सहायक उपकरण का उपयोग नहीं करने के लिए कहा गया था। दिशानिर्देशों के अनुसार, पुलिस कर्मियों को किसी भी लंबित मुकदमे या संदिग्ध या गिरफ्तार व्यक्ति से संबंधित किसी भी गोपनीय जानकारी पर टिप्पणी, पोस्ट या किसी पोस्ट को साझा नहीं करना चाहिए। नये निर्देश में पूर्व में जारी दिशानिर्देशों का भी उल्लेख किया गया है।

## 100 दिनों में ही दिल्ली की जनता हो गई परेशान : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को दिल्ली की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चार इंजन की भाजपा की सरकार के 100 दिनों में ही दिल्लीवाले परेशान हो गए हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर एक वीडियो शेयर कर लिखा कि इनके चार इंजनों ने मात्र 100 दिनों में दिल्लीवालों का क्या हाल कर दिया। वहीं आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने इन्वर्टर खरीदने को प्रोत्साहित करने वाले विज्ञापन को एक्स पर साझा किया और कहा कि मुबारक हो दिल्ली। चार इंजन की सरकार का चमत्कार देखिए, जहां इन्वर्टर की दुकानें बंद हो गई थीं, अब उस दिल्ली में का इन्वर्टर फुल पेज विज्ञापन छप रहा है। उल्लेखनीय है कि केजरीवाल द्वारा शेयर वीडियो में एक महिला उनकी सरकार का गुणगान कर रही है।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शुभम, पुत्रः** श्री पवन कुमार, **पताः** बी – 829/1, खसरा नं. 17, गली नं. – 1, प्रताप नगर, नंद नगरी, दिल्ली ने मुकदमा **D.D. No. 90A, U/s 40A Ex Act, थानाः जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शुभम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शुभम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **D.D. No. 90A, U/s 40A Ex Act, थानाः जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शुभम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री संघमित्रा
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी – 01
कमरा सं. 54, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/6167/SHD/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंकित कुमार सिंह उर्फ राजू, पुत्रः अरुण कुमार सिंह उर्फ पंडत, पताः 42/6, गली नंबर 6, आर्य नगर, शकरपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 176/2022, U/s 408/120B/201/34 IPC, पुलिस थाना फर्श बाजार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अंकित कुमार सिंह उर्फ राजू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अंकित कुमार सिंह उर्फ राजू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना फर्श बाजार, दिल्ली** के अभियुक्त **अंकित कुमार सिंह उर्फ राजू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.07.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अखिल मलिक
जेएमएफसी – 02, कमरा नं. 38,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/6444/SHD/2025

### प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में)

लिक्विडेटर का पता – 106, प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई – 400093
संपर्कः +91 8693053567, ईमेल : liquidator.pratibha@gmail.com

प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में) के स्वामित्व वाली आसानी से प्राप्त न होने वाली संपत्तियों की बोली/प्रस्ताव का आमंत्रण, कॉर्पोरेट देनदार की संपत्तियों को ''जहां है, जैसी है, जो कुछ भी है, तथा बिना किसी रोक-टोक के आधार पर'' पेश किया जा रहा है। आईबीबीआई परिसमापन प्रक्रिया विनियमन, 2016 के विनियमन 37ए के तहत आसानी से प्राप्त न होने वाली संपत्तियों (''एनआरआरए'') के लिए निवेशकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र.सं. | विवरण | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1. | आसानी से प्राप्त न होने वाली संपत्ति का हस्तांतरण – फार ईस्टर्न माइनिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी ज्वाइंट वेंचर (FEMC प्रतिभा जेवी) में 100% हिस्सेदारी की बिक्री व्यापार और कर आयुक्त बनाम FEMC प्रतिभा ज्वाइंट वेंचर (सिविल अपील सं. 3940/2024) मामले में वैट रिफंड को छोड़कर | आईबीबीआई परिसमापन प्रक्रिया विनियमन 2016 के विनियमन 37ए के तहत आसानी से प्राप्त न होने वाली संपत्ति के असाइनमेंट के लिए बोलीदाताओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। प्रस्ताव / बोली जमा करने की अंतिम तिथि 23 जून 2025 है। |
| 2. | जल्दी से प्राप्त न होने वाली संपत्ति का हस्तांतरण – IA 1420 of 2020 में NCLT के 08 अक्टूबर 2024 के आदेश के खिलाफ NCLAT के समक्ष दायर अपील – 71.99 करोड़ रुपये की राशि के लिए 'PUFE आवेदन' | |

नोटः विस्तृत नियम एवं शर्तें, बोली दस्तावेज, घोषणा और अन्य विवरण इच्छुक बोलीदाता से *liquidator.pratibha@gmail.com* पर मेल प्राप्त होने पर प्रदान किए जाएंगे। असाइनमेंट/ट्रांसफर *IBC* 2016, उसके तहत बनाए गए विनियमों और प्रक्रिया दस्तावेज के प्रावधानों के अधीन होगा।

हस्ता/-
एविल मेनेजेस
प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के परिसमापक के रूप में
असाइनमेंट के लिए प्राधिकरण 31 दिसंबर 2025 तक वैध
पंजीकरण संख्या **IBBI/IPA-001/IP-P00017/2016-17/10041**
पंजीकृत पताः 106, प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई - 400093
ईमेलः **liquidator.pratibha@gmail.com**

दिनांक 28 मई, 2025
स्थानः मुम्बई

### प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में)

परिसमापक का पता – 106, प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई – 400093
संपर्कः +91 8693053567, ईमेलः liquidator.pratibha@gmail.com

**ई–नीलामी – आईबीसी के तहत परिसंपत्तियों की बिक्री, 2016**
**ई–नीलामी की तिथि और समयः 23 जून 2025 (सोमवार) सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)**

प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में) के स्वामित्व वाली संपत्तियों की बिक्री, जो आईबीसी 2016 की धारा 35(एफ) के तहत परिसमापन प्रक्रिया विनियमों के विनियमन 33 के साथ परिसमापन संपत्ति का हिस्सा है। ई–नीलामी "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" के आधार पर, "जो कुछ भी है" और "कोई वापसी नहीं" के आधार पर आयोजित की जाएगी। ई–नीलामी बिक्री ई–नीलामी सेवा प्रदाता के माध्यम से ई–बिक्रय नीलामी मंच वेबसाइट https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home के माध्यम से हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी।

भारतीय राशि में

| क्रमांक | विवरण | आरक्षित मूल्य | ईएमडी | वृद्धिशील बोली राशि |
|---|---|---|---|---|
| पार्सल में परिसंपत्तियों की बिक्री ई–नीलामी की तिथि और समयः 23 जून 2025 (सोमवार) सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक | | | | |
| 1. | मर्सिडीज़ बेंज - MH04 HD 0006 | 41,31,000 | 4,13,100 | 40,000 |
| 2. | 3 टनल बोरिंग मशीन ईपीबी – कैप 6600 एमएम, मुंडका, नई दिल्ली में स्थित, नंबर एस-723, एस-883 और एस-890 | 4,39,83,000 | 43,98,300 | 4,00,000 |

नोटः
1. बोली लगाने की अनुमति ईएमडी जमा करने पर दी जाएगी।
2. परिसमापक बिना कोई कारण बताए और बिना किसी दायित्व के प्रक्रिया को रद्द या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यह एक गैर–बाध्यकारी प्रक्रिया है और परिसमापक/हितधारक परामर्श समिति के विवेक के अधीन होगी। अधिक जानकारी के लिए प्रक्रिया ज्ञापन देखें।
3. संभावित बोलीदाताओं को यह वचन देना होगा कि वे संहिता की धारा 29ए के अंतर्गत किसी भी प्रकार की अयोग्यता से ग्रस्त नहीं हैं, जहां तक लागू हो और यदि किसी भी स्तर पर अयोग्य पाए जाते हैं, तो जमा की गई बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी।

बोली दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथिः 11 जून 2025 (बुधवार)
निरीक्षण की अंतिम तिथिः 18 जून 2025 (बुधवार)
ई–नीलामी के लिए ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 20 जून 2025 (शुक्रवार)
ई–नीलामी की तिथि और समयः 23 जून 2025 (सोमवार)

नोटः विस्तृत नियम व शर्तें, ई–नीलामी बोली दस्तावेज, घोषणा और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के अन्य विवरण https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home और प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वेबसाइट https://www.pratibhagroup.com पर उपलब्ध हैं।

हस्ता/–
एविल मेनेजेस
प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के परिसमापक के रूप में
असाइनमेंट के लिए प्राधिकरण 31 दिसंबर 2025 तक वैधता
पंजीकरण सं. IBBI/IPA-001/IP-P00017/2016-17/10041
पंजीकृत पताः 106, प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई – 400093
ईमेलः liquidator.pratibha@gmail.com

तारीख– 28.05.2025
स्थानः मुम्बई

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में कि.मी. 0.00 से कि.मी. 20.500 में करनाल अम्बाला इन्द्री लाडवा रोड (रोड आईडी 7169) (एसएच-07) पर 60 मिमी डीबीएम जमा 40 मिमी बीसी और 80 मिमी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक सहित मजबूतीकरण (कार्य कार्यक्रम 2025-26) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.06.2025 | 6559 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हिसार बाईपास से गांव हिंदवान मोर आरडी 3.700 से 11.000 तक हिसार बालसमंद रोड (एमडीआर-107) की 4 लेनिंग (रोड आईडी 4873) (नलवा निर्वाचन क्षेत्र) (स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइट हेतु अंडरग्राउंड केबल का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 23.05.2025 02.06.2025 | 6.26 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव काकरोली सरदारा खण्ड बाढड़ा में उमरवास रोड से काकरोली सरदारा तक रास्ता का निर्माण। | 23.05.2025 02.06.2025 | 18.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | दक्षिण बहलबा लिंक ड्रेन आरडी 14500/आर के अंदर गांव बहलबा के खेतों के नीचे पड़ने वाले क्षेत्र से बाढ़ के पानी को निकालने के लिए 250 मिमी डाया मज्जा एसी पाइप (2.5 केजी/सीएम2) बिछाना + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.06.2025 | 30.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/80/35148/I/88/7 दि. 27.05.25

### हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134151
वेबसाइट : www.hssc.gov.in

**शुद्धिपत्र (विज्ञा. सं. 07/2024)**

विज्ञा. सं. 07/2024 दिनांक 15.07.2024 की निरंतरतर में, विज्ञा. सं. 07/2024 के तहत अकाउंटेंट, श्रेणी सं. 75, ग्रुप नं. 6 में पदों के तहत आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की जानकारी हेतु निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किया गया है :–
ए) हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पंचकूला पत्र सं. 3291(Estb)/2025/MS/HALSA दिनांक 06.03.2025 के अनुसरण में, ग्रुप नं. 6, श्रेणी सं. 75 के तहत अकाउंटेंट के पदों के लिए विभाजन निम्नानुसार पढ़ा जाए :–

| श्रेणी सं. | पद | सामान्य | एससी | बीसीए | बीसीबी | ईडब्ल्यूएस | ईएसएम सामान्य | ईएसएम एससी | ईएसएम बीसीए | ईएसएम बीसीबी | कुल | पीडब्ल्यूडी वीएच | पीडब्ल्यूडी एचएच | पीडब्ल्यूडी ओएच | पीडब्ल्यूडी बीडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 75 | अकाउंटेंट | 0 | 1 | 2 | 2 | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 9 | 0 | 0 | 1 | 0 |

स्थान : पंचकूला
दिनांक : 26 मई 2025
हस्ता/– अवर सचिव
कृते सचिव, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
पंचकूला
संवाद–1159/13/689/2026/35124/88/7 दि. 27.05.25

## कश्मीर विस्थापित परिवार को हरसंभव दी जाएगी मदद

# सिखों के खिलाफ हुए दंगों के पीड़ितों के परिजनों को सौंपे गए सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय परिसर में 1984 में सिखों के खिलाफ हुए दंगो के पीड़ित परिवारों के आश्रितों को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए जेलों में बंद रहे उन सेनानियों को भी याद किया, जिन्हें वर्षों तक कोई सम्मान नहीं मिला और कहा कि अब हमारी सरकार ने यह संकल्प लिया है कि ऐसे लोकतंत्र कि रक्षा करने वाले लोगो को भी सम्मान दी जाएगी, जैसा कि अन्य राज्यों में दिया जाता है। वहीं मुख्यमंत्री ने बताया कि कश्मीरी विस्थापित परिवार, जो वर्षों से अपने ही देश में बेघर है, उन्हें भी पूर्व सरकारों ने लंबे समय तक अनदेखा किया। हमारी सरकार ने यह संकल्प लिया है कि सरकार उन्हें हर संभव मदद प्रदान करेगी। और ऐसे परिवारों को सरकार द्वारा उनकी लंबित सहायता और अनुदान मिलना भी शुरू हो चुका है। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित पीड़ित परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान बताया कि दिल्ली सरकार ने आधिकारिक नियुक्ति पत्र सौंपकर न केवल नौकरियां दी हैं, बल्कि उन हजारों परिवारों की गरिमा और पहचान को भी मान्यता दी है, जो इतने वर्षों से इसकी प्रतीक्षा कर रहे थे। 1984 के सिख-विरोधी दंगों के पीड़ितों के लिए न्याय की दिशा में यह कदम मील का पत्थर है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि 1984 के दंगे भारत के इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जिसे भुलाना बहुत ही मुश्किल है।

इन दंगो में जिन लोगों ने अपनों को खोया, उनके दर्द की कोई भरपाई नहीं हो सकती। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र की सत्ता में आने के बाद 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाने और आरोपियों को सजा दिलाने का काम शुरू किया। उन्ही के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली सरकार इन पीड़ित परिवारों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने हेतु आज इन्हे सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र वितरित कर रही है।

### 125 परिवारों को दी गईं सरकारी नौकरियां

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज जब हम 125 परिवारों को नियुक्तियां देने में सक्षम हुए हैं, और उनमें से 19 लोग अपनी सेवाएं शुरू कर रहे हैं, तो यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। यह केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं है, बल्कि उनके अधिकारों की बहाली का प्रतीक है। सीएम ने कहा कि यह सिर्फ एक नियुक्ति नहीं है, यह न्याय है, जो चालीस वर्षों की चुप्पी और संघर्ष के बाद इनके जीवन में चला आया है। हम अतीत को बदल नहीं सकते, लेकिन इनका वर्तमान ज़रूर बेहतर कर सकते है। उन्होंने आगे कहा कि इन चार दशकों में हिंसा पीड़ितों ने असहनीय कष्ट सहे, परंतु दुर्भाग्यवश कोई भी पूर्व सरकार न उनके दर्द को समझ सकी और न ही उन्हें कोई ठोस मदद दे सकी।

### कोविड पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता के लिए विशेष समिति गठित

सीएम ने बताया कि कोविड महामारी में जिन परिवारों ने अपने सदस्य खोए, और जिन्हें किसी प्रकार का मुआवजा नहीं मिला। इसके लिए सरकार द्वारा एक विशेष समिति गठित की गई है ताकि उन पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता दी जा सके।

### पिछली सरकार जो कार्य 10 साल में नहीं कर पाई हमारी सरकार ने 100 दिन करके दिखाया : सिरसा

कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि पिछली सरकार जो कार्य 10 साल में पूरा नहीं कर पाई, वह हमारी सरकार ने 100 दिन में पूरा करके दिखाया है। आज मैं गर्व से कह सकता हूं कि यह सरकार आखिरकार वह दे पाई है जो उन्हें वर्षों पहले मिलना चाहिए था। यह ऐतिहासिक निर्णय उन पूर्ववर्ती सरकारों की संवेदनहीनता पर एक करारा जवाब भी है, जिन्होंने बार-बार अपीलों के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने आगे कहा कि यह नियुक्ति अपने आप में ऐतिहासिक है क्योंकि नौकरी से संबंधित पात्रता पर दिल्ली सरकार ने छूट दी है।

# प्रधानमंत्री का 'खेलो इंडिया' अभियान खिलाड़ियों के लिए बना वरदान : इंद्राज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खेलो इंडिया अभियान खिलाड़ियों के लिए वरदान बना गया है। यह बात समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने मंगलवार को तालकटोरा स्टेडियम में दिल्ली ओलम्पिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित दिल्ली गेम्स 2025 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद अरुण सिंह मौजूद रहे।

मंत्री इंद्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में खेलों के बजट में तीन गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इस बजट का एक बड़ा हिस्सा खेल अवसंरचना के विकास और आधुनिक सुविधाओं के निर्माण में निवेश किया गया है। 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम के तहत देशभर में 1 हजार से अधिक खेलो इंडिया केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह योजना जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उनके लिए वरदान बन गई है। खेलो इंडिया से पारंपरिक खेलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। भारत ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में 7 पदक जीतकर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

अब भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए प्रयासरत है। मंत्री इंद्राज ने कहा कि दिल्ली गेम्स 2025 ने राजधानी में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस आयोजन ने दिल्ली को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है। इस अवसर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### व्यापारियों ने ली वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने की शपथ

**नई दिल्ली।** यमुनापार में आयोजित एक कार्यक्रम में देश सहित दिल्ली के व्यापारियों ने भारत की आत्मनिर्भरता के लिए वोकल फॉर लोकल की शपथ ली। कार्यक्रम का आयोजन भारत द्वारा पहलगाम में हिन्दुओं के नरसंहार के बाद पाकिस्तान पर हुई स्ट्राइक में जीत पर सैनिकों का धन्यवाद करने के लिए किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी बतौर मुख्य अतिथि के अलावा राष्ट्रीय महामंत्री आर के गौड़ , राष्ट्रीय प्रवक्ता सी ए राजेश्वर पैन्यूली, दिल्ली स्टेट महामंत्री राजीव शर्मा, निगम पार्षद राजू सचदेवा सहित अन्य व्यापारी नेता और गणमान्य लोग मौजूद थे। अपने संबोधन में सुनील सिंघी ने कहा कि अगर व्यापारियों क साथ आम जनता यह संकल्प ले ले की हमें लोकल फॉर वोकल को ही खरीदना है तो तय मानिए कि भारत की तरक्की का सबसे बेहतर विकल्प होगा। इस अवसर पर महामंत्री राजीव शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आपरेशन सिंदूर में हमारी तीनों सेनाओं ने अदम्य साहस व शौर्य का परिचय देते हुए पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकियों को मार मारकर बदला लिया।

### धूमधाम से मनाई शनि जयंती, मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भीड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार को शनि जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। शनि मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शनों के लिए उमड़ पड़ी। जबकि धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने अपने अपने स्तर पर भंडारे आदि बंटे। न्याय के देवता कहे जाने वाले शनि देव के दिल्ली में प्रसिद्ध मंदिरों में शामिल शनि तीर्थ क्षेत्र, असोला (महरौली), शनि धाम मंदिर छतरपुर, शनि मंदिर कनॉट प्लेस, शनि मंदिर पटेल नगर, शनि देव मंदिर करोल बाग, शनिदेव मंदिर आईआईटी दिल्ली गेट, शनि मंदिर रोहिणी सेक्टर-16, शनि मंदिर द्वारका सेक्टर 23 और अलीपुर के नजदीक नेशनल हाइवे स्थित शनि मंदिरों में सुबह से ही शनि भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। भक्तों ने अपने इष्ट देव पर सरसों का तेल, काले तिल, काले उड़द व काला कपड़ा अर्पित कर मंगलकामनाएं की। अनारकली गार्डन जगतपुरी स्थित श्री राजमाता मंदिर में आयोजित शनि यज्ञ के अवसर पर स्वामी राजेश्वरानंद महाराज ने भक्तों को कहा कि देवी देवताओं में शनिदेव को न्यायाधीश का स्थान प्राप्त है। न्यायाधीश बिना वजह किसी को दंडित नहीं करते बल्कि मनुष्य के कर्म अनुसार उसे दंडित या सुशोभित करते है।

### पीएसी की बैठक में व्यवधान उत्पन्न करने वाले सदस्यों को हटाया जा सकता है : विजेंद्र

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष अजय महावर को पत्र लिखकर कहा है कि यदि समिति का कोई सदस्य व्यवधान उत्पन्न करने में संलिप्त पाया जाता है तो उसे बैठक से हटने के लिए कहा जा सकता है। दरअसल आम आदमी पार्टी (आप) के कुछ नेताओं पर पीएसी की कार्यवाही में हस्तक्षेप करने के आरोप लगे हैं, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने यह बात मंगलवार को कही है। महावर ने गुप्ता को पत्र लिखकर 22 मई को समिति की प्रारंभिक बैठक के दौरान आप सदस्यों द्वारा कथित रूप से उत्पन्न किये गये व्यवधान पर चिंता जताई थी, जिसके जवाब में गुप्ता ने यह बात कही है। महावर ने गुप्ता को लिखे अपने पत्र में दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं पर जीएनसीटीडी (संशोधन) अधिनियम, 2021 के आलोक में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट की जांच करने के समिति के अधिकार पर सवाल उठाने का आरोप लगाया था। पीएसी के अध्यक्ष ने कार्यवाही जारी रखने से पहले विधि विभाग की राय भी मांगी। महावर को जवाब देते हुए गुप्ता ने अपने पत्र में लिखा कि यह भी निर्देश दिया जाता है कि यदि कोई सदस्य अध्यक्ष के निर्देशों का सम्मान नहीं करता है या उन पर ध्यान नहीं देता है तथा कार्यवाही में बाधा डालने और घोर अराजकता पैदा करने के उद्देश्य से हिंसक या विघटनकारी व्यवहार में लिप्त होता है, तो उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया जाएगा। उसे समिति की बैठक में भाग लेने से रोका जा सकता है।

### पीएसी अधिकारों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष के रवैये पर आतिशी ने जताया ऐतराज

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने पब्लिक अकाउंट्स कमेटी (पीएसी) के अधिकारों को लेकर चल रहे विवाद पर विधानसभा अध्यक्ष के रवैये पर ऐतराज जताया है। आतिशी ने मांग की है कि इस मामले को तुरंत लॉ डिपार्टमेंट के पास भेजा जाए ताकि एक ठोस कानूनी राय ली जा सके। उन्होंने सवाल उठाया कि स्पीकर ऐसा करने से क्यों कतरा रहे हैं। आतिशी ने कहा कि हमने विधानसभा अध्यक्ष से साफ-साफ कहा है कि केंद्र सरकार से जीएनसीटीडी संशोधन एक्ट वापस लेने को कहें। अगर वह दिल्ली विधानसभा की कमेटियों को सचमुच मजबूत करना चाहते हैं, तो उनका यही पहला कदम होना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष के इस दावे पर कि जीएनसीटीडी संशोधन एक्ट का इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। इस पर आतिशी ने कहा कि अगर ऐसा है, तो फिर लॉ डिपार्टमेंट को मामला भेजने से डर क्यों है। हमारी एकमात्र मांग है कि इसे लॉ डिपार्टमेंट के पास भेजें, कानूनी राय लें। यह सही प्रक्रिया है। कानून की व्याख्या करना स्पीकर का काम नहीं, लॉ डिपार्टमेंट का है। आतिशी ने विधानसभा अध्यक्ष की उस धमकी की भी कड़ी निंदा की जिसमें चुने हुए विधायकों को कानूनी सवाल उठाने पर कमेटी की कार्यवाही से बाहर करने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि अब हमें बताया जा रहा है कि अगर हम कमेटी में ये सवाल उठाएंगे, तो हमें मीटिंग से निकाल दिया जाएगा। देश के लोकतांत्रिक इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।

# स्वास्थ्य मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल अस्पताल का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को पटेल नगर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल अस्पताल का निरीक्षण किया। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी। उन्होंने ने एक्स पर लिखा कि आज सरदार वल्लभभाई पटेल अस्पताल का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, साफ-सफाई और मरीजों की सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। जनता को बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के महर्षि कणाद भवन में आयोजित दो दिवसीय (26-27 मई) राष्ट्रीय कार्यशाला "प्राचीन भारतीय ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षण के बीच सेतु निर्माण" का मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह कार्यशाला दिल्ली विश्वविद्यालय के अनुसंधान परिषद, स्वामी श्रद्धानंद महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय) तथा विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई। कार्यशाला का उद्देश्य भारतीय जान परंपरा को आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा से जोड़ना तथा शैक्षणिक समुदाय को भारत की वैचारिक विरासत से परिचित कराना था। दो दिनों तक चले इस संवादमूलक आयोजन में देशभर के शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, स्नातक छात्रों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। पहले दिन कार्यशाला में उपस्थित शिक्षाविदों और छात्रों का स्वागत प्रो. राज किशोरे शर्मा एवं प्रो. प्रवीण गर्ग ने किया।

# एलजी ने कोरोना को लेकर बुलाई बैठक, स्वास्थ्य संबंधी दिए जरूरी दिशा निर्देश, मिलकर करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



देश सहित दिल्ली में कोरोना मामलों में बढ़ोतरी के बीच मंगलवार को एलजी विनय कुमार सक्सेना ने यह सुनिश्चित करने के लिए बैठक बुलाई कि कोविड को लेकर दिल्ली सरकार की तैयारी कैसी है। बैठक में सीएम रेखा गुप्ता के अलावा दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र कुमार, स्वास्थ्य सचिव, केंद्र सरकार के आला अधिकारी आदि मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस आपात बैठक में चर्चा के दौरान कहा कि बेशक कोरोना को लेकर दिल्ली पूरी तरह से तैयार है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि अधिकारी लापरवाही बरतने लगे। कोविड-19 को लेकर पुन निर्देश दिए गए है कि अस्पतालों में बिस्तर, ऑक्सीजन, दवाओं, टीकों और जीवन रक्षक ऑक्सीजन की उपलब्धता में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। एलजी ने कहा कि कोरोना का दंश दिल्ली भी पहले झेल चुकी है, इसलिए इसे हल्के में लेना सही नहीं होगा। उन्होंने बैठक में साफ कर दिया कि केंद्र सरकार की एडवाइजरी के तहत दिल्ली में सभी तैयारी रहनी चाहिए। हमें हर हालत के लिए पूरी तरह तैयार रहना है। एलजी ने निर्देश दिए है कि बेशक वर्तमान में जो कोरोना की वापसी से बहुत ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। लेकिन स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एलजी ने निर्देश दिए कि दिल्ली सरकार के साथ डीडीए, दिल्ली नगर निगम, पुलिस आदि केंद्रीय संबंधित एजेंसियां व अधिकारी मिलकर कार्य करें। सभी विभागों में पूरा तालमेल होना चाहिए, जिससे की किसी भी प्रकार की कमी न रह जाए। सनद रहे कि इस समय दिल्ली में कोरोना के 104 से अधिक मामले सामने आ चुके है। जिसको लेकर सरकार तैयारी में जुटी है।

# प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री रेखा ने नए 14 जिलाध्यक्षों की पहली बैठक में मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली भाजपा संगठन एवं सरकार पूरी स्फूर्ति से कार्य कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की कल्पना को साकार करेंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में सभी 14 नए जिलाध्यक्षों एवं राज्य परिषद के 105 सदस्यों की पहली बैठक में संबोधन के दौरान यह बाते कही और सभी को शुभकामनाएं भी दी। वहीं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जिलाध्यक्षों को दिल्ली सरकार के 3 दिन बाद पूरे होने जा रहे 100 दिन के कार्यकाल में दिल्ली में किये गये सुधार कार्यो से अवगत कराया और दिल्ली के विकास के लिए सुझाव मांगे। बैठक में सभी 14 नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे।

सचदेवा ने कहा कि वर्तमान सप्ताह बहुत महत्वपूर्ण सप्ताह है जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के कीर्तिमानों से भरे 11 वर्ष पूरे हुए हैं तो वहीं दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार के सेवा के 100 सफल दिन पूरे हो रहे हैं। सचदेवा ने कहा है कि हम विकसित भारत की विकसित दिल्ली के निर्माण के लक्ष्य से काम कर रहे हैं और नव गठित जिला एवं मंडल संगठन को इसे पूर्ण करने में अपना योगदान देना है। बैठक की अध्यक्षता सचदेवा ने की और मंगलवार को नवनिर्वाचित जिलाध्यक्षों की पहली बैठक प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डॉ. अल्का गुर्जर, संगठन महामंत्री पवन राणा एवं महामंत्री विष्णु मित्तल ने भी सम्बोधित किया।

## दो जून को होंगे चुनाव, आईवीपी भी पहली बार मैदान में

# एमसीडी वार्ड समितियों और स्थायी समिति के लिए नामांकन पत्र हुए दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली







दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में वार्ड समितियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और स्थायी समिति के लिए दो पदों के लिए मंगलवार को भाजपा, आम आदमी पार्टी (आप) और इन्द्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) ने निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में नामांकन पत्र दाखिल किए गए। निगम प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन पदों पर चुनाव आगामी 2 जून 2025 को होंगे। हाल में आप से टूटकर आए पार्षदों ने पूर्व नेता सदन मुकेश गोयल के नेतृत्व में इन्द्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) का गठन हुआ है और आईवीपी ने रोहिणी जोन और वेस्ट जोन में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किए हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद आप के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने दावा किया है कि पार्टी पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और सभी पदों पर जीत हासिल करेगी। अंकुश नारंग ने कहा कि मंगलवार को दिल्ली नगर निगम की वार्ड कमेटी के चुनाव के लिए नामांकन का अंतिम दिन था। आम आदमी पार्टी से 11 जोन में वार्ड कमेटी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए नामांकन किया गया। 2 जून को चुनाव होंगे और उसी दिन परिणाम घोषित होगा।

### जोन वार्ड समिति के अध्यक्ष पद के लिए

सिटी सदर पहाड़ गंज जोन में अध्यक्ष पद के लिए आप की तरफ से विकास और भाजपा की तरफ से चुनावी मैदान में कोई नहीं, सिविल लाइंस जोन से आप के गगन चौधरी और भाजपा के गुलाब सिंह, करोल बाग जोन से आप के पुनीत राय और भाजपा से कोई चुनावी मैदान में नहीं, केशवपुरम जोन से भाजपा के विकास सेठी और आप से कोई चुनावी मैदान में नहीं। रोहिणी जोन से आप के अमित जैन और इन्द्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) से सुमन अनिल राणा और भाजपा से कोई चुनावी मैदान में नहीं। नरेला जोन से आप की श्वेता खत्री और भाजपा से बबीता, वेस्ट जोन से आप की निर्मला कुमारी, आईवीपी के अशोक कुमार पांडे और भाजपा से कोई चुनावी मैदान में नहीं, सेंट्रल जोन से भाजपा की योगिता सिंह और आप की सारिका चौधरी, साउथ जोन से आप के राजीव सनसनवाल और भाजपा के उमेद सिंह, जनफगढ़ जोन से आप की तिलोत्मा चौधरी और भाजपा की सविता, शाहदरा नॉर्थ जोन से भाजपा के पुनीत शर्मा और आप की प्रियंका सक्सेना और शाहदरा साउथ जोन से आप के धीरेंद्र कुमार और भाजपा के राम किशोर शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

### जोन वार्ड समिति के उपाध्यक्ष पद के लिए

सिटी सदर पहाड़ गंज जोन में उपाध्यक्ष पद के लिए आप की तरफ से पूजा और भाजपा की तरफ से चुनावी मैदान में कोई नहीं, सिविल लाइंस जोन से आप की तिमसी शर्मा और भाजपा की सुमन कुमारी, करोल बाग जोन से आप की कविता चौहान और भाजपा से कोई चुनावी मैदान में नहीं, केशवपुरम जोन से भाजपा के अजय रवि हंस और आप से कोई चुनावी मैदान में नहीं। रोहिणी जोन से आप की ममता गुप्ता और भाजपा से नरेंद्र कुमार सिंह नरेला जोन से आप की नेहा और भाजपा की जनता देवी, वेस्ट जोन से आप के साहिल गंगवाल और भाजपा की सुमन त्यागी, सेंट्रल जोन से भाजपा की मंजू देवी और आप की तरफ से कोई भी चुनावी मैदान में नहीं। साउथ जोन से आप के अरूण नवारिया और भाजपा की अनीता, जनफगढ़ जोन से आप की पूनम भारद्वाज और भाजपा के देवेंद्र, शाहदरा नॉर्थ जोन से आप की शिवानी पांचाल और भाजपा के मुकेश कुमार बंसल और शाहदरा साउथ जोन से आप की बीना और भाजपा क राजू सचदेवा ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

### स्थायी समिति में दो जोन से नामांकन पत्र

इसके साथ ही सिटी सदर पहाड़ गंज जोन से स्थायी समिति सदस्य के पद के लिए आप की तरफ से राफिया माहिर और साउथ जोन में आप की तरफ से पिंकी त्यागी और भाजपा की तरफ से जगमोहन महलावत ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

खबर संक्षेप

## समाज सेवी सुधीर ने किया भंडारे का आयोजन



**गाजियाबाद।** उद्यमी व शहर के समाजसेवी सुधीर अरोड़ा ने भंडारा आयोजित किया। इस भंडारे में भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सुधीर अरोड़ा ने कहा कि गरीबों को अन्न ग्रहण करना सबसे समाज सेवा है। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक मोंगा, आएलडी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## प्रवीण बने भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष

**फरीदाबाद।** भाजपा के जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली से विचार विमर्श कर युवा नेता प्रवीण चौधरी को भाजपा ओबीसी मोर्चा का फरीदाबाद का अध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार माना।



## अवैध निर्माणों पर जीडीए ने कसा फिर से शिकंजा

**गाजियाबाद।** जीडीए का बुलडोजर सोमवार को जोन एक में चला। जहां पर कई अवैध रूप से विकसित की गई दुकान व अन्य निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। कालोनाईजर द्वारा बनाई जा रही सड़क, बाउंड्रीवॉल, साइट ऑफिस एवं दुकानों आदि को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता, अवर अभियंता उपस्थित थे।





## लोन दिलाने के नाम पर 84 हजार रुपए ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाजों ने लोन दिलाने के नाम पर दुकानदार से 84,468 रुपए ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। विवेक ने कहा कि उसे लोन की जरूरत थी। उसके पास 17 अप्रैल को एक कॉल आई और लोन दिलाने की बात कही। चार्ज के लिए उसने विवेक के पास एक स्कैनर भेजा। उसने उस पर पेमेंट कर दिया ।




## क्रेडिट कार्ड के जरिए 1.90 लाख की चपत

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाजों ने कार्ड के जरिए कंपनी कर्मी को 1,89,976 रुपए की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। शिकायत में मुकुल भाटिया ने कहा कि उसके पास इंडसइंड बैंक का क्रेडिट कार्ड है, जिसकी तीन लाख रुपए की लिमिट है। अचानक उसके कार्ड से रुपए कटने के मैसेज आने लगे। जबकि कार्ड उसके पास ही था।




## बाइक चुराने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 85 ने वाहन चोर योगेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी दयालबाग में प्रेम कुमार ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि वह नौकरी करता है। 29 जुलाई 2024 को रोजाना की तरह ड्युटी से आकर उसने अपनी बाइक घर के सामने गली में खड़ी की थी। सुबह करीब 10 बजे देखा बाइक वहां पर नहीं थी। जिसे कोई व्यक्ति चोरी कर ले गया।



## कांग्रेस पार्टी ने मनाई पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि

# आधुनिक भारत के निर्माता थे पं. नेहरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद के पूर्व विधायक आनन्द कौशिक के सैक्टर-9 स्थित कार्याय पर उनके अनुज हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव बलजीत कौशिक ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पंडित जवाहर लाल नेहरू की के चित्र पर पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दी।

बलजीत कौशिक ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पं. जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। जिन्होंने भारत में लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष, अग्रगामी एवं शांतिप्रिय राष्ट्र की नींव डाली।

**खास बातें**

- भुवनेश्वर में उन्हें हार्ट अटैक आया था
- 27 मई , 1964 को उनका निधन हुआ था
- 1916 में पं. नेहरू की महात्मा गांधी से हुई थी मुलाकात

### 14 नवंबर, 1889 को इलाहाबाद में जन्मे पं नेहरू ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया



पं. जवाहर लाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री और स्वतंत्रता से पहले और बाद में भारतीय राजनीति के मुख्य केन्द्र बिन्दू थे। उन्होने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू युगदृष्टा, महान स्वतंत्रता सेनानी, महान वकील, कुशल राजनेता, विश्व शांति के अग्रदूत थे, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम मे बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में विकास की नींव डाली, जिसमें किसानों के लिए बांध, नहरें, मजदूरों के लिए कारखाने व मिलों का निर्माण, वैज्ञानिकों के लिए तमाम शोध संस्थान और युवाओं के लिए शिक्षण संस्थाओं का निर्माण कराया, जिसे कृतज्ञ राष्ट्र सदैव याद रखेगा। उन्होंने कहा कि 50 हजार हिंदू-सिख परिवारों के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू जी के निर्देश पर नए शहर के रूप में बसाया गया था और हमारे बुजुर्गों ने कड़ी मेहनत से शहर को आगे बढ़ाया और विश्व पटल पर सुशोभित किया।

### नेहरू का संपूर्ण जीवन देश के प्रति समर्पित रहा

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी विचार.विभाग के चेयरमैन विनोद कौशिक ने कहा कि भारत रत्न पं. जवाहर लाल नेहरू का संपूर्ण जीवन देश के प्रति समर्पित रहा और उनके पूरे परिवार ने भारत की आजादी में अपना अपूर्व योगदान दिया। भारत को आर्थिक रूप से निर्भिक बनाने के लिए भी उन्होंने बहुत अहम योगदान दिया। नेहरू को बच्चे बहुत प्यार करते थे, इसलिए उन्हें बच्चे चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। इस मौके पर रेनू चौहान, देवेन्द्र दीक्षित, अशोक भारद्वाज, भारत भूषण नरूला, सत्यनारायण, रामप्रवेश, प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के उपाध्यक्ष संजय त्यागी सहित अन्य कांग्रेस जन मौजूद थे।

## सभी उपायुक्तों के साथ मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा, कहा-

# गड़बड़ करने वाले अधिकारी और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अल्पकालिक बाढ़ नियंत्रण कार्यों एवं शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नालों की आंतरिक निकासी के कार्यों से संबंधित प्रगति की समीक्षा के लिए जिला के सभी उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में बरसात के मौसम से पहले तैयारियों की स्थिति, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, जल निकासी परियोजनाओं की प्रगति तथा विभागों के बीच समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी जिलों में ड्रेनों और नालों की सफाई को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए उपायुक्तों से उनके जिलों की मुख्य ड्रेनों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई के दौरान यदि अतिक्रमण पाया जाता है, तो उसे तत्काल प्रभाव से हटाया जाए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी जिलों में ड्रेनों और नालों की सफाई को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए आज संबंधित उपायुक्तों से उनके जिलों की मुख्य ड्रेनों की स्थिति की जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई के दौरान यदि अतिक्रमण पाया जाता है, तो उसे तत्काल प्रभाव से हटाया जाए।

**खास बातें**

- बरसात के मौसम में जलभराव से निपटने सभी विभाग समन्वय बनाकर करें त्वरित कार्रवाई
- ड्रेनों की सफाई के कार्य में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं

### 5 दिन का शेड्यूल बनाकर सफाई का जिम्मा




मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्तों को पांच दिन का शेड्यूल बनाकर ड्रेनों की सफाई का कार्य समयबद्ध रूप से पूरा करने और उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी डीसी जिम्मेदारियों का स्पष्ट निर्धारण करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित अधिकारी अथवा ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिचित की जाए। मुख्यमंत्री सैनी ने यह भी निर्देश दिए कि आगामी बैठक में यदि स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं पाया गयाए तो लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक कार्य समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरे किए जाएं ताकि राज्य के किसी भी क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत डिविजनल कमिश्नर संजय जून ने कहा कि बरसात के मौसम में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी विभाग आपसी तालमेल बनाकर जहां-जहां बरसाती पानी जमा होता है वहां निरीक्षण करें। इससे नियमानुसार पानी निकासी के लिए जो भी इंतजाम हो सके, उनको जल्द से जल्द पूरा करें।

### फील्ड में अधिकारियों को सक्रिय रहने के निर्देश

उपायुक्त विक्रम सिंह ने एचसीएस स्तर के अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय रूप से मौजूद रहने और नालों व जलमार्गों पर हुए अतिक्रमण की पहचान कर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीसी ने एफएमडीएए नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे आगामी पांच दिनों का कार्य शेड्यूल बनाकर साफ-सफाई का कार्य पूरा करें और कार्य की प्रगति रिपोर्ट फोटो सहित उनके कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि निगरानी समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से की जा सके।

## इंदिरापुरम व वसुंधरा ज़ोन में महापौर ने किया शिलान्यास

# नगर निगम ने दी इंदिरापुरम को 85 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

महापौर सुनीता दयाल ने इंदिरापुरम में 85 करोड़ और वसुंधरा ज़ोन में 10 करोड़ के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया है। महापौर ने बताया कि इंदिरापुरम हाल ही में नगर निगम को हस्तांतरित किया गया है और इंदिरापुरम की सड़कों, नाली, नालों कि स्थिति बहुत ही खराब थी। कुछ समय पहले जब निरीक्षण किया था तब लोगों की शिकायत भी थी कि सड़कें और नालों की स्थिति बहुत गंभीर है और हमारे पार्षदों को भी जनता आय दिन घेर लेती थी लेकिन इंदिरापुरम के लिए बहुत बड़ा बजट दिया है।

### ये रहे उपस्थित

शिलान्यास के दौरान पार्षद धीरज अग्रवाल,पार्षद प्रीति जैन,पार्षद हरीश कराकोटी,पार्षद डॉ अनिल तोमर,पार्षद अनुज त्यागी,पार्षद संजय सिंह,पार्षद राधेश्याम त्यागी,पार्षद सतेंद्र चौधरी, पार्षद विनय चौधरी,पार्षद हिमांशु चौधरी, पार्षद कल्लन,अधिशासी अभियंता देशराज सिंह,सहायक अभियंता श्याम सिंह,सहायक अभियंता गणेशीलाल, अवर अभियंता संजय गंगवार, अवर अभियंता पूजा सिंह आदि उपस्थित रहे।

### पार्षदों के लिए सौ करोड़ का कोटा

महापौर ने कहा कि जल्द ही यहां की समस्या का समाधान हो जाएगा एवं शहर में विकास कार्य की झड़ी लगी है। ऐसे ही वसुंधरा में भी कई कार्यों का शिलान्यास किया गया है व हर वार्ड में कार्य कराया जा रहा है। यह बड़े कार्य शहर में मुख्य मार्गों के लिए है जिसका नारियल फोड़कर कार्य शुरू किया गया है। इन कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा और वार्डों के आंतरिक कार्यों के लिए पार्षदों के 100 वार्डों के लिए 100 करोड़ रुपए का कोटा आवंटित किया गया है जिससे वार्ड के कार्य कराए जा सके।

## गुरुकुल ताइक्वांडो एकेडमी की प्रतियोगिता

# उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ 18 प्रतिभागियों ने लोहा मनवाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गुरुकुल ताइक्वांडो एकेडमी के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने हाल ही में आयोजित 22जी फरीदाबाद जिला ताईक्वोंडो प्रतियोगिता 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में जिले भर के विभिन्न विद्यालयों और संस्थाओं के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपनी ताईक्वोंडो की कला को परखा। प्रतियोगिता में हमारे खिलाडिय़ों ने न केवल तकनीकी कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि अपनी कड़ी मेहनत और खेल भावना से सभी को प्रभावित किया।

इस प्रतियोगिता में अठारह छात्रों ने विभिन्न भारवर्ग में पदक जीतकर अपनी क्षमता का लोहा मनवाया। जिनमें से लक्ष्य, प्रियांश भाटी, तनिष नागर, दक्ष नागर, प्रांशु, दिव्या, शिवंशी ने गोल्ड मेडल और निवान बिंझौल, निवान पाल, आरव सिंह, ऋद्धि, दीपेश नागर, ध्रुव नागर, माधव न सिल्वर मेडल और मनीष नागर, हर्षिका नागर, यश गोस्वामी, भविष्य न ब्रॉन्ज मेडल, हासिल कर इस सफलता से जिला फरीदाबाद व गुरुकुल ताइक्वांडो एकेडमी का नाम रोशन किया और खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन का परिचय दिया।

**कोच महाजीत शर्मा को दी बधाई:** जिला फरीदाबाद ताइक्वांडो एसोसिएशन के प्रधान दुष्यंत शर्मा ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद व कोच महाजीत शर्मा को बधाई देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

निगम आयुक्त ने वार्ड बंदी पर लगाई रोक

# अधिशासी अभियंता से ओल्ड जोन से सभी चार्ज वापिस लेने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम में सफाई कर्मचारियों की वार्ड बंदी व ओल्ड जोन के अधिशासी अभियंता नरेंद्र सिहाग द्वारा अधिनस्थ कर्मचारियों के साथ बदसलूकी को लेकर 23 मई की रात से चल रहे आंदोलन पर आज निगम आयुक्त द्वारा वार्ड बंदी पर रोक लगाने व नरेंद्र सिहाग अधिशासी अभियंता ओल्ड जोन से सभी प्रकार के चार्ज वापिस लेने के आश्वासन के बाद आंदोलन पर विराम लग गया है।

बीते कल 26 मई को सफाई कर्मचारियों ने शहरी स्थानिय निकाय मंत्री विपुल गोयल के कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया था और मंगलवार को भी निगम मुख्यालय पर सफाई कर्मचारी सहित सभी विभागों के कर्मचारियों ने एक जुटता दिखाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया प्रदर्शन को देख निगम आयुक्त ने यूनियन को वार्ता के लिए बुलाया और वार्ता में यूनियन द्वारा स्पष्ट तौर पर सफाई कर्मचारियों की वार्ड बंदी पर एतराज उठाते हुए तुरंत प्रभाव से रोक लगाने की मांग की और दोषी अधिशासी अभियंता नरेंद्र सिहाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।



निगम आयुक्त ने यूनियन की बात सुनकर दोनों मांगों को मानने का विश्वास दिलाया इसके बाद नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने आंदोलन को स्थगित कर दिया है। निगम आयुक्त ने 2 जून को यूनियन के साथ कर्मचारियों की मांगों पर विचार विमर्श हेतु बैठक करने का भी समय दिया है।

# चिकित्सकों की लापरवाही से हुई प्रसव के उपरांत महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

खेड़कीदौला एरिया में चिकित्सकों की लापरवाही के चलते प्रसव के बाद निजी अस्पताल में महिला की मौत हो गई। महिला के पति ने अपनी पत्नी की मौत के लिए अस्पताल की महिला चिकित्सक व कर्मियों को जिम्मेदार बताया है। आरोप है कि पहले महिला को दूसरे अस्पताल में रैफर नहीं किया गया, जब स्थिति ज्यादा बिगड़ी तो रैफर करने के बाद अस्पताल में एंबुलैंस की व्यवस्था ही नहीं थी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में मानेसर में रहने वाले मनोज कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी मोनिका



यादव गर्भवती थी। उसका उपचार सेक्टर-83 स्थित सक्षम अस्पताल में डॉ. शिखा परमार द्वारा किया जा रहा था।

आरोप है कि बीती 5 जनवरी की सुबह मोनिका को प्रसव के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां पहले उसे बताया गया कि सामान्य डिलीवरी हो जाएगी। लेकिन बाद में ऑपरेशन के जरिए हुई डिलीवरी में मोनिका ने एक लड़के को जन्म दिया। करीब आधे घंटे बाद नवजात व मोनिका की स्थिति सामान्य बताते हुए उन्हें दूसरे बेड पर शिफ्ट किया गया। मनोज ने चिकित्सक को बताया कि मोनिका के ब्लीडिंग ज्यादा हो रही है तो चिकित्सकों ने उसे बताया कि यह स्थिति सामान्य है। उसे किसी बड़े अस्पताल में रैफर नहीं किया गया। सांय मोनिका की स्थिति बिगड़ी तो उसे बेहोशी का इंजेक्शन देते हुए दूसरे अस्पताल के लिए रेफर करने की बात कही गई। लेकिन मरीज को ले जाने के लिए वहां कोई एंबुलैंस नहीं थी। जिसके चलते इंतजार के बाद मोनिका ने वहीं दम तोड़ दिया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच सीएमओ के समक्ष भेजी। वहां से आई रिपोर्ट में सामने आया कि अस्पताल के चिकित्सकों की लापरवाही के चलते मोनिका यादव की मौत हुई है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नरवाना | रोजाना निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे के प्रसंस्करण हेतु एजेंसी का चयन। | 17.05.2025 09.06.2025 | 10.52 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9996244462 eomcnarwana@gmail.com |
| 2 | नगर परिषद नरवाना | प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरे का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन के लिए एजेंसी का चयन। | 26.05.2025 16.06.2025 | 10.81 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9996244462 eomcnarwana@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35126/I/88/7 दि. 27.05.25

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | MEMO NO.CH. 11 E-NIT NO. 02/2025-26/XEN/TS/RTK DATED 13.05.2025.|ONLINETENDERID-2025_HBC_444889_1TENDER REF. NO- 2025CA61A408 AD81 4120 BC64 3511E1C80F71050HVP | शुद्धिपत्र–1. 132 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल, रोहतक में रोड कार्पेटिंग का प्रावधान व बिछाना। ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 12.06.2025 (13.00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35136/I/88/7 दि. 27.05.25

**हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : 426, डीएलएफ टावर-ए, जसोला, नई दिल्ली–110025
www.hindustantin.biz
Contact No. : 011-49998888, Fax : 011-49998822

**पर्यावरणानुकूल भविष्य बनाते हुए**

SCRIP CODE : 530315 | CIN: L27109DL1958PLC003006

(रु. लाखों में)

31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

| विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) |
| प्रचालनों से कुल आय | 10,095.42 | 8,876.02 | 8,777.14 | 40,628.79 | 41,935.36 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 465.28 | 368.02 | 193.40 | 1,617.43 | 2,304.12 |
| कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 465.28 | 368.02 | 193.40 | 1,617.43 | 2,304.12 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 343.87 | 306.83 | 302.44 | 1,227.66 | 1,704.11 |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) निहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | 317.68 | 320.12 | 313.02 | 1,164.22 | 1,693.30 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 |
| पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व्स | | | | 20,489.47 | 19,450.04 |
| अर्जन प्रति शेयर (रु. 10/– प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) (असाधारण मदों से पूर्व) (रु. में) | | | | | |
| बेसिक | 3.05 | 3.08 | 3.01 | 11.19 | 16.28 |
| डायल्युटेड | 3.05 | 3.08 | 3.01 | 11.19 | 16.28 |

टिप्पणी :
1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 27 मई 2025 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।
2. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.hindustantin.biz पर उपलब्ध हैं। ये नीचे दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करके देखे भी जा सकते हैं।
3. IND AS 109 के अनुसार, कम्पनी अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर दर्ज इसके निवेशों (एफवीटीओसीआई) का मूल्यांकन कर चुकी है। श्री उत्तम स्टील एंड पावर लिमिटेड में निवेश के उचित मूल्य को रु. 659.42 प्रति शेयर पर पूर्ववर्ती दर्ज उचित मूल्य से एक कमी को दर्शाते हुये, रु. 638 प्रति शेयर के स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ता द्वारा मूल्यांकित किया गया है।
4. बोर्ड 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष हेतु रु. 10/– प्रत्येक के प्रत्यक्ष मूल्य के रु. 0.80 (8%) प्रति इक्विटी शेयर के एक अन्तिम लाभांश की अनुशंसा कर चुका है जो कम्पनी की वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 27 मई 2025

सैकड़ों उत्पाद ... एक कैन !

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड
संजय भाटिया
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00080533

## खबर संक्षेप


### हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी को 10 साल की कैद



**मुरादाबाद।** अदालत ने हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी उल्फत हुसैन उर्फ मोहम्मद सैफुल इस्लाम को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के मामले में दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुरादाबाद छाया शर्मा ने हुसैन पर 48,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। उल्फत पर आरोप था कि वह धार्मिक स्थलों पर बड़ी आतंकी की साजिश को अंजाम देने वाले थे।

### यूपी में आज से 3 दिन तक बारिश के आसार

**लखनऊ।** यूपी में अगले 3 से 4 दिनों तक मौसम में फेर-बदल जारी रहने वाला है। मौसम विभाग ने 29 से 31 मई के बीच पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में गरज- चमक के साथ बूंदाबांदी की संभावना जताई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 29 मई से प्रदेश में दो-तीन दिनों के लिए बूंदाबांदी और हवाओं की तीव्रता व क्षेत्रफल में विस्तार देखने को मिलेगा।



### मधुमक्खियों का हमला 20 घायल, 4 गंभीर



**मिर्जापुर।** जिला में मधुमक्खियों ने वन दारोगाओं की टीम पर हमला बोला है। कानपुर से मड़िहान के जंगलों में भ्रमण के लिए प्रशिक्षु वन दारोगा पहुंचे थे। इसी दौरान मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। कुल 54 दारोगाओं की टीम पर हमला होते ही सभी भाग खड़े हुए। मधुमक्खियों ने 20 दारोगाओं को बुरी तरह काट लिया है। इनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## बांके बिहारी मामले में सुप्रीम कोर्ट की दखल

# कॉरिडोर अध्यादेश पर यूपी सरकार से जवाब तलब

मथुरा के वृन्दावन में स्थित प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर बनाने के लिए आनन-फानन में जारी उत्तर प्रदेश सरकार के अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। मंदिर में ठाकुर बांके बिहारी के सेवायतों इस अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दिया। सरकार को कोर्ट ने 29 जुलाई तक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मथुरा के वृंदावन में स्थित प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर मामले में नया मोड़ आया है। मंदिर के सेवायतों ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि मंदिर की निजी संपत्ति और फंड का इस्तेमाल सरकार कैसे कर सकती है। जबकि इस पूरे मामले में सेवायतों और मंदिर प्रबंधन समिति का पक्ष सुना ही नहीं गया। हाईकोर्ट ने उन्हें पक्षकार नहीं बनाया।



### कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में रखी सेवायतों की बात

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि मंदिर की जमा पूंजी और निजी संपत्ति का इस्तेमाल इस प्रकार नहीं किया जा सकता। हमें अपनी बात रखने का अवसर दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार बिना सहमति के मंदिर कोष लेना चाहती है और मंदिर के पैसे से जमीन खरीदना चाहती है।

### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी: सीधे याचिका दाखिल क्यों की गई?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर किसी को उसके फैसले से आपत्ति है तो पुनर्विचार याचिका दाखिल की जानी चाहिए, इस तरह सीधे याचिका दाखिल नहीं होनी चाहिए थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को पक्ष रखने की अनुमति दी और सरकार से पूछा कि इतनी जल्दी क्या थी?

### जस्टिस नागरत्ना की सख्त टिप्पणी: यह कानून का टूटना है

जस्टिस नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने टिप्पणी की कि यह कानून का पूरी तरह से ब्रेक डाउन जैसा है। कोर्ट ने यूपी सरकार को निर्देश दिया कि 26 मई को जारी अध्यादेश की कॉपी और परियोजना की पूरी रूपरेखा हलफनामे के साथ 29 जुलाई तक कोर्ट में पेश की जाए।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा-

# विकास व गरीब कल्याण के साथ समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है अच्छी सरकार

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो वह विकास और गरीब कल्याण के कार्यक्रमों को तेजी से आगे बढ़ाते हुए समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। सुरक्षा के बेहतर माहौल में हरेक व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक, विकासपरक और कल्याणकारी परिवर्तन लाती है।

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो वह विकास और गरीब कल्याण के कार्यक्रमों को तेजी से आगे बढ़ाते हुए समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। सुरक्षा के बेहतर माहौल में हर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक, विकासपरक और कल्याणकारी परिवर्तन लाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विगत 11 साल से देश में और आठ साल से प्रदेश में यही परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

सीएम योगी मंगलवार को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (खाद कारखाना) के परिसर में 1200 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी सरकार ने सामूहिक विवाह योजना में प्रति जोड़ा खर्च 51 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया है और बढ़ी हुई धनराशि के साथ आज यह पहला आयोजन था। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वास्तविक सरकार वही है जो जनता के घर जाकर उनकी समस्याओं का समाधान निकाल सके। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का ही एक अभियान है। यह कार्यक्रम बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की अगली कड़ी है। यह बाल विवाह, बहुविवाह और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक रूढ़ियों पर भी प्रहार है।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 1200 जोड़े बंधे विवाह के पवित्र बंधन में
- सामूहिक विवाह योजना में अब कन्याओं को सिंदूर भी किया

### दुनिया की बड़ी ताकत के लिए अंतिम पायदान वालों को मजबूत करना होगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार की मंशा हर एक नागरिक के जीवन में परिवर्तन लाने की है। भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने के लिए हमें समाज के अंतिम पायदान पर बैठे प्रत्येक व्यक्ति के बारे में सोचना होगा। हमें उसके जीवन में परिवर्तन लाना होगा। इसी परिवर्तन के उद्देश्य से सरकार द्वारा मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान योजना आदि अन्य कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। सामूहिक विवाह योजना भी इसी प्रगतिशील सोच का प्रतीक है।



### बेटी को बचाना है तो उसे पढ़ाकर सशक्त बनाना होगा

*सीएम योगी ने कहा कि बेटी को बचाना है तो उसे पढ़ाना होगा, उसको सशक्त बनाना होगा। बेटी को आगे बढ़ाने के लिए हमें सभी व्यवस्थाएंकरनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में सरकार द्वारा निर्धनों की पीड़ा को समाप्त करने के लिए बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना चलायी गयी। आज यह योजना सफलतापूर्वक चल रही है। इसके तहत प्रदेश के साधनहीन और वंचित परिवारों की लगभग 24 लाख बालिकाओं को जन्म से लेकर स्नातक की शिक्षा के लिए 25 हजार की धनराशि दी जा रही है। सीएम ने बताया कि बेटी के जन्म के बाद रजिस्ट्रेशन करते ही एक निश्चित धनराशि उसके खाते में डाल दी जाती है।*

## करप्शन पर नीतीश सरकार की जीरो टॉलरेंस

# हर 4-5 दिन में पकड़ा जा रहा कोई न कोई भ्रष्टाचारी

एजेंसी ▶▶ पटना



सीएम नीतीश कुमार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरी सख्ती से लागू करते हुए भ्रष्ट लोकसेवकों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। निगरानी ब्यूरो के स्तर से जनवरी से अब तक यानी करीब 150 दिनों में 34 भ्रष्ट लोकसेवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। प्रत्येक 4 से 5 दिन में घूस लेते रंगे हाथ या पद का दुरुपयोग करने वाले पदाधिकारी या कर्मी को दबोचा जा रहा है। ट्रैप से संबंधित मामले में 27 लोकसेवकों को घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है, जिसमें 12 लाख 46 हजार रुपए रिश्वत की कुल राशि बरामद की गई है। विभिन्न पदों पर तैनात 27 लोक सेवकों को ट्रैप, 4 के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला और 3 पदाधिकारी के खिलाफ अपने पद के दुरुपयोग करने के मामले में कार्रवाई की गई है। रंगे हाथ घूस लेते ट्रैप में पकड़े गए लोक सेवकों को निगरानी कोर्ट के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### पिछले वर्ष से औसत कहीं अधिक

निगरानी ब्यूरो के स्तर से भ्रष्ट लोकसेवकों के खिलाफ की गई कार्रवाई का औसत पिछले 4-5 वर्षों में कहीं अधिक है। 2024 में 15, 2023 में 36, 2022 में 72, 2021 में 58 और 2020 में 37 भ्रष्ट लोकसेवकों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी।

### मई तक 34 कर्मचारी पर कार्रवाई

पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष के शुरुआती 5 महीने में ही 34 पदाधिकारी या कर्मचारी पर कार्रवाई की जा चुकी है। यह औसत पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक है। 2022 में पूरे वर्ष में ट्रैप, डीए और पद के दुरुपयोग करने वाले 72 लोकसेवकों पर कार्रवाई की गई थी। 2022 औसतन 5 से 6 दिन में किसी न किसी भ्रष्ट लोक सेवक पर गाज गिर रही थी। परंतु वर्तमान वर्ष में कार्रवाई के इस औसत की रफ्तार अधिक है।

## पेज एक का शेष

### पाक सेनाप्रमुख जोकर...

करने की अक्ल भी नहीं है। उन्होंने कहा, बीते सोमवार को पाक सेनाप्रमुख ने अपने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक फोटो दी और उसके जरिए पाकिस्तान ने भारत पर जीत का दावा किया। लेकिन हकीकत में वह फोटो 2019 की चीन की एक सैन्य ड्रिल की है। जिस वक्त मुनीर, शरीफ को ये फोटो दे रहे थे। उस वक्त पाकिस्तान के राष्ट्रपति और पाक की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष भी वहां मौजूद थे। एआईएमआईएम नेता ने कहा कि जब मैं स्कूल में पढ़ता था तो होशियार बच्चे के पास जाकर बैठता था। लेकिन नकल करने के लिए भी अक्ल की जरूरत होती है। जो पाकिस्तान के पास बिलकुल नहीं है। ऐसे में वो जो कुछ भी कह रहा है, उसे गंभीरता तो क्या चुटकी भर नमक के साथ भी न लें।

### अब नए निष्कर्ष की...

निकाला जाना चाहिए। भारत ने अंतरराष्ट्रीय दस्तावेज (डोजियर) और शिकायतों के साथ सब कुछ आजमा लिया है। पाकिस्तान ने आतंकवाद और उससे जुड़े संगठनों के ढांचों को नष्ट करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। वो हर बार अपना पल्ला झाड़ता रहा है, किसी को दोषी नहीं ठहराया गया और न ही कोई आपराधिक मुकदमा चलाया गया है। तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि हमने पाकिस्तान की भाषा में ही उसे जवाब देना शुरू कर दिया है। इसके अलावा रविशंकर प्रसाद की अगुवाई वाले प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस में मीडिया, दोनों देशों के मैत्री समूह के अध्यक्ष के नेतृत्व में फ्रांस की संसद के निचले सदन के सदस्यों से मुलाकात की। सांसदों ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के प्रति सर्वसम्मति से अपना समर्थन प्रदान किया। बाकी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भी आतंकवाद को लेकर भारत के संदेश को दुनियाभर के देशों तक पहुंचाने की अपनी वैश्विक कवायद में जुटे रहे।

### तीन टुकड़े, मान...

ने हड़प लिया। अगर उसी दिन इन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया गया होता और सरदार पटेल की बात मान ली गई होती, तो 75 साल से चला आ रहा ये सिलसिला (आतंकी घटनाओं का) देखने को नहीं मिलता।

### वार कर रहे हैं तो जवाब...

(पाकिस्तान) सोची-समझी युद्ध की रणनीति है। आप वार ही कर रहे हैं, तो उसका जवाब भी वैसे ही मिलेगा।

### हम विकास चाहते...

विकास चाहते हैं, प्रगति चाहते हैं। आने वाले दिनों में हमें टूरिज्म पर बल देना चाहिए। गुजरात ने कमाल कर दिया है। कोई सोच सकता है कि कच्छ के रेगिस्तान में जहां कोई जाने का नाम नहीं लेता था, आज वहां जाने के लिए बुकिंग नहीं मिल रही है। चीजों को बदला जा सकता है।

### एमएमआरडीए बनाम एलएंडटी...

2024 को तकनीकी और वित्तीय बोली जमा की थी, जिसे 1 जनवरी 2025 को खोला गया। हालांकि, एलएंडीटी को अपनी बोली की स्थिति (क्वालिफाई या डिसक्वालिफाई) के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। यही एलएंडटी के केस का मेरिट है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के रुख से स्पष्ट है कि एमएमआरडीए की पसंद मेगा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को टेंडर अवार्ड करना अब मुश्किल होगा। एलएंडटी की ओर से केस की पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दावा कि कि एमएमआरडीए ने 13 मई 2025 को वित्तीय बोलियां खोलने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन एलएंडटी को इसकी सूचना नहीं दी गई, जबकि अन्य बोलीदाताओं को सूचित किया गया। कंपनी का दावा है कि यह प्रक्रिया अनुचित, भेदभावपूर्ण और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करती है। इतना ही नहीं एलएंडटी की ओर से दावा किया गया कि उनकी बोली मेगा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की तुलना में 2 हजार 521 करोड़ रुपये (टनल प्रोजेक्ट) और 609 करोड़ रुपये (एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट) सस्ती थी, जो 'एल-वन' बोलीदाता के रूप में उभरी। मुख्य न्यायाधीश गवई ने हैरानी जताते हुए टिप्पणी की, जिस एलएंडटी कंपनी को सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार ने टेंडर अवार्ड किये उनके टेंडर को तकनीकी आधार पर एमएमआरडीए ने कंपनी को बिना बताये कैसे खारिज दिया? एमएमआरडीए के लिए इस मामले में पैरवी करने के लिए वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी और तुषार मेहता को उतारा गया है। मामले पर सुनवाई अब बुधवार को तय की गई है।

**महाराष्ट्र सरकार के लिए मुश्किल :** बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट का यह रुख दर्शाता है कि वह सार्वजनिक परियोजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर गंभीर है। एलएंडटी जैसी प्रमुख इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी के साथ एमएमआरडीए की इस कानूनी लड़ाई से न केवल इन दो परियोजनाओं का भविष्य तय होगा, बल्कि यह भविष्य में भारत में सार्वजनिक टेंडर प्रक्रियाओं के लिए एक मिसाल भी स्थापित कर सकता है। यदि एमएमआरडीए पुनः टेंडरिंग का विकल्प चुनता है, तो यह प्रक्रिया में देरी का कारण बन सकता है, अगर कोर्ट प्रक्रिया पर रोक लगाता है, तो यह एमएमआरडीए की मौजूदा टेंडर प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठा सकता है।

### विजय शाह मामले में बनी...

एफआईआर के अनुसार भी अपनी जांच में कई बिंदु शामिल किए हैं। एसआईटी में शामिल अफसरों ने मौके पर जाकर प्रत्यक्षदर्शियों के भी बयान लिए उसको भी अपनी रिपोर्ट में शामिल किया है। एसआईटी के प्रमुख सागर जोन के पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा हैं जबकि विशेष सशस्त्र बल के डीआईजी कल्याण चक्रवर्ती और डिंडोरी पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह सदस्य हैं।

**तीन बार माफी मांग चुके हैं शाह :** इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ही पुलिस मुख्यालय ने एसआईटी गठन का गठन किया था। मंत्री विजय शाह ने 12 मई को एक भाषण के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। मप्र हाईकोर्ट ने इस विवादस्पद बयान पर संज्ञान लिया था। वहीं, पुलिस को सटीक एफआईआर करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद 14 मई को मानपुर पुलिस थाने में मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। शाह ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में माफीनामा भी दाखिल किया था जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। वहीं मंत्री ने सार्वजनिक रूप से एक वीडियो जारी कर अपने कृत्य पर तीसरी बार माफी मांगी है।

### सभी जिला उपायुक्त को...

मुख्यमंत्री मंगलवार को यहां सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ अल्पकालिक बाढ़ सुरक्षा कार्यों तथा ड्रेनों की आंतरिक सफाई की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। ड्रेनों की आंतरिक सफाई की वर्तमान गति पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून आने में बहुत कम समय बचा है और अभी यह काम शेष है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित करते हुए इस सम्बन्ध में सभी लंबित कार्यों को बिना देरी के पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी अन्य प्रशासनिक सचिवों के साथ 10 जून को फिर से इस कार्य प्रगति की समीक्षा करेंगे। यदि किसी अधिकारी की ओर से कोई लापरवाही पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में ली जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने टांगरी और मारकंडा नदियों में गाद निकालने के काम की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान बताया गया कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग मानसून के दौरान जल भंडारण के लिए एसवाईएल और हांसी-बुटाना लिंक नहरों के मौजूदा चैनलों का उपयोग करने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम कर रहा है। इस योजना में ड्रेनों सहित घग्गर नदी के पानी को इन दोनों नहरों में भेजना और पानी को रोकने के लिए अस्थायी अवरोधों का निर्माण करना शामिल है। इस पहल का उद्देश्य न केवल बाढ़ नियंत्रण और भूजल को रिचार्ज करना है, बल्कि सिंचाई की जरूरतों को पूरा करना भी है। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह एवं राजस्व) सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाइन, हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण की चेयरपर्सन केशनी आनंद अरोड़ा, दोनों विभागों के इंजीनियर-इन-चीफ एवं मुख्य अभियंता भी मौजूद थे। जिला उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यकारी अभियंता वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

### अगर क्लास छोड़ी, विश्वविद्यालय...

किसी अन्य देश के मुकाबले विदेशी छात्रों की सर्वाधिक संख्या है।

**अमेरिकी चेतावनी का सार :** अमेरिका के बयान के मुताबिक, अगर आप स्कूल से बाहर निकलते हैं, कक्षाएं छोड़ते हैं या अपने विश्वविद्यालय या स्कूल को बिना सूचित किए हुए अपना कोर्स छोड़ते हैं। तो आपका वीजा रद्द किया जा सकता है। साथ ही आप भविष्य में अमेरिका के वीजा के लिए पात्रता खो सकते हैं। किसी भी समस्या से बचने के लिए अपना छात्र का दर्जा बनाए रखें और हमेशा वीजा की शर्तों का पालन करें।

**छात्रों को आकर्षित करते विश्वविद्यालय :** इन सबके बीच एक सच्चाई यह भी है कि अमेरिका के तमाम विश्वविद्यालय बड़ी तादाद में भारतीय छात्रों को शिक्षा लेने के लिए बुलाते हैं। वर्ष 2023 में अमेरिका की काउंसलर टीम ने भारत में 1 लाख 40 हजार से अधिक छात्र वीजा जारी किए थे। यह यूएसए द्वारा दुनिया के किसी अन्य देश को दिए गए सबसे अधिक वीजा थे। इसके अलावा यह छात्र वीजा के मामले में लगातार तीसरे वर्ष स्थापित किया गया रिकॉर्ड था। जबकि इसी साल भारत में अमेरिका के मिशन ने रिकॉर्ड 1.4 मिलियन वीजा प्रोसेस किए।

**अमेरिकी सरकार का सख्त मिजाज :** यह चेतावनी एक ऐसे समय में भी सामने आई है। जब अमेरिका की सरकार बिना किसी पूर्व नोटिस के अंतरराष्ट्रीय छात्रों के वीजा रद्द करने से जुड़ी हुई अपनी कानूनी कार्रवाई की कवायद में और अधिक तेजी ला रही है। जिसमें फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनों में भाग लेने, यातायात उल्लंघन और वीजा शर्तों का उल्लंघन जैसे तमाम कारण सामने आए हैं। कुल मिलाकर इससे छात्र कानूनी दलदल में फंस रहे हैं और उन्हें बड़े पैमाने पर शंका भी घेर रही है। जबकि कई मामलों में न केवल छात्र को जानकारी है। बल्कि उसके विश्वविद्यालय भी यह नहीं पता होता है कि छात्र का रिकॉर्ड 'एसईवीआईएस' सिस्टम से हटा दिया गया है। एसईवीआईएस एक वेब आधारित प्लेटफार्म है। जिसे अमेरिका के आंतरिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित किया जाता है। इसका मुख्य दायित्व अंतरराष्ट्रीय छात्रों से जुड़ी जानकारी की निगरानी और प्रबंधन करना है।

**छात्रों में ओपीटी को लेकर भी बैठा डर :** भारतीय और अन्य अंतरराष्ट्रीय छात्र ट्रंप प्रशासन की वैकल्पिक प्रायोगिक प्रशिक्षण (ओपीटी) को खत्म करने की योजना को लेकर भयभीत हो रहे हैं। इसका संबंध स्नातक करने के बाद अमेरिका में नौकरी करने वाले छात्रों से है। अमेरिका के विधि निर्माताओं द्वारा ओपीटी कार्यक्रम को खत्म करने के लिए 'द फेयरनेस फॉर हाई-स्किल्ड अमेरिकंस एक्ट ऑफ 2025' नामक बिल लाया गया है। साथ ही वहां की नागरिकता और प्रवासन सेवाओं (यूएससीआईएस) के प्रमुख के रूप में राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा नामित जोसेफ एडलो ने ओपीटी और स्टेम ओपीटी (विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित के छात्रों के लिए विस्तारित संस्करण) कार्यक्रम को खत्म करने की ऐलान किया है। जो विदेशी छात्रों को उनके परा-स्नातक कार्यक्रम के अंत में उपलब्ध रहते हैं।

### पांचवीं पीढ़ी के एम्का कार्यक्रम...

घरेलू एयरोस्पेस औद्योगिक इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए लिया है। जिससे निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों को समान आधार पर अवसर मिलेंगे। वे स्वतंत्र रूप से या संयुक्त उद्यम या संघ के रूप में बोली लगा सकते हैं। बोलीदाता या इकाई एक भारतीय कंपनी होनी चाहिए। जो देश के कानूनों और विनियमों का अनुपालन करती हो। यहां बता दें कि अभी तक देश में केवल एचएएल ही लड़ाकू विमान बनाने वाली एकमात्र कंपनी थी। लेकिन अब उसे इस मामले में निजी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी पड़ेगी।

**आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा :** मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) उद्योग साझेदारी के माध्यम से किया जाएगा। यह मंजूरी एम्का का प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए स्वदेशी विशेषज्ञता, क्षमता और सामर्थ्य का उपयोग करने की दिशा में एक जरूरी पहल है। साथ ही यह एयरोस्पेस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रमुख उपलब्धि होगी। एडीए जल्द ही एम्का विकास चरण के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी करेगी।

**पीएम ने दी लड़ाकू विमान कार्यक्रम को मंजूरी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) ने पिछले साल 2024 में लड़ाकू विमान कार्यक्रम को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की थी। परियोजना पर आने वाली शुरुआती लागत लगभग 15 हजार करोड़ रुपए आंकी गई है। वायुसेना एम्का परियोजना को अपनी दीर्घावधि जरूरतों के मद्देनजर आगे बढ़ा रही है। इसके विकास को लेकर प्रदर्शित किया गया भारत का विश्वास स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस के विकास के बाद इस दिशा में लगाई गई बड़ी छलांग है।

## फर्जी हाजिरी लगाकर उठा रहे थे सैलरी

# रोहतास के 10 शिक्षकों पर गिरी गाज, शोकॉज जारी

एजेंसी ▶▶ रोहतास

बिहार के रोहतास जिले में ई- शिक्षा कोष एप से फर्जी हस्ताक्षर करने के मामले में डीईओ ने बिना कार्य किए वेतन प्राप्त करने के आरोप में कई शिक्षकों की सेवा समाप्ति की कार्रवाई की चेतावनी के साथ तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक वेतन भुगतान पर रोक लगा दी है। विभाग द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण बहाल करने तथा नियमित रूप से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए ई -शिक्षा कोष एप के माध्यम से उपस्थित दर्ज करने का निर्देश दिया गया। लेकिन नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए विद्यालय में उपस्थित हुए बिना फर्जी ढंग से उपस्थिति दर्ज करने के मामले में करगहर के 10 शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिसमें करगहर प्रखंड के मध्य विद्यालय बसतलवा के शिक्षक संतोष कुमार सिंह, अकोढ़ी मध्य विद्यालय की शिक्षिका खुशबू कुमारी और मयूरी गुप्ता, मध्य विद्यालय शाहमल खैरा के धनंजय पासवान, तोरनी मध्य विद्यालय के दिलीप कुमार, मध्य विद्यालय बकसड़ा के शिक्षक सनी राजवंता तथा मध्य विद्यालय बिशोडिहरी की प्रधानाध्यापिका मीना देवी आदि के नाम शामिल हैं।




## बच्चे की देखभाल खातिर पहुंचीं सुप्रीम कोर्ट

# झारखंड में महिला जज को नहीं मिली 'चाइल्ड केयर लीव'

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड की एक महिला न्यायिक अधिकारी ने चाइल्ड केयर लीव देने से इनकार किए जाने को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख किया गया। पीठ ने 29 मई को मामले की सुनवाई करने पर सहमति जताई है।

महिला न्यायिक अधिकारी की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि वह एक एडिशनल डिस्ट्रिक जज और सिंगल पेरेंट (एकल अभिभावक) है। वकील ने कहा कि उन्होंने चाइल्ड केयर लीव मांगी थी क्योंकि, उसका तबादला किसी अन्य स्थान पर कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा मांगी गई छुट्टी को अस्वीकार कर दिया गया था। वकील ने कहा कि महिला ने 10 जून से दिसंबर तक चाइल्ड केयर लीव मांगी थी। सीजेआई ने पूछा, इसे क्यों अस्वीकार कर दिया गया? इस पर वकील ने जवाब देते हुए बताया कि इसके लिए कोई कारण नहीं बताया गया है। चाइल्ड केयर लीव एक विशेष प्रकार का अवकाश है जो महिला कर्मचारियों और एकल पुरुष कर्मचारियों को उनके बच्चों की देखभाल के लिए दिया जाता है। यह छुट्टी बच्चों के पालन-पोषण, बीमारी या किसी अन्य जरूरी मामले में उनके बच्चे की देखभाल के लिए ली जाती है।





# 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर रिलीज कॉमेडी का मिला फुल डोज...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे हिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी में से एक हाउसफुल एक बार फिर से दर्शकों को हंसी का फुल डोज देने के लिए तैयार है। 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर अब सामने आ चुका है और इसे देखकर फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। फिल्म में एक बार फिर से अक्षय कुमार और रितेश देशमुख की जोड़ी धमाल मचाने को तैयार है। साथ ही इस बार कॉमेडी का तड़का लगाने के लिए कई नए चेहरे भी नजर आने वाले हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख से लेकर संजय दत्त, जैकलीन फर्नांडिस, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा नजर आ रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं तरुण मनसुखानी।

## लाइफ Style



# नोरा
## अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड में बिखेरा जलवा

एजेंसी ⏭ मुंबई

अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2025 के 51वें संस्करण का आयोजन बीते दिन सोमवार को लास वेगास में हुआ। हालांकि, भारत में इसका प्रसारण मंगलवार की सुबह हुआ। इस समारोह में दुनिया भर के दिग्गज कलाकारों ने शिरकत की। इसी कणी में भारतीय अभिनेत्री नोरा फतेही ने भी शानदार प्रस्तुति दी, जिस कारण वहां मौजूद सभी लोगों का ध्यान एक्ट्रेस ने अपनी ओर खींच लिया।

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स में शामिल हुईं, जिसे अमेरिकन सिंगर जेनिफर लोपेज द्वारा आयोजित किया गया है। एक्ट्रेस ब्लैक कलर की वन पीस ड्रेस पहने नजर आ रही हैं, जिस पर शीशे और मोतियों से भी वर्क हुआ है। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है और हल्के मेकअप के साथ शानदार अंदाज में पोज देकर तस्वीरें क्लिक करा रही हैं, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अपने नवीनतम सिंगल म्यूजिक 'स्नेक' की सफलता के बाद से ऊंचाइयों को छू रही हैं, क्योंकि इसे काफी पंसद किया जा रहा है। इस संगीत में अभिनेत्री के साथ अमेरिकन गायक और डांसर जेसन डेरुलो भी शामिल हैं। दोनों के द्वारा तैयार किया गया यह ट्रैक 'स्नेक' न केवल बीबीसी एशियन म्यूजिक चार्ट में शीर्ष पर रहा, बल्कि 130 मिलियन से अधिक बार देखा गया। इस उपलब्धि ने दुनियाभर में अभिनेत्री के प्रशंसकों और भारतीय संगीत प्रेमियों को खुश कर दिया है। नोरा फतेही के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार 'द रायल्स' सीरीज में देखा गया था। इसके अलावा वह अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म 'बी हैप्पी' में भी नजर आईं थीं।

## हॉलीवुड मसाला



# पुरुष-महिला डांसर्स को किया किस

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड 2025 में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर हर कोई शॉक्ड रह गया। दरअसल, एक्टर-सिंगर जेनिफर लोपेज अवॉर्ड समारोह की ओपेनिंग सेरेमनी में परफॉर्मेंस दे रही थीं। तभी जेनिफर ने कुछ ऐसा किया कि वहां बैठे लोग हैरान रह गए। जेनिफर लोपेज ने अपन परफॉर्मेंस के दौरान स्टेज पर ही अपने साथ डांस करने वाले तीन बैकस्टेज डांसर्स को किस कर लिया। इनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल थे। जेनिफर ने अवार्ड शो की शुरुआत डांस मेडली से की, जिसमें उनके कई बैकअप डांसर्स के साथ एक धमाकेदार किस-ऑफ भी शामिल था।




# जस्टिन बीबर लाइव शो में हुए बेकाबू ...

**लॉस एंजिल्स।** म्यूजिक आइकॉन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्होंने लॉस एंजिल्स के सोफी स्टेडियम में सोलाना इमानी रोवे और केंड्रिक लैमर के 'ग्रैंड नेशनल टूर' कॉन्सर्ट में सरप्राइज अपीयरेंस से दर्शकों को हैरान कर दिया। उन्होंने स्टेज पर सोलाना इमानी रोवे के साथ परफॉर्म किया। लेकिन, देखते ही देखते सिंगर ने उनके हाथों पर चूमना शुरू कर दिया। उनकी ये हरकत कई यूजर्स को पसंद नहीं आई। वो ये कह रहे हैं कि ये सब देखकर उनकी बीवी हैली बीबर के ऊपर क्या बीत रही होगी! जस्टिन बीबर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और एक बार फिर सिंगर की मेंटल हेल्थ पर सवाल उठने लगे हैं। वो स्टेज पर गाना गाते-गाते कहीं खो से गए। फिर उन्होंने एसजेडए का हाथ चूम लिया। ये सबकुछ फैंस को अटपटा सा लग रहा है।



# लोगों से हजम नहीं हो रहा मेरा सम्मान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने हाल ही में 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी ग्लैमरस मौजूदगी से खूब सुर्खियां बटोरीं। इसी बीच हाल ही में अभिनेत्री का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उर्वशी एक होटल की सीढ़ियों पर पोज देती नजर आईं। इसके बाद एक इन्फलुएंसर ने दावा किया गया कि उन्होंने फोटोशूट के लिए रास्ता जाम कर दिया था, जिससे दूसरे लोगों को परेशानी हुई। इन आरोपों पर अब उर्वशी ने चुप्पी तोड़ ली है। उर्वशी ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट शेयर कर सभी आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। उन्होंने आगे लिखा कि कुछ लोग इस सच्चाई को पचा नहीं पा रहे कि एक भारतीय अभिनेत्री ग्लोबल लेवल पर इतनी सराहना पा रही है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा कि उनका फोटोशूट पूरी तरह से नियमों के तहत हुआ था।



# बिग बी ने जीवन संघर्ष पर किया पोस्ट

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। वे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम के अलावा ब्लॉग भी लिखते हैं। नियमित रूप से इन प्लेटफॉर्म पर वे अपने निजी और पेशेवर जिंदगी से जुड़ी चीजें शेयर करते हैं। हालांकि, पिछले कुछ वक्त से वे एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ब्लैंक पोस्ट कर रहे थे। मगर, अब यह सिलसिला तोड़ दिया है और पोस्ट के साथ कुछ विचार या अपडेट लिखते हैं। मंगलवार को उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर अपने दिवंगत पिता व कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की एक लाइन लिखी। 'जब तक जीवन है, तब तक संघर्ष है'। ये लाइनें कवि हरिवंश राय बच्चन की लिखी हुई हैं। अमिताभ बच्चन का पोस्ट आते ही हमतरह नेटिजन्स के रिएक्शन आने लगे।

## टीवी मसाला



# कभी मिलते थे 50 रुपए, 'जेठालाल' कैसे बने करोड़ों के मालिक...

**नई दिल्ली।** टीवी के सबसे चहेते किरदारों में से एक 'जेठालाल'को कौन नहीं जानता। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'में जेठालाल का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी ने 26 मई को अपना 57वां जन्मदिन मनाया। लेकिन, इस मुकाम तक पहुंचने की उनका सफर आसान नहीं रही। कभी 50 रुपए के लिए नाटकों में बैकस्टेज काम करने वाले दिलीप जोशी आज टीवी इंडस्ट्री के सबसे महंगे एक्टर्स में से एक हैं। दिलीप जोशी का जन्म 26 मई 1968 को गुजरात के पोरबन्दर में हुआ। उन्होंने काफी समय तक थिएटर किया और उसके बाद वो एक्टिंग में आए। उनका एक्टिंग कॅरियर फिल्मों से शुरू हुआ था। उन्होंने सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैंने प्यार किया' में रामू का किरदार निभाया था, जिसमें वो एक हाउस हेल्प के रोल में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने शाहरुख खान के साथ 'वन 2 का 4' में भी काम किया। फिल्म में उनका किरदार छोटा जरूर था, लेकिन दिल जीत लेने वाला था। इसके अलावा वो हम आपके हैं कौन, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, खिलाड़ी 420, दिल है तुम्हारा जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। सफलता की इस चमक के पीछे एक लंबा संघर्ष छिपा है। एक इंटरव्यू में दिलीप जोशी ने खुलासा किया था कि एक्टिंग में कॅरियर बनाने से पहले वो लगभग एक साल तक बेरोजगार रहे। इस दौरान उन्होंने एक ट्रेवल एजेंसी में को-ओनर के रूप में काम किया था। करीब पांच साल तक उन्होंने वहां काम किया, लेकिन उनका दिल तो एक्टिंग में ही था। जब काम नहीं मिला तो वो किसी भी छोटे-मोटे रोल को करने के लिए तैयार रहते थे।

## कुश शाह ने क्यों छोड़ा 'तारक मेहता' शो



**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'पिछले डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय से दर्शकों को एंटरटेन कर रहा है। इस दौरान कई सितारे इस शो से बाहर हो चुके हैं। हाल ही में गोली का किरदार निभाने वाले कुश शाह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'को छोड़ने को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि उन्हें शूटिंग की आज भी बहुत याद आती है। कुश ने यह भी कहा कि शो छोड़ना उनके लिए जरूरी था ताकि वह कुछ अलग कर सकें। मुझे सेट्स पर रहना बहुत याद आता है, क्योंकि वही मेरा घर था। लेकिन, मुझे अपने लिए यह फैसला लेना पड़ा, क्योंकि अब मैं 27 साल का हो गया हूं और मुझे लगा कि अब कुछ करने का वक्त आ गया है। मुझे लगता है कि यह शो हमेशा चलता रहेगा, क्योंकि दर्शक इसे प्यार करना बंद नहीं करेंगे। कुश शाह ने कहा, 'मुझे तारक मेहता शो, वहां के लोग, सब बहुत पसंद हैं। मैं उस माहौल का सच में दीवाना था। हमने कोविड के दौरान भी शूटिंग की थी। हम दमन शिफ्ट हो गए थे और वहीं शूट किया था। ऐसा एक भी दिन नहीं गया, जब मैं सुबह उठा हूं और कहीं जाना नहीं पड़ा हो।

# दीपिका के फिल्म छोड़ने पर भड़के संदीप वांगा...



**मुंबई।** मशहूर निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'स्पिरिट'को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब तृप्ति डिमरी को बतौर लीड एक्ट्रेस शामिल किया गया है। लेकिन, दीपिका पादुकोण के फीस और काम के घंटों को लेकर फिल्म छोड़ने का विवाद अब गहराता जा रहा है। क्योंकि, अपने बेबाक बयानों के लिए मशहूर संदीप रेड्डी वांगा दीपिका पादुकोण के इस फैसले से नाखुश हैं। निर्देशक ने सोशल मीडिया पर क्रिप्टिक पोस्ट किया है, जिसे दीपिका पादुकोण से जोड़कर देखा जा रहा है। संदीप ने लिखा है, जब मैं किसी एक्टर को कहानी सुनाता हूं, तो मैं उस पर 100% भरोसा करता हूं। हमारे बीच एक अनकहा एनडीए (नॉन डिस्क्लोज एग्रीमेंट) होता है। लेकिन, ऐसा करके, आपने उस व्यक्ति को डिस्क्लोज कर दिया है, सामने ला दिया है, जो आप वास्तव में हैं। एक युवा एक्टर को नीचा दिखाना और मेरी कहानी को बाहर करना? क्या यही आपका फेमिनिस्म है? एक फिल्म निर्माता के रूप में मैंने अपने क्राफ्ट के पीछे सालों की कड़ी मेहनत की है। मेरे लिए फिल्म मेकिंग ही सब कुछ है।

# संजय दत्त की वो ब्लॉकबस्टर, जिसे साउथ ने 4 बार किया कॉपी-पेस्ट...

*नई दिल्ली। संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय और अनिल कपूर ने रिजेक्ट किया था।राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने संजय के करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। यूं तो संजय दत्त ने कॅरियर में कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। मगर एक ब्लॉकबस्टर ऐसी है जिसे शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय से लेकर अनिल कपूर जैसे स्टार्स ने रिजेक्ट कर दिया था। मगर जब संजय दत्त ने वो फिल्म की, तो ये उनके कॅरियर के लिए जैकपॉट साबित हुई। साउथ में भी कई भाषाओं में इसके रीमेक बने और सब के सब हिट साबित हुए।*

**सुनील दत्त भी आए थे नजर :** ये है 'मुन्नाभाई एमबीबीएस'। जिसे राजकुमार हिरानी ने लिखा और डायरेक्ट भी किया। साल 2003 में आई इस फिल्म ने एक बार फिर संजय दत्त के कॅरियर की जड़े मजबूत कर दी। जिसमें उनके पिता सुनील दत्त भी नजर आए थे। इसके अलावा अरशद वारसी, रोहिणी और ग्रेसी सिंह भी फिल्म का हिस्सा थे।



**मिला था नेशनल अवॉर्ड :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को न सिर्फ समीक्षकों और फैंस ने पसंद किया, बल्कि साल 2004 में बेस्ट पॉपुलर फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। ये शुरुआत में शाहरुख खान, आर माधवन, अनिल कपूर और विवेक ओबेरॉय के पास भी पहुंची थीं, लेकिन फिर उन्होंने रिजेक्ट कर दी थी।

**'लगे रहो मुन्ना भाई' भी सुपरहिट हुआ साबित :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का बजट 12 करोड़ रुपए था और इसने 33 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म इतनी हिट हुई कि 2006 में इसका सीक्वल 'लगे रहो मुन्ना भाई' भी आया और वो भी सुपरहिट साबित हुआ। मुन्ना भाई 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को हॉलीवुड फिल्म 'पैच एडम्स' से प्रेरित बताया जाता है, जिसमें रॉबिन विलियम्स ने लीड रोल निभाया था।


**ये फिल्में हैं 'एमबीबीएस' का रीमेक :** अब आते हैं साउथ रीमेक पर, तो 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का तेलुगु में 2004 में बना 'शंकर दादा 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का रीमेक थी, जिसमें चिरंजीवी और सोनाली बेंद्रे थे। फिल्म सुपरहिट रही। उसी साल तमिल में बना 'वसूल राजा एमबीबीएस ', जिसमें कमल हासन लीड रोल में थे। ये भी हिट रही। 2007 में कन्नड़ में बनी 'उप्पी दादा एमबीबीएस, जिसमें उपेन्द्र थे, लेकिन फिल्म कुछ खास नहीं चली। 2017 में श्रीलंका में सिंहला भाषा में बनी 'डॉ. नवारियन', जिसमें रंजन रमणायके थे और ये फिल्म वहां भी हिट साबित हुई। इस तरह 'मुन्नाभाई एमबीबीएस ' का जहां-जहां रीमेक बना उनके लिए ये फिल्म किसी खजाना से कम नहीं रही।

## अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए किया गया सम्मानित

# सामंथा-शिल्पा से लेकर सारा तेंदुलकर तक, इवेंट में लगा सेलेब्स का जमावड़ा

*मुंबई। बीते सोमवार को एक अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया। इस अवॉर्ड नाइट में बॉलीवुड की कई हस्तियां मौजूद रहीं। जिनमें शिल्पा शेट्टी, भूमि पेडनेकर, सामंथा रुथ प्रभु, अदिति राव अलाया एफ, टाइगर श्रॉफ, जायद खान और सारा तेंदुलकर भी मौजूद रहीं। इस अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए सम्मानित किया गया। अब इस अवॉर्ड नाइट से सेलेब्रिटीज के लुक्स काफी वायरल हो रहे हैं।*

### ब्लैक एंड व्हाइट ड्रेस में खूबसूरत लगीं शिल्पा



इस कार्यक्रम में शिल्पा शेट्टी ब्लैक एंड व्हाइ कलर की फैशनेबल ड्रेस में नडर आईं। शिल्पा ने अपने इंस्टाग्राम पर भी इस इवेंट से अपने लुक की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए।

### फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस में पहुंचीं सामंथा



साउथ से बॉलीवुड का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस-प्रोड्यूसर सामंथा रुथ प्रभु भी इस अवॉर्ड नाइट में खूबसूरत लगीं। सामंथा ने एक स्लीक, फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस पहनी। जिसमें स्टाइलिश साइड कट-आउट हैं, जिसमें लेस-अप डिजाइन है जो बाजुओं के नीचे से हेम तक जाता है। उनके आउटफिट को ब्लैक और गोल्ड पॉइंटेड-टो हील्स के साथ पेयर किया गया है। उनके बालों में ढीले, चमकदार लहरें हैं। सामंथा ने कैमरे के सामने काफी पोज भी दिए।

### सारा तेंदुलकर भी आईं अवॉर्ड नाइट में नजर




इस अवॉर्ड नाइट में भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर भी पहुंची। ऑफ शोल्डर ब्लैक ड्रेस में सारा बेहद खूबसूरत नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपने बालों में एक बन बनाया हुआ था।

### स्टाइलिश ड्रेस में भूमि ने बिखेरा हॉटनेस का जलवा



हाल ही में वेब सीरीज 'द रॉयल्स' में अपनी हॉट अदाएं दिखाने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर भी इस कार्यक्रम में शिरकत पहुंचीं। भूमि पेडनेकर ने बकाइन और क्रीम धारियों वाला एक फ्लोर-लेंथ गाउन में अवॉर्ड समारोह के रेड कार्पेट पर उतरीं। एक स्टाइलिश ओवरसाइज्ड ऑफ-व्हाइट केप-स्टाइल ड्रेप वाली ड्रेस में भूमि काफी खूबसूरत नजर आईं।

### खूबसूरत नजर आईं अदिति राव हैदरी

अवॉर्ड नाइट में एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी एक ऑफ शोल्डर स्टाइलिश ड्रेस में पहुंचीं। चमकदार ब्लैक एंड गोल्डेन कलर की लॉन्ग स्कर्ट में अदिति बेहद खूबसूरत लगीं। उन्होंने एक स्लीक बन और बोल्ड इयररिंग्स के साथ अपने लुक को कंपलीट किया।

### अलाया एफ का हॉट लुक

अभिनेत्री अलाया एफ भी इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं। अलाया एक स्टाइलिश ड्रेस में बेहद हॉट नजर आईं। अलाया सिल्वर कलर के स्टाइलिश टॉप और ब्लैक कलर की स्टाइलिश लॉन्ग कट वाली स्कर्ट में रेड कार्पेट पर उतरीं।

खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों के सम्मेलन में 4376.30 करोड़ रुपए का निवेश, सृजित होंगे 6164 रोजगार

# जीआईएस के बाद राज्य में 1744 एकड़ भूमि 46 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मना रहे हैं। यह अद्भुत समय चल रहा है। मप्र में निवेश की खुशबू देशभर में फैल रही है। प्रदेश में विकास का क्रम जारी है। इस विकास यात्रा में सभी राज्यों के उद्योगपतियों का स्वागत है।

जहां जनप्रतिनिधि, उद्योगपति, अधिकारी साथ में मिलकर प्रदेश के औद्योगिक विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। मुझे प्रसन्नता है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) 2025 के फरवरी में आयोजन के बाद पूरे देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी मप्र में निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को नरसिंहपुर जिले में कृषि उद्योग समागम में खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि जीआईएस में 65 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री ने 15 औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों को आवंटन आदेश और आशय पत्र वितरित किए।

उन्होंने कहा कि बदलती तकनीक के दौर में हमें टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ाना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मेड इन इंडिया का दौर

नरसिंहपुर में 52 कृषि आधारित औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन और लोकार्पण



15 औद्योगिक इकाइयों को वितरित किए आवंटन आदेश एवं आशय पत्र

## कृषकों की आय बढ़ाने और युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

### 1744 एकड़ भूमि 46 औद्योगिक इकाइयों को आवंटित की

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 (जीआईएस) के सफल आयोजन के बाद मप्र में उद्योगों के लिए नए अवसर सृजित हुए हैं। राज्य सरकार की ओर से 1744 एकड़ भूमि 46 औद्योगिक इकाइयों को आवंटित की गई है। इन इकाइयों में लगभग 24,500 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है, जिससे लगभग 35,000 रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है। भूमि आवंटन प्राप्त प्रमुख औद्योगिक इकाइयों में मे. पतंजलि ग्रुप, रीवा को सर्वाधिक 433 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। इसके अलावा मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट, सीधी को 264 एकड़, मे. बीईएमएल, रायसेन को 148 एकड़, मे. गौतम सोलार को 55 एकड़ एवं मे. ग्लेक्सो स्मीथ एशिया प्रा. को 40 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के कार्यक्रम में कुल 52 इकाईयों से रू. 4376 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे 6100 से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इन निवेश प्रस्तावों के राज्य में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।*

### कृषकों की आय को बढ़ाया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नरसिंहपुर जिला गन्ने की फसल के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि गन्ने की फसल के लिए स्प्रिंक्लर सिंचाई का लक्ष्य बढ़ाया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह हमारा संकल्प है कि कृषकों की आय को बढ़ाया जाएगा। हमारी सरकार का प्रयास है कि कृषकों को उनके उत्पादों के सही दाम मिले। खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों की अधिक से अधिक स्थापना होगी। खेती, बागवानी, फल-सब्जी उत्पादन सभी क्षेत्रों में बजट को बढ़ाया गया है।

### नरसिंहपुर में कृषि आधारित और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए अपार संभावनाएं

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कृषि उद्योग समागम-2025 के नरसिंहपुर जिले में आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हार्दिक अभिनंदन और आभार माना। उन्होंने देश भर से आए निवेशकों, उद्योपतियों का आयोजन में सम्मिलित होने पर आभार भी व्यक्त किया।

### नरसिंहपुर में पहला ऐतिहासिक समागमः कृषि और उद्योग का अनूठा संगम

नर्मदा शुगर फैक्ट्री के प्रबंध संचालक विवेक माहेश्वरी ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से कृषि और उद्योग के बीच एक मजबूत सेतु स्थापित किया गया है। उन्होंने नरसिंहपुर जिले के किसानों का आभार प्रकट करते कहा कि गन्ने से एथेनॉल का उत्पादन भी हो रहा है, जिससे देश का पेट्रोलियम आयात घट रहा है और भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। कार्यक्रम में कई मंत्री, सांसद, स्थानीय विधायक, कृषि उद्यमी व अनेक लोग शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहा है आशातीत विकास

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा कि जब से डॉ. यादव ने प्रदेश की बागडोर संभाली है, तब से मप्र हर क्षेत्र में आशातीत प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में औद्योगिक समृद्धि और कृषि नवाचार के बीच समन्वय स्थापित कर राज्य को नई ऊंचाइयों पर अग्रसर किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण अनुपम राजन ने कहा कि प्रदेश में कृषि और उद्यानिकी के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र सिंह ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से निवेशकों के हित में बनाई गई नीतियां देशभर में मिसाल बन रही हैं। मप्र देश का ऐसा राज्य है, जहां एमएसएमई नीति और स्टार्टअप नीति को सबसे उत्कृष्ट माना जा रहा है।

## नक्सल पीड़ितों को आवंटित किए मकानों का भूमि पूजन

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत एक विशेष पहल चल रही है, जिसके अंतर्गत 38 आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल प्रभावित परिवारों को स्थायी मकान दिए जा रहे हैं। गीदम विकासखंड के ग्राम पंचायत झोड़ियाबाड़म में इन मकानों का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। दंतेवाड़ा में आत्म समर्पित नक्सली मानु मांडवी ने बताया कि मैं नक्सलियों को सामान सप्लाई करता था। मैंने 2020 में आत्मसमर्पण किया। अभी तक हम किराए पर रह रहे थे। अब सरकार की तरफ से मकान मिल रहा है। हम खुश हैं। दंतेवाड़ा कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नक्सल प्रभावित परिवारों के लिए विशेष अभियान चलाया गया और सभी परिवारों का सर्वेक्षण किया गया। उन्हें भूमि आवंटित करते हुए, प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी में घरों के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। यह दूसरों के लिए एक मॉडल के रूप में काम करेगा। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन तेज गति से किया जा रहा है।

## खनिज ब्लॉकों के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

भोपाल। प्रमुख सचिव खनिज उमाकांत उमराव ने कहा कि खनिज ब्लॉकों के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने इसके व्यापक आर्थिक लाभों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय कमेटी गठित की गई है।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 03**
**निविदा संख्या 10255033A खुलने की तिथि 27.05.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 27.05.2025 से बढ़ाकर 06.06.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोटः** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह चतुर्थ शुद्धिपत्र है।

दिनांकः 26.05.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1575/25



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **रोहित और आशीष उर्फ गोलू पुत्र** राजेश कुमार **पताः** मकान नंबर एल–13, राजीव नगर एक्सटेंशन, बेगमपुर रोहिणी नई दिल्ली, ने **FIR No. 198/23, U/s 356/379/34 IPC थानाः द्वारका उत्तर नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित और आशीष उर्फ गोलू,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित और आशीष उर्फ गोलू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 198/23, U/s 356/379/34 IPC थानाः द्वारका उत्तर नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **रोहित और आशीष उर्फ गोलू,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री नीतिका कपूर
जेएमएफसी–06, कमरा नंबर 514
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/6286/DW/2025
(Court Matter)



**बी जे डुप्लेक्स बोर्ड्स लिमिटेड**

CIN: L21090DL1995PLC066281
पंजी. कार्यालय : म. नं. 54, जी/एफ न्यू राजधानी एंक्लेव, निकट एमसीडी पार्क, नई दिल्ली–110092
Email Id: admin@anandpulp.com; Website: www.bjduplexboard.com

**31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम**

रु. लाखों में

| | विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2025 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2025 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | (7.60) | (3.76) | (33.19) | (21.23) | (74.47) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/ अथवा असामान्य मदों के बाद) | (7.60) | (3.76) | (33.19) | (21.23) | (74.47) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/ (हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (7.60) | (3.76) | (33.19) | (21.23) | (74.47) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (7.60) | (3.76) | (33.19) | (21.23) | (74.47) |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 49.29 | 49.29 | 49.29 | 49.29 | 49.29 |
| 7 | अन्य इक्विटी | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | (202.84) |
| 8 | अर्जन प्रति इक्विटी शेयर (अनिरंतर और निरंतर प्रचालनों हेतु) : | | | | | |
| | (1) बेसिक | (0.15) | (0.08) | (0.67) | (0.43) | (1.51) |
| | (2) डायल्युटेड | (0.15) | (0.08) | (0.67) | (0.43) | (1.51) |

टिप्पणी :
1. इन अंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और मंगलवार, 27 मई 2025 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर दिये गये हैं।
2. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत बीएसई लिमिटेड और दि कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड ("दि स्टॉक एक्सचेंजेज") के पास दायर किये गये 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। इन वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.bjduplexboard.com पर उपलब्ध हैं। ये नीचे दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करके देखे जा सकते हैं :

कृते बीजे डुप्लेक्स बोर्ड्स लिमिटेड
हस्ता./–
मयंक गुप्ता
(पूर्णकालिक निदेशक)
डीआईएन : 03601839

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.05.2025


## आठ-आठ लाख सहित कुल 39 लाख का था इनाम



# 4 कुख्यात नक्सलियों समेत 18 ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

बटालियन नंबर एक में सक्रिय चार हार्डकोर नक्सली समेत 18 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। दो नक्सलियों पर आठ-आठ लाख रुपये समेत कुल 39 लाख का इनाम घोषित है। सुकमा और बीजापुर इलाके में कई बड़ी घटनाओं में शामिल थे नक्सली। पुनर्वास नीति और नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर सभी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। सभी को प्रोत्साहन राशि दी गई और पुनर्वास नीति का लाभ दिया जायेगा।



कोरबा के एसईसीएल गेवरा कोयला खदान का मामला

# कोयला चोरी करने गए दो युवकों की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के एसईसीएल गेवरा कोयला खदान में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। जिसमें दो युवकों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। ये तीनों युवक कोयला चोरी करने के लिए खदान में घुसे थे। मृतकों की पहचान विशाल यादव (18 वर्ष) और धन सिंह कंवर (24 वर्ष) के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक की पहचान साहिल धनवार (19 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल मौके पर पहुंचे। घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए सीसीएल प्रबंधन और पुलिस को रेस्क्यू बाहर निकालने को कहा है। कटघोरा विधायक अभी घटना स्थल पर ही मौजूद हैं। कोयला चोरी करने के लिए खदान में घुसना युवकों को महंगा पड़ गया। इस हादसे में विशाल यादव और धन सिंह कंवर की मौत हो गई। वहीं तीसरा किसी तरह बाहर निकला और गांव जा कर घटनाक्रम की जानकारी दी। जहां तीसरा लड़का साहिल धनवार घायल है। उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है। हरदी बाजार पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। कोयला चोरी की वारदातें आज भी थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एसईसीएल पीआरओ बिलासपुर शनिष चन्द्र ने बताया कि एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट में खनन गतिविधियों के संचालन में कोई दुर्घटना नहीं हुई है।

# बेशकीमती खजाना है जल, इसे बर्बाद न करें : शिवराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की विकसित भारत संकल्प पदयात्रा, दूसरे दिन सोमवार को बुधनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिजला जोड़, चांदा ग्रहण जोड़ और भैरूंदा पहुंची, जहां शिवराज सिंह ने उपस्थितजनों से केंद्र सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में चर्चा की। पदयात्रा के दौरान शिवराज सिंह ने सबसे पहले बिजला जोड़ में युवाओं से भेंट कर उनसे संवाद किया, इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर और हमारी सेनाओं के शौर्य व पराक्रम की सबने सराहना की। फिर स्ट्रीट वेंडर योजना व विश्वकर्मा योजना के हितग्राहियों से भी संवाद किया। केन्द्रीय मंत्री चौहान पदयात्रा के दौरान जल जीवन मिशन की कलश यात्रा में शामिल हुए और मंच से जनता को जल संरक्षण के लिए संकल्प भी दिलाया। संकल्प दिलाते हुए शिवराज सिंह ने कहा कि हम शपथ लेते है कि जल का संरक्षण करेंगे और जल का विवेकपूर्ण उपयोग करेंगे। हम प्रतिज्ञा लेते हैं कि जल के इस बेशकीमती खजाने का उपयुक्त उपयोग करेंगे और जल को बर्बाद नहीं करेंगे।


**फ्रिक इंडिया लिमिटेड**

CIN : L74899HR1962PLC002618
**पंजीकृत कार्यालयः** 21.5 किलोमीटर, मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद, 121003
**टेलीफोन नंबर** 01292275691–94 **ईमेलः** fbd@frickmail.com **वेबसाइटः** www.frickweb.com

**31.03.2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए स्टैंडअलोन ऑडिटेड वित्तीय परिणाम**

(लाखों में रु.)

| क्र. स. | विवरण | तिमाही समाप्त 31.03.2025 लेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31.03.2024 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2025 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2024 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | राजस्व | | | | | |
| I | परिचालन से राजस्व | 13,565.14 | 12,512.36 | 15,137.78 | 43,694.44 | 48,128.91 |
| II | अन्य आय | 129.63 | 245.14 | 356.14 | 1,068.15 | 1,239.84 |
| III | कुल आय (I+II) | 13,694.77 | 12,757.50 | 15,493.92 | 44,762.59 | 49,368.75 |
| IV | व्यय | | | | | |
| | उपभोग की गई सामग्री की लागत | 7,597.35 | 8,118.09 | 9,853.73 | 28,765.51 | 32,654.48 |
| | तैयार माल की सूची में परिवर्तन, कार्य–प्रगति और स्टॉक–इन–ट्रेड | 1,263.79 | 588.04 | 1,043.08 | 577.95 | 980.88 |
| | कर्मचारी लाभ व्यय | 1,826.60 | 1,529.10 | 1,722.98 | 6,327.33 | 5,989.70 |
| | वित्त लागत | 78.63 | 70.00 | 95.84 | 264.21 | 325.86 |
| | मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय | 113.49 | 96.27 | 71.49 | 333.62 | 238.39 |
| | अन्य व्यय | 1,224.24 | 986.42 | 1,282.06 | 3,875.31 | 3,886.73 |
| | कुल व्यय (IV) | 12,104.10 | 11,387.92 | 14,069.18 | 40,143.93 | 44,076.04 |
| V | कर से पहले लाभ (III&IV) | 1,590.67 | 1,369.58 | 1,424.74 | 4,618.66 | 5,292.71 |
| VI | कर व्यय | | | | | |
| | ए) चालू कर | 413.29 | 378.51 | 354.27 | 1,215.00 | 1,339.40 |
| | बी) आस्थगित कर | (44.54) | (57.99) | (13.83) | (70.80) | (22.91) |
| | सी) पिछले वर्षों के लिए आयकर | (9.22) | – (256.13) | (9.22) | (256.13) | |
| | कुल कर (VI) | 359.53 | 320.52 | 84.31 | 1,134.98 | 1,060.36 |
| VII | अवधि के लिए कर के बाद लाभ (V-VI) | 1,231.14 | 1,049.06 | 1,340.43 | 3,483.68 | 4,232.35 |
| VIII | अन्य व्यापक आय (करों के बाद शुद्ध) | | | | | |
| | (ए) (i) आइटम जिन्हें पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा लाभ या हानिः | (3.69) | (4.01) | (16.03) | (15.71) | (16.03) |
| | (ii) आइटम से संबंधित आयकर जो लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किए जाएंगेः | 0.92 | 1.00 | 26.85 | 3.95 | 4.03 |
| | (बी)(i) आइटम जो लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत किए जाएंगेः | – | – | (5.74) | – | – |
| | (ii) आय उन मदों से संबंधित कर जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगाः | – | – | – | – | – |
| | कुल अन्य व्यापक आय (VIII) | (2.77) | (3.01) | 5.08 | (11.76) | (12.00) |
| IX | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (VII+VIII) | 1,228.37 | 1,046.05 | 1,345.51 | 3,471.92 | 4,220.35 |
| X | अन्य इक्विटी | | | | 30,219.71 | 27,311.77 |
| XI | पेड–अप इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10/– रुपये) | 599.98 | 599.98 | 60.00 | 599.98 | 60.00 |
| | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (रुपये/शेयर) | | | | | |
| | ए) मूल ईपीएस – वार्षिकीकृत नहीं | 20.52 | 17.49 | 22.34 | 58.06 | 70.54 |
| | बी) डाइलूटेड ईपीएस – वार्षिकीकृत नहीं | 20.52 | 17.49 | 22.34 | 58.06 | 70.54 |

नोट्सः
1. उपरोक्त परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई तथा दिनांक 27.05.2025 को आयोजित संबंधित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर रिकॉर्ड में ले लिया गया तथा कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा इसकी सीमित समीक्षा की गई।
2. कंपनी मुख्य रूप से औद्योगिक प्रशीतन और एयर कंडीशनिंग सिस्टम के निर्माण, आपूर्ति और निष्पादन के व्यवसाय में लगी हुई है। चूंकि इन गतिविधियों की मूल प्रकृति जोखिम और रिटर्न के एक ही सेट द्वारा नियंत्रित होती है, इसलिए, IND AS 108 "ऑपरेटिंग सेगमेंट" के अनुसार इसका केवल एक रिपोर्ट करने योग्य सेगमेंट है।
3. शेयरधारकों ने 17 सितंबर 2024 को डाक मतपत्र के जरिए कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी को ₹ 300.00 लाख (प्रत्येक ₹ 10 के 30,00,000 इक्विटी शेयरों में विभाजित से ₹ 2,000.00 लाख तक (प्रत्येक ₹ 10 के 2,00,00,000 इक्विटी शेयरों में विभाजित) बढ़ाने को मंजूरी दी है और 9:1 के अनुपात में जनरल रिजर्व के पूंजीकरण के जरिए बोनस शेयर जारी करने को भी मंजूरी दी है। तदनुसार, 4 अक्टूबर 2024 को कंपनी के निदेशक मंडल ने 5,99,975 नग के मुकाबले ₹ 10 प्रत्येक के अंकित मूल्य वाले 53,99,775 नग इक्विटी शेयर आवंटित किए थे। कंपनी में पूर्णतः प्रदत्त कुल इक्विटी शेयरों में से तथा निर्गम के पश्चात, कंपनी की निर्गमित, सब्सक्राइब्ड एवं प्रदत्त शेयर पूंजी ₹ 599.98 लाख (₹ 10 प्रत्येक मूल्य के 59,99,750 इक्विटी शेयरों में विभाजित)।
4. निदेशक मंडल ने आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन 0.40/– रुपये प्रति शेयर (पिछले वर्ष 4.00 रुपये प्रति शेयर अर्थात अंकित मूल्य का 40%) के लाभांश की सिफारिश की है।
5. तिमाही के दौरान, फ्रिक इंडिया लिमिटेड (एफआईएल) ने 13 जनवरी, 2025 को मेसर्स मायेकावा मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड, जापान (मायेकावा) के साथ संयुक्त उद्यम समझौता किया है और 27 फरवरी 2025 को एक नई कंपनी मायकॉम–एफआईएल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एक संयुक्त उद्यम इकाई) (जेवी कंपनी) को शामिल किया है। 31 मार्च 2025 तक जेवी कंपनी की कुल भुगतान की गई इक्विटी शेयर पूंजी मायेकावा– 55% और एफआईएल– 45% के अनुपात में 1,000.00 लाख रुपये है।
6. पिछली अवधियों/वर्ष के आंकड़ों को, जहाँ भी आवश्यक हो, पुनः समूहीकृत/पुनर्व्यवस्थित किया गया है। 31 मार्च 2025 और 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही के आंकड़े पूरे वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक समीक्षा किए गए वर्ष–दर–वर्ष आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं।

बोर्ड की ओर से
फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ता./–
जसमोहन सिंह
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआइएन : 00383412

दिनांक : 27.05.2025
स्थान : दिल्ली



**फ्रिक इंडिया लिमिटेड**

CIN : L74899HR1962PLC002618
**पंजीकृत कार्यालयः** 21.5 किलोमीटर, मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद, 121003
**टेलीफोन नंबर** 01292275691–94 **ईमेलः** fbd@frickmail.com **वेबसाइटः** www.frickweb.com

**31.03.2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए समेकित लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम**

(लाखों में रु.)

| क्र. स. | विवरण | तिमाही समाप्त 31.03.2025 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2025 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|
| | राजरव | | |
| I | परिचालन से राजस्व | 13,565.14 | 43,694.44 |
| II | अन्य आय | 129.63 | 1,068.15 |
| III | कुल आय (I+II) | 13,694.77 | 44,762.59 |
| IV | व्यय | | |
| | उपभोग की गई सामग्री की लागत | 7,597.35 | 28,765.51 |
| | तैयार माल, कार्य–प्रगति और स्टॉक–इन–ट्रेड की सूची में परिवर्तन | 1,263.79 | 577.95 |
| | कर्मचारी लाभ व्यय | 1,826.60 | 6,327.33 |
| | वित्त लागत | 78.63 | 264.21 |
| | मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय | 113.49 | 333.62 |
| | अन्य व्यय | 1,224.24 | 3,875.31 |
| | कुल व्यय (IV) | 12,104.10 | 40,143.93 |
| V | संयुक्त उद्यम के (हानि) के हिस्से और कर से पहले लाभ (III-IV) | 1,590.67 | 4,618.66 |
| VI | संयुक्त उद्यम के (हानि) के हिस्से (VI) | (18.10) | (18.10) |
| VII | कर से पहले लाभ (V+VI) | 1,572.57 | 4,600.56 |
| VII | कर व्यय | | |
| | ए) चालू कर | 413.29 | 1,215.00 |
| | बी) आस्थगित कर | (44.54) | (70.80) |
| | सी) पिछले वर्षों के लिए आयकर | (9.22) | (9.22) |
| | कुल कर (VII) | 359.53 | 1,134.98 |
| VIII | अवधि के लिए कर के बाद लाभ (VII-VIII) | 1,213.04 | 3,465.58 |
| IX | अन्य व्यापक आय (करों के बाद शुद्ध) | | |
| | (ए) (I) आइटम जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगाः | (3.69) | (15.71) |
| | (ii) आइटम से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगाः | 0.92 | 3.95 |
| | (बी) (i) आइटम जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत किया जाएगाः | – | – |
| | (ii) आइटम से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगाः | – | – |
| | कुल अन्य व्यापक आय (IX) | (2.77) | (11.76) |
| X | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (VIII+IX) | 1,210.27 | 3,453.82 |
| XI | अन्य इक्विटी | | 30,201.61 |
| XII | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (फेस 10/– रुपये प्रति शेयर का मूल्य) | 599.98 | 599.98 |
| | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (रुपये/षेयर) | | |
| | क) मूल ईपीएस – वार्षिकीकृत नहीं | 20.22 | 57.76 |
| | ख) डाइलूटेड ईपीएस – वार्षिकीकृत नहीं | 20.22 | 57.76 |

नोट्सः
1. उपरोक्त परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई तथा दिनांक 27.05.2025 को आयोजित संबंधित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर रिकॉर्ड में ले लिया गया तथा कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा इसकी सीमित समीक्षा की गई।
2. कंपनी मुख्य रूप से औद्योगिक प्रशीतन और एयर कंडीशनिंग सिस्टम के निर्माण, आपूर्ति और निष्पादन के व्यवसाय में लगी हुई है। चूंकि इन गतिविधियों की मूल प्रकृति जोखिम और रिटर्न के एक ही सेट द्वारा नियंत्रित होती है, इसलिए, IND AS 108 "ऑपरेटिंग सेगमेंट" के अनुसार इसका केवल एक रिपोर्ट करने योग्य सेगमेंट है।
3. शेयरधारकों ने 17 सितंबर 2024 को डाक मतपत्र के जरिए कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी को ₹ 300.00 लाख (प्रत्येक ₹ 10 के 30,00,000 इक्विटी शेयरों में विभाजित से ₹ 2,000.00 लाख तक (प्रत्येक ₹ 10 के 2,00,00,000 इक्विटी शेयरों में विभाजित) बढ़ाने को मंजूरी दी है और 9:1 के अनुपात में जनरल रिजर्व के पूंजीकरण के जरिए बोनस शेयर जारी करने को भी मंजूरी दी है। तदनुसार, 4 अक्टूबर 2024 को कंपनी के निदेशक मंडल ने 5,99,975 नग के मुकाबले ₹ 10 प्रत्येक के अंकित मूल्य वाले 53,99,775 नग इक्विटी शेयर आवंटित किए थे। कंपनी में पूर्णतः प्रदत्त कुल इक्विटी शेयरों में से तथा निर्गम के पश्चात, कंपनी की निर्गमित, सब्सक्राइब्ड एवं प्रदत्त शेयर पूंजी ₹ 599.98 लाख (₹ 10 प्रत्येक मूल्य के 59,99,750 इक्विटी शेयरों में विभाजित)।
4. निदेशक मंडल ने आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन 0.40/– रुपये प्रति शेयर (पिछले वर्ष 4.00 रुपये प्रति शेयर अर्थात अंकित मूल्य का 40%) के लाभांश की सिफारिश की है।
5. तिमाही के दौरान, फ्रिक इंडिया लिमिटेड (एफआईएल) ने 13 जनवरी 2025 को मेसर्स मायेकावा मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड, जापान (मायेकावा) के साथ संयुक्त उद्यम समझौता किया है और 27 फरवरी 2025 को एक नई कंपनी मायकॉम–एफआईएल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एक संयुक्त उद्यम इकाई) (जेवी कंपनी) को शामिल किया है। 31 मार्च 2025 तक जेवी कंपनी की कुल भुगतान की गई इक्विटी शेयर पूंजी मायेकावा– 55% और एफआईएल– 45% के अनुपात में 1,000.00 लाख रुपये है। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, कंपनी ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अपने समेकित वित्तीय परिणाम तैयार किए हैं। इस प्रकार, पिछली अवधि / वर्ष के समेकित आंकड़े नहीं दिए गए हैं क्योंकि उन अवधि में एक संयुक्त उद्यम था।

बोर्ड की ओर से
फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ता./–
जसमोहन सिंह
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआइएन : 00383412


दिनांक : 27.05.2025
स्थान : दिल्ली

## चिंतन

# भारतीय कूटनीतिक मिशन को सफल बना रहा प्रतिनिधिमंडल

आतंकवाद के वैश्विक खतरे को लेकर सांसदों के प्रतिनिधिमंडल की विदेश यात्रा की देश में विपक्ष की ओर से भले ही आलोचना हो रही हो, लेकिन भारतीय संसदीय इतिहास में यह पहली बार है, जब इतने व्यापक स्तर पर एक मुद्दे के परिप्रेक्ष्य में यह पहल हो रही है। साफ है कि इसके उद्देश्य सामान्य समझ से व्यापक होंगे, इसके व्यापक कूटनीतिक मायने हैं। पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर बर्बर आतंकी हमले के साजिशकर्ताओं और हमलावर आतंकियों को यूं ही बचने नहीं दिया जा सकता है। भारत लंबे समय से आतंकवाद का सामना कर रहा है, वैश्विम मंचों से आतंकवाद के खिलाफ विश्व को एकजुट होने के लिए आह्वान भी करता रहा है, लेकिन विश्व के मजबूत देशों की ओर से आतंकवाद के खिलाफ वैसी कार्रवाई देखने को नहीं मिलती है, जैसी उनसे अपेक्षा की जाती है। बयानों के स्तर पर सभी देश आतंकवाद का विरोध करते दिखते हैं, लेकिन नीतिगत स्तर पर सुविधा के अनुसार फैसले करते हैं। अमेरिका व चीन ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में हमेशा निराश किया है। मौजूदा वक्त में 23 मई से 3 जून तक सभी दलों के सांसदों का प्रतिनिधिमंडल सात समूहों में दुनिया के अलग-अलग 33 देशों की यात्रा पर है। सर्वदलीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल ऑपरेशन सिंदूर और उसके पहले पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान की आतंकवादपरस्त नीतियों व करतूतों और सभी तरह के आतंकवाद के ग्लोबल खतरे पर भारत का पक्ष विस्तार से रखेगा। इस यात्रा में पाकिस्तान के मददगार देश शामिल नहीं हैं। चीन, तुर्किये और अजरबैजान में प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजे गए हैं। कूटनीतिक रूप से भारत ने स्पष्ट लाइन ली है, जो भारत की बात न सुनेंगे, न समझेंगे, न ही आतंकवाद के खिलाफ लड़ेंगे, तो ऐसों पर समय क्यों नष्ट करना। इस यात्रा से आतंकवाद के प्रायोजक देश पाकिस्तान और अलग-थलग पड़ेगा। सबूतों के साथ विश्व को बताना जरूरी है कि भारत पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ किस मजबूती से लड़ रहा है और कुछेक देश कैसे अपना हित साधने के लिए आतंकवाद को दरकिनार कर पाक के साथ हैं। साथ ही पाकिस्तान की एस्टाब्लिशमेंट कैसे भारत के खिलाफ आतंकी साजिश में शामिल है। पाकिस्तान में आज भी अनेक घोषित ग्लोबल आतंकी हैं और 32 से अधिक आतंकी गुट पाक की सरजमीं से ऑपरेशनल हैं। प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच अस्थायी सदस्यों में से चीन को छोड़ अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और रूस, 10 अस्थायी सदस्यों में पाकिस्तान और सोमालिया को छोड़ अन्य आठ ग्रीस, दक्षिण कोरिया, अल्जीरिया, डेनमार्क, सियरा लियोन, गुयाना, पनामा और स्लोवेनिया में अपनी बात रखेगा। इस्लामी देशों के संगठन ओआईसी (इस्लामिक सहयोग संगठन) के भी कई देशों- कुवैत, बहरीन, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और मिस्त्र में भी भारतीय प्रतिनिधिमंडल पाक प्रायोजित आतंकवाद पर बात कर रहा है। कश्मीर पर ओआईसी का नजरिया तथ्य से परे रहा है, इसलिए उसे पाक के काले सच का सामना कराना जरूरी है। भारत मुस्लिम जगत को यह बताना चाहता है कि यह महज दो देशों के बीच की लड़ाई नहीं है बल्कि वैश्विक आतंकवाद की बड़ी चुनौती का हिस्सा है। दरअसल, पाकिस्तान के आतंकवादी गुटों और इस्लामिक स्टेट की तकफीरी विचारधारा में कोई अंतर नहीं है। तकफीरी का मतलब है हिंसा को सही ठहराने के लिए किसी को काफिर घोषित करना। भारत जिस तरह के आतंकवाद का सामना कर रहा है, तकफीरी विचारधारा से समानताएं हैं।

## सारा संसार



कोलुक्कुमालाई तमिलनाडु के थेनी जिले में स्थित एक छोटा सा गाँव है। कोलुक्कुमलाई दुनिया में सबसे ऊंचे चाय बागानों के लिए प्रसिद्ध एक छोटा सा गांव है, जो चाय को एक विशिष्ट स्वाद देता है। प्रसिद्ध चाय कारखानों में से एक जहां वे पारंपरिक तरीके से चाय को संसाधित करते हैं।

## जयंती विशेष

प्रभात मिश्र

# सावरकर-पुण्य स्मरण

***'यस्मीन जीवति जीवन्ति बहवःस तु जीवतु' अर्थात जिनके जीने से अनेकों को जीवन मिलता है,वे सदा जीते रहें -पंचतंत्रम***

सावरकर के दिव्य योगदानों को कुछ शब्दों ,वाक्यों एवं आलेखों में बांध पाना संभव होगा, ऐसा मैं नहीं मानता। वीर सावरकर नाट्यकार, उपन्यासकार, व्यंग्यकार, भाषा सुधारक, लिपि सुधारक, दार्शनिक, चिंतक, युगदृष्टा, समाज सुधारक, क्रांति वीर, हिन्दी भाषा मंदिर के अनन्य पुजारी... और न जाने कितने उपमान सावरकर अपने आप मे समटे हुए दिखते हैं। सावरकर का कृतित्व तब और अधिक स्मरणीय हो जाता है, जब वर्तमान में हमारे राष्ट्र को कमजोर करने के लिए पडोसी दृश्य अदृश्य शत्रु देश दुरभिसंधि करते हैं और उन्हे भारत के भीतर से कुछ षड्यंत्रकारी शक्तियों के द्वारा कुचक्र रच समर्थन दिए जाते हैं तब सावरकर के दिए सिद्धांत उन कुचक्रों को भंग करते तोडते दिखते हैं। समाज जीवन में उनके आग्रह को भूतो न भविष्यति के रूप में उनके इस कथन से समझा जा सकती है-If they come with us, with them, if they do not, withoout them and if they oppose in spite of them we will go on and achieve our gole. तात्पर्य यदि तुम हमारे साथ आते हो तो तुम्हारे साथ, साथ नहीं आते हो तुम्हारे बिना और यदि तुम विरोध करते हो तुम्हारे विरोध के रहते भी हम अपना स्वातंत्र्य युद्ध चलाएंगे और उसमें सफल होंगे। वीर सावरकर ने सप्रमाण चेतावनी देते हुए एवं ऐतिहासिक दृष्टि से सचेत करते हुए कहा था कि धर्मांतरण ही राष्ट्रांतरण है जिसके व्यापक दुष्परिणाम आज भी देखने में आ रहे हैं। परंतु क्या हम उन प्रश्नों पर विचार कर समाधान दे पा रहे हैं? यह वीर सावरकर की इस जयंती पर यक्ष प्रश्न है ।



सावरकर की पुस्तक हिन्दुत्व के पंच प्राण और छः स्वर्णिम पृष्ठ,1857 की क्रांति प्रथम स्वातंत्र्य समर , का अध्ययन प्रत्येक उन पाठकों को करना चाहिए जो राष्ट्र को सबल बनाने का स्वप्न देख रहे हैं। वहीं उनकी दो कृतियां मोपला और गोमांतक उपन्यास पढ़ने के पश्चात बहुत कुछ समझा जा सकता है। ऐसा माना जाता है कि किसी भी समाज को, जाति-धर्म या राष्ट्र को निस्तेज करना तो उसके गौरवशाली इतिहास को नष्ट कर दिया जाए। सावरकर की लेखनी इसका प्रत्युत्तर है कि उन्होंने अपने हर प्रयास में इतिहासबोध लेखन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी ताकि भारतीय जन मानस मे स्वबोध का जागरण उदित हो सके , हिन्दी भाषा के अनेक शब्दों का आविष्कार सावरकर की देन है जिसका हिन्दी भाषी समाज सदैव ऋणि था है और रहेगा यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है कि उनके योगदानों को विस्मृत कर उन्हें लांक्षित करने का प्रयास किया जाता रहा है। जिसे माकूल जवाब भी दिया जाना अनिवार्य प्रतीत होता है। सावरकर के विचार, साहित्य ऐसे समय मे हमारे लिए अत्यंत प्रासंगिक हो जाते हैं जब हमें सीमापार से अस्थिर करने के प्रयास किए जाते हों इस अस्थिरता का एक प्रतिउत्तर है सावरकर संकल्प चरैवेति चरैवेति ।।

*-लेखक प्रांतीय संयोजक अखिल भारतीय साहित्य परिषद छत्तीसगढ़*

# अब तीसरी बड़ी आर्थिकी की डगर



अर्थव्यवस्था

डा. जयंतीलाल भंडारी

**दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा। खासतौर से भारत के द्वारा व्यापार घाटे पर नियंत्रण के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ना जरूरी है। चीन से वर्ष-प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ते हुए आयातों को नियंत्रित करना होगा। अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास पर भी ध्यान दिया जाना होगा। वहीं अमेरिका और यूरोपीय संघ तथा अन्य प्रमुख देशों के साथ भारत के संभावित मुक्त व्यापार समझौतों के पूर्ण करने पर पूरा ध्यान देना होगा।**

हाल ही में नीति आयोग ने बताया कि जापान को पीछे छोड़ते हुए भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और आगामी 3 सालों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए भी दिखाई दे सकेगा। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि 26 मई को दुनिया के ख्याति प्राप्त अरबपति निवेशक मार्क मोबियस ने कहा कि जापान को पछाड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना भारत की एक अविश्वसनीय उपलब्धि है। वास्तव में भारत के विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में आगे बढ़ने के पीछे जो प्रमुख कारण हैं, उनमें 140 करोड़ की जनसंख्या, देश के मध्यम वर्ग, की बढ़ती क्रयशक्ति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व और मजबूत आर्थिक नीतियां शामिल हैं। साथ ही इस समय भारत जिस ऊंची विकास दर और आर्थिक रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है, उससे भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए भी दिखाई देगा। गौरतलब है कि दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा।

वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा। खासतौर से भारत के द्वारा व्यापार घाटे पर नियंत्रण के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ना जरूरी है। चीन से वर्ष-प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ते हुए आयातों को नियंत्रित करना होगा । हाल ही प्रकाशित नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार में भारत लगातार घाटे की स्थिति में बना हुआ है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। इतना ही नहीं चिंताजनक यह भी है कि चीन से 2024-25 में आयात 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। चीन के साथ व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में करीब 17 प्रतिशत बढ़कर 99.2 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब डॉलर था। चीन 2024-25 में 127.7 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। चीन पर निर्भरता कम करने के जो रणनीतिक कदम उठाए गए हैं, उनका अभी जमीनी तौर पर कोई विशेष असर नहीं दिखा है। इस परिप्रेक्ष्य में 26 मई को प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के दाहोद में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आयातित वस्तुओं की खरीदी की बजाय देश में उत्पादित उत्पादों को खरीदने का संकल्प लेना चाहिए। यह देश की प्रगति के लिए जरूरी है। निश्चित रूप से इस समय सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) देश को तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। जहाँ एमएसएमई देश से निर्यात बढ़ाने में नई भूमिका निभा सकते हैं, वहीं आयात नियंत्रण में भी मददगार हो सकते हैं। इस समय नए व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के लिए चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढ़ने के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति



श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उससे एमएसएमई के उबारने के लिए जहाँ एक ओर सरकार के द्वारा रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा, वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा। भारत के द्वारा विगत 6 मई को ब्रिटेन के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण किए जाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इस समय भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय कारोबार समझौते (बीटीए) के शुरुआती चरण के लिए वार्ता तेजी से आगे बढ़ रही है।

हाल ही में अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाऊस में एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत एक ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमेरिका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी वार्ता करते हुए द्विपक्षीय कारोबार समझौते को तेजी से अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ रहा है। भारत के द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप दिया जाना होगा। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने में देश से सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) की भूमिका भी प्रभावी होगी। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगें लगाकर आगे बढ़ रहा है। भारत को सेवा निर्यात की नई वैश्विक राजधानी के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आँकड़ों के मुताबिक पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का सेवा निर्यात करीब 387.5 अरब डॉलर का रहा है। भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। फिलहाल देश में 1700 जीसीसी हैं जिनसे 20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। देश में जीसीसी का बाजार आकार 5.4 लाख करोड़ रुपये का है और यह 2030 तक 8.4 लाख करोड़ रुपये का होगा। दुनिया के 50 प्रतिशत जीसीसी सिर्फ भारत में हैं। भारतीय जीडीपी में भारत के जीसीसी का योगदान एक प्रतिशत है और 2030 तक यह 3.5 प्रतिशत हो जाएगा। ऐसे में भारत को सेवा निर्यात और तेजी से बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा।

यह बात ध्यान में रखी जानी होगी कि अब सेवा निर्यात के क्षेत्र में भी लगातार प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भारत से डिजिटल सेवा निर्यात में तेजी से वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता तथा सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रयास करने होंगे। अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास पर भी ध्यान दिया जाना होगा। कृषि तथा श्रम सहित अन्य सुधारों के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। भारत में आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल मंत्र को बढ़ाना होगा। इससे स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ेंगे। जीएसटी में सरलता, निवेश के लिए अधिक अनुकूल माहौल, कुशल बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी, गतिशक्ति योजना का तेज क्रियान्वयन, व्यवसाय करने की प्रक्रिया की सरलता जैसे रणनीतिक कदमों से भारत की आर्थिकी की चमक बढ़ाई जा सकेगी। इन सबके साथ-साथ अमेरिका और यूरोपीय संघ तथा अन्य प्रमुख देशों के साथ भारत के संभावित मुक्त व्यापार समझौतों के पूर्ण किए जाने पर पूरा ध्यान देना होगा। हम उम्मीद करें कि इन विभिन्न रणनीतिक प्रयासों से भारत वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित

**दर्शन**

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

# जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित

**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विज्ञान, लोकतंत्र और बच्चों के संरक्षक पंडित नेहरू

भारतीय इतिहास में 27 मई का दिन केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक युग के अवसान का प्रतीक है। यह वही दिन है, जब भारत ने अपना पहला प्रधानमंत्री, एक दूरदर्शी नेता, एक मानवतावादी चिंतक और बच्चों के चहेते 'चाचा नेहरु' को सदा के लिए खो दिया था। पंडित जवाहरलाल नेहरु न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी थे बल्कि आजादी के बाद आधुनिक भारत की नींव रखने वाले प्रमुख शिल्पी भी थे। उनका जीवन भारतीय राजनीति और समाज के पुनर्निर्माण की यात्रा का वह अध्याय है जिसे बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। नेहरु का सपना केवल एक स्वतंत्र भारत नहीं था बल्कि ऐसा भारत था, जो वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा के उजास से आलोकित हो।

*-सुमीत यदु, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# एवरेस्ट फतह के उपलक्ष्य में 100 पर्वतारोही सम्मानित

हिमालय की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट पर एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नोर्गे द्वारा पहली सफल चढ़ाई की याद में मंगलवार को नेपाल में सम्मानित किए गए 100 से अधिक पर्वतारोहियों में 10 भारतीय पर्वतारोही भी शामिल हैं। पर्यटन, संस्कृति और नागरिक उड्डयन मंत्री बद्री पांडे ने 29 मई को अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस से पहले एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले नेपाली और अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोहियों को सम्मानित किया। पांडे ने कहा, 'नेपाल सरकार न केवल पर्वतीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि हम पर्वतारोहियों की सुरक्षा और भविष्य की पीढ़ियों के लिए हिमालय के संरक्षण को लेकर भी चिंतित हैं।' उन्होंने कहा, 'हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए पहाड़ों की देखभाल और सुरक्षा करनी चाहिए।' नेपाल, भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, फिलीपीन, फलस्तीनी क्षेत्र और ब्रिटेन सहित अन्य देशों के 100 से अधिक पर्वतारोहियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 'एवरेस्ट एलायंस नेपाल' द्वारा आयोजित 'एवरेस्ट पर्वतारोही सम्मेलन' में भारत के 10 पर्वतारोहियों को सम्मानित किया गया जिनमें आशीष सिंह, निशा कुमारी, अनुजा वैद्य, बलजीत कौर, सुविधा कदलाग, सूर्य प्रकाश, शेख हिमांशु, सत्यरूप सिद्धांत, ज्योति रात्रे और अदिति शामिल हैं।



## ऑफ बीट

# गणित के पठन-पाठन में काफी अंतर आया है

पाइथागोरस का प्रमेय आज भी उतना ही सटीक है जितना सदियों पहले इसकी खोज के समय था, और यह आगे भी उतना ही सटीक रहेगा। लेकिन आज के शिक्षक भी गणित को उस समय की तुलना में बहुत अलग तरीके से पढ़ाते हैं जब माता-पिता स्कूल में थे। मानसिक संबंध प्रक्रियाएं नहीं। पिछले 30 वर्षों में गणित के पठन-पाठन में परिवर्तन आया है। कंप्यूटर प्रौद्योगिकी के विकास के साथ तालमेल बिठाने के लिए गणित शिक्षण भी बदल गया है। यह बचपन से लेकर 12वीं कक्षा तक गणित की शिक्षा को प्रभावित कर रहा है। किसी भी चीज़ के अलावा, हम जानते हैं कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी में दक्षता छात्रों को उस दुनिया के लिए शिक्षित करने की कुंजी है जिसमें वे रहेंगे और काम करेंगे। एक उदाहरण के रूप में, गतिशील ज्यामिति सॉफ़्टवेयर के उपयोग का मतलब है कि शिक्षक ग्राफ़ के परिवर्तनों को तुरंत दिखा सकते हैं, जिससे छात्रों को चर कैसे काम करते हैं इसकी गहरी समझ मिलती है, जिससे छात्रों को इन अवधारणाओं को ग्राफ़ की एक विस्तृत श्रृंखला पर लागू करने में मदद मिलती है।




## ट्रेंड

### नक्सलियों के अड्डे ध्वस्त



ऑपरेशन ब्लैकफॉरेस्ट में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ की दुर्गम पहाड़ियों पर बने नक्सलियों के अनेक अड्डों को ध्वस्त किया। छत्रपति शिवाजी महाराज जी की भूमि पर फिर से दोहराता हूँ कि 31 मार्च 2026 तक भारत नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### निवेश योजनाओं पर चर्चा



कुप्पम में श्रीजा दूध उत्पादक संगठन और मदर डेयरी के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। हमने शून्य गरीबी को प्राप्त करने के लिए उनकी परिवर्तनकारी निवेश योजनाओं पर चर्चा की, जो स्वर्ण आंध्र के लिए हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

-एन. चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

### मंदिरों पर सरकारी कब्जा



बड़े मंदिरों पर सरकार के प्रबंधन के बहाने भाजपा अप्रत्यक्ष रूप से अपना क़ब्ज़ा करती जा रहे है। जो परंपरागत रूप से इनका प्रबंधन-संचालन करते आ रहे हैं, उनसे सेवा-भाव के अधिकार छीने जा रहे हैं।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### नॉट फाउंड सूटेबल



'नॉट फाउंड सूटेबल' अब नया मनुवाद है। एससी /एसटी/ओबीसी के योग्य उम्मीदवारों को जानबूझकर 'अयोग्य' ठहराया जा रहा है ताकि वे शिक्षा और नेतृत्व से दूर रहें। यह हक, सम्मान और हिस्सेदारी की लड़ाई है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## पीएम मोदी ने महात्मा मंदिर में 5,536 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी

# हमें अपने ब्रांड पर खासकर मेड इन इंडिया पर गर्व होना चाहिए, हम आतंकियों का खात्मा करके रहेंगे

## अब विदेशी चीजों की निर्भरता छोड़कर स्वदेशी को ही अपनाएं

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात में पिछले दो दशकों में सुधार कार्यों से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान, गांधी नगर के महात्मा मंदिर में 5,536 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमें अपने देश के ब्रांड पर गर्व करना चाहिए। हमें मेड इन इंडिया पर गर्व करना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि हम अपनी जरूरत की ज्यादातर चीजों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहे हैं। पर ये चीजें अब देश में ही उपलब्ध हैं। हमारी जरूरत की 90 फीसदी से अधिक और अच्छी चीजें देश में ही उपलब्ध हैं। हमें उनका इस्तेमाल करना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे याद है कि हमने छठे से पांचवें स्थान पर पहुंचने का जश्न मनाया था। यह क्षण अहम था, क्योंकि हमने उसी देश को पीछे छोड़ दिया, जिसने 250 वर्षों तक हम पर शासन किया।



**राजभवन से महात्मा मंदिर तक किया रोड शो**

*पीएम मोदी ने मंगलवार सुबह गांधीनगर में एक रोड शो किया और इस दौरान उनका स्वागत करने के लिए भारी संख्या में लोग एकत्र हुए। गुजरात की दो दिवसीय यात्रा के दौरान पीएम का यह चौथा रोड शो है। रोड शो का आयोजन गांधीनगर स्थित राजभवन से महात्मा मंदिर तक किया गया। इस दौरान रास्ते में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और उन्होंने तिरंगा लहराया।*

### हमारा लक्ष्य भारत को विकसित बनाना

### 'गणेश जी भी विदेश से आते हैं वो भी छोटी आंखों वाले'

पीएम मोदी ने आत्मनिर्भरता पर जोर देने की अपील की। पीएम मोदी ने चीन का बिना नाम लिए ही कड़ा संदेश भी दे दिया और साथ ही जनता के समझा भी दिया कि स्वदेशी समान का इस्तेमाल क्यों करें। हम गांव-गांव में व्यापारियों को शपथ दिलवाएं, व्यापारियों को कितना भी मुनाफा क्यों न हो, आप विदेशी माल नहीं बेचोगे। लेकिन, दुर्भाग्य देखिए, गणेश जी भी विदेश से आ जाते हैं, वो भी छोटी आंख वाले गणेश जी, गणेश जी की आंख भी नहीं खुल रही है। होली के लिए रंग और पिचकारी भी विदेश से आती है। यहां सब उपलब्ध है, कुछ मत लाओ। हमें मेड इन इंडिया पर गर्व होना चाहिए।

### सेना के शौर्य का जिक्र 11 बार और ऑपरेशन सिंदूर का 9 बार नाम लिया

*पीएम मोदी ने इशारों इशारों में पाकिस्तान को कड़ा संदेश दे डाला है। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि शरीर कितना ही स्वस्थ क्यों न हो, लेकिन अगर एक कांटा चुभता है तो पूरा शरीर परेशान रहता है। इसलिए हमने तय कर लिया है, हम उस कांटे को निकालकर रहेंगे। पीएम ने कहा कि भारत ने 3 बार पाकिस्तान को युद्ध में धूल चटाई। मोदी ने पाकिस्तान का नाम 12 बार लिया। इसके अलावा आतंकवाद का नाम 11 बार, पाक फौज का नाम 10 बार, पाक आवाम का नाम 7 बार, भारतीय सेना के शौर्य का जिक्र 11 बार और ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र 9 बार किया। एक तरीके से पीएम नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को साफ कर दिया है कि आतंकवाद के मामले पर भारत की लड़ाई जारी रहेगी और आतंकवाद के खात्मे तक भारत ये लड़ाई लड़ता रहेगा।*

शाह ने की सांस्कृतिक राजनीतिक कार्यक्रमों में शिरकत

# सावरकर को बताया देश का महान स्वतंत्रता सेनानी

एजेंसी ▶▶ नादेड़

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को मुंबई दौरे पर हैं। यहां पर वे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। अपनी यात्रा की शुरुआत करते हुए शाह माधवबाग में श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर की 150वीं वर्षगांठ समारोह में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के भी मौजूद रहे। दोपहर में शाह स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की 60वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मुख्य व्याख्यान दिया। उन्हें देश का महान सपूत बताया। कार्यक्रम मुंबई विश्वविद्यालय के सर कावसजी जहांगीर हॉल में आयोजित किया गया। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को उजागर करने के लिए 33 वैश्विक राजधानियों में भेजे गए सरकार के बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों को महज 'बारात' कहने के लिए उद्धव सेना की आलोचना की। शाह ने कहा कि मुझे समझ में नहीं आता कि उद्धव सेना को क्या हो गया है?

### महायुति गठबंधन सहयोगियों के साथ बंद कमरे में की बात



### भारत अब पीछे नहीं देखेगा

शाह ने कहा कि भारत को 2047 तक पूर्ण विकसित और हर क्षेत्र में सर्वप्रथम बनाने का विश्वास प्रधानमंत्री मोदी जी ने दिलाया है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारत को अब न पीछे मुड़कर देखने और न ही रुकने की जरूरत है।

शाह की मुंबई यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और महायुति गठबंधन सहयोगियों के साथ बंद कमरे में बैठकें भी शामिल हैं, क्योंकि पार्टी महत्वपूर्ण बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों से पहले रणनीति बना रही है। मंगलवार दोपहर बाद उनके दिल्ली लौटने की उम्मीद है। मुंबई पहुंचने से पहले शाह सोमवार को नागपुर में थे, जहां उन्होंने राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में कैंसर रोगियों और उनके परिवारों के लिए आवासीय सुविधा स्वस्ति निवास की आधारशिला रखी। बाद में वे मराठवाड़ा क्षेत्र के नांदेड़ गए, जहां उन्होंने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री वसंतराव नाइक की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। शाह ने क्षेत्र में कुछ भाजपा कार्यालयों का भी उद्घाटन किया, जहां बंजारा समुदाय के सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

## राष्ट्रपति भवन में सेकंड फेज के पद्म पुरस्कारों का वितरण

# शारदा को मरणोपरांत पद्म विभूषण, ऋतंभरा को पद्मभूषण सम्मान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में दूसरे फेज के पद्म अवॉर्ड्स दे रही हैं। इनमें लोकगायिका स्वर्गीय डॉ. शारदा सिन्हा समेत 68 हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद हैं। मंगलवार को हुई अवॉर्ड सेरेमनी में बिहार की दिवंगत लोक गायिका डॉ. शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। वहीं, राम मंदिर आंदोलन में शामिल रहीं साध्वी ऋतंभरा को सामाजिक कार्य के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 28 अप्रैल को पहले चरण की अवॉर्ड सेरेमनी में 71 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। इनमें 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार दिए गए थे।



### 139 लोगों को 2025 में पद्म पुरस्कार

*बता दें कि इस वर्ष 139 लोगों को पद्म पुरस्कारों के लिए चुना गया है। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ कई केंद्रीय मंत्री और कई विशेष अतिथि भी मौजूद रहे। इस सूची में 7 पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार विजेताओं में से 23 महिलाएं हैं और सूची में विदेशी/ एनआरआई/ पीआईओ/ ओसीआई श्रेणी के 10 व्यक्ति और 13 मरणोपरांत पुरस्कार विजेता भी शामिल हैं।*

### शारदा (मरणोपरांत) : कला-लोक संगीत

इसमें लोक गायिका शारदा सिन्हा को कला-लोक संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके बेटे ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

### कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया (मरणोपरांत) : कला

कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया को कला के क्षेत्र में योगदान के लिए राष्ट्रपति ने मरणोपरांत पद्म विभूषण दिया। उनके पोते ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

# देश की जनता को जबाव देने की बजाय प्रधानमंत्री फिल्मी डायलॉग का सहारा ले रहे: कांग्रेस

हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली।



कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विध्वंसकारी बताते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद कोई भी देश भारत के साथ खड़ा नहीं हुआ। दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के मीडिया एवं प्रचार के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा कि मोदी सरकार की कमजोर विदेश नीति के कारण भारत विश्व भर में अलग-थलग होता जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत अकेले पाकिस्तान को आतंकी देश कहता रहा। लेकिन किसी भी अन्य देश ने पाकिस्तान को आतंकी देश नहीं बोला।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान को एक साथ जोड़ने के बाद कुवैत और यूएई जैसे मध्य पूर्व के देशों ने भी ऐसा ही किया। कुवैत ने पाकिस्तान से वीजा पाबंदियां हटा दी हैं और पाकिस्तान के साथ श्रम समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने जा रहा है। इसका असर भारतीय श्रमिकों पर पड़ेगा क्योंकि कुवैत के कुल कार्यबल में 30 प्रतिशत भारतीय हैं। इसी तरह यूएई ने पाकिस्तान को भी पांच साल की वीजा सुविधा दे दी है,इससे पहले यूएई की यात्रा करने वाले सभी पाकिस्तानियों को पुलिस सत्यापन से गुज़रना पड़ता था। पवन खेड़ा ने आगे कहा कि जब भारत पर संकट आया तो नेपाल और भूटान जैसे पड़ोसी देशों ने भी पाकिस्तान को आतंकी देश नहीं कहा। इस पूरे संघर्ष में चीन और पाक जिस तरह एकजुट होकर सामने आए हैं, मोदी सरकार उस बारे में बिल्कुल चुप है।

खेड़ा ने कहा कि मोदी सरकार ने विशेषज्ञों की सलाह की अनदेखी कर सारी नीतियां ट्रोलर्स को सौंप दी हैं। उन्होंने इंदिरा गांधी जैसे नेताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि जिन नेताओं को यह सरकार ट्रोल करती है, आज उन्हीं से उसी सीखने की जरूरत है। सरकार को उन चुनौतियों का सामना करने के लिए गंभीर होना चाहिए जो अप्रैल और मई 2025 में सामने आई हैं।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा (वंदे भारत स्पेशल) | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04060 | नई दिल्ली | 09:30 | खोरधा रोड जं. | 17:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 14.06.2025 तक |
| 04059 | खोरधा रोड जं. | 18:30 | नई दिल्ली | 00:30 | | रविवार | 15.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04520 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनि | 09.07.2025 तक |
| 04519 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | | गुरु, रवि | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

### इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनी के कार्यक्रम में संचार मंत्री बोले

# 'संपर्क' को वस्तु नहीं, संवैधानिक प्रतिबद्धता के रूप में लें दूरसंचार कंपनियां : सिंधिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को संपर्क (कनेक्टिविटी) को केवल एक वस्तु के रूप में नहीं, बल्कि एक संवैधानिक प्रतिबद्धता के रूप में देखना चाहिए। साथ ही इसके लिए उन्हें सामर्थ्य, उपलब्धता, पहुंच व तेज डेटा गति जैसे प्रमुख कारकों को ध्यान में रखना चाहिए।

- कंपनियों को तेज डेटा गति जैसे कारकों को ध्यान में रखना चाहिए

इंटरनेट सेवा प्रदाता संस्था आईएसपीएआई और सरकार समर्थित निक्सी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि पांच दिन पहले भारत, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। उन्हें दूरसंचार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने में गर्व महसूस होता है। हम 14 से 16 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ-साथ पूर्वोत्तर में 12-13 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

**खास**

- भारत पांचवी से चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया
- हम 14 से 16 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहे



**एमबीएम का सबसे बड़ा सरकारी निवेश :** मंत्री ने कहा कि 1,39,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन (एनबीएम) दुनिया का सबसे बड़ा सरकारी निवेश है जो देश के कोने-कोने में प्रत्येक गांव तक नेटवर्क उपलब्ध कराएगा। सिंधिया ने कहा, "प्रधानमंत्री ने संकल्प किया है कि एनबीएम 2.0 के माध्यम से हमें हर एक गांव को जोड़ना चाहिए।

#### पहुंच गुणवत्ता व सुरक्षा पर हो विशेष ध्यान

*मंत्री ने कहा, "....आप भारत की डिजिटल ज्योति के रखवाले हैं। संपर्क को केवल एक वस्तु के रूप में नहीं, बल्कि एक संवैधानिक प्रतिबद्धता के रूप में देखें।" उन्होंने दूरसंचार परिचालकों और इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) को सामर्थ्य, उपलब्धता, पहुंच, गुणवत्ता, सुरक्षा व कृत्रिम मेधा एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटीत) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा।*

#### भारत में एक डेटा की कीमत 287 रुपए हुआ करती थी

*मंत्री ने कहा कि भारत में जहां एक जीबी डेटा की कीमत 287 रुपये हुआ करती थी, वहीं वर्तमान में इसकी कीमत केवल नौ रुपये है। सिंधिया ने कहा, "11 सेंट पर, भारत आज दुनिया में सबसे सस्ता डेटा प्रदाता है। औसत वैश्विक लागत 2.59 अमेरिकी डॉलर है।" उन्होंने कहा कि यदि डेटा तरल सोना या काला तेल है, तो भारत उस तरल सोने और काले तेल का गढ़ है।*

#### एक दशक से 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ

मंत्री ने कहा, "ऐसा कोई वजह मौजूद नहीं है कि भारत विश्व की डेटा राजधानी न बने। प्रधानमंत्री ने बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि यह भारत की सदी है, और यह वास्तव में भारत की सदी है...भारत एक दशक में दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।" उन्होंने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं से देश भर में संपर्क का विस्तार करने के लिए ग्रामीण ब्रॉडबैंड परियोजना भारतनेट का लाभ उठाने को कहा।

#### 100 एमबीपीएस की गति सुनिश्चित करनी होगी

लेकिन केवल हर एक गांव को ही नहीं, हमें हर एक स्कूल को भी जोड़ना होगा। हमें हर एक अस्पताल को जोड़ना होगा क्योंकि यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।" उन्होंने कहा कि एनबीएम 2.0 ब्रॉडबैंड नेटवर्क का 95 प्रतिशत 'अपटाइम' (सेवा) और पूरे नेटवर्क में न्यूनतम 100 एमबीपीएस की गति सुनिश्चित करेगा।

## बैंक, आईटी शेयरों में मुनाफा वसूली से सेंसेक्स में 625 अंक की गिरावट

**मुंबई।** शेयर बाजार में पिछले दो दिन से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 624.82 अंक टूट गया। वहीं एनएसई निफ्टी 175 अंक के नुकसान में रहा। बैंक, आईटी तथा वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 624.82 अंक की गिरावट के साथ 81,551.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, सेंसेक्स एक समय 1,054.75 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 174.95 अंक की गिरावट के साथ 24,826.20 अंक पर बंद हुआ।

## फ्रेंच कंपनी अल्काटेल की सात साल बाद भारत में वापसी

**नई दिल्ली (भाषा)।** फ्रांसीसी प्रौद्योगिकी ब्रांड अल्काटेल ने सात साल के बाद भारतीय स्मार्टफोन बाजार में दोबारा कदम रखने के साथ ही अगले तीन वर्षों में शीर्ष तीन स्मार्टफोन कंपनियों में पहुंचने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अल्काटेल ने मंगलवार को नेक्स्टसेल इंडिया के माध्यम से भारत में अपने वी3 स्मार्टफोन की श्रृंखला को पेश किया।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 02**
**निविदा संख्या 10255030A खुलने की तिथि 27.05.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 27.05.2025 से बढ़ाकर 06.06.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह चतुर्थ शुद्धिपत्र है।

दिनांक: 26.05.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1573/25

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 04**
**निविदा संख्या 10255028A खुलने की तिथि 27.05.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 27.05.2025 से बढ़ाकर 06.06.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह चतुर्थ शुद्धिपत्र है।

दिनांक: 26.05.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1574/25

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**
**(ई–टेंडरिंग द्वारा)**

**निविदा संख्या: 558-Sig-16-M-TENDER-1435** **दिनांक : 26.05.2025**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | प्रोविजन ऑफ डुअल डिटेक्शन फॉर ऑटोमैटिक सेक्शन इन बिटविन SZM-SNP एंड PNP-BBDE सेक्शन। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | Rs. 2,06,83,803.81/- |
| धरोहर राशि (₹) | Rs. 2,53,400/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 26.05.2025 / निविदा खुलने का दिनांक 17.06.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1558/25

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम** | सहायक मंडल अभियंता/नई दिल्ली के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/आनंद विहार के अनुभाग में आनंद विहार में सेवा भवन, स्टेशन भवन की मरम्मत के लिए पीई 30.06.2026 के लिए जोन कार्य। |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** | ₹ 98,86,288.14 (रुपये अट्ठानवे लाख छियासी हजार दो सौ अठासी और चौदह पैसे मात्र)। |
| 3 | **बयाना राशि (रुपये)** | ₹1,97,700/– (रुपये एक लाख सत्तानवे हज़ार सात सौ मात्र)। |
| 4 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये)** | ₹ 0.00 |
| 5 | **निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय** | 18.06.2025 को 15:00 बजे तक। |
| 6 | **वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है** | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | **आवंटन** | 04-400-32 |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

**सं.: 128–W/280/ई–निविदा सूचना/10–2025–26/W–3 दिनांक: 26.05.2025**
**1554/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## मारुति ने 130 आईटीआई में शुरू किया ईवी प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नई दिल्ली (भाषा)।** वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने मंगलवार को कहा कि उसने इलेक्ट्रिक एवं हाइब्रिड वाहनों की आवश्यक उच्च वोल्टेज प्रणालियों की देखभाल से संबंधित एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। देश की अग्रणी वाहन कंपनी एमएसआई ने बयान में कहा कि उसने देश के 24 राज्यों और चार केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित 130 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। यह प्रशिक्षण देश में ईवी को तेजी से अपनाने में अहम भूमिका निभाएगा। कंपनी ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य के वाहन तकनीशियनों को उच्च-वोल्टेज इलेक्ट्रिक प्रणाली के सुरक्षित एवं कुशल देखभाल के लिए तैयार करने के साथ उद्योग की जरूरतों को भी पूरा करता है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## एलन मस्क के पिता जून में राम मंदिर का दर्शन करेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरबपति कारोबारी एलन मस्क के पिता एरोल मस्क जून में अपने भारत दौरे के दौरान अयोध्या में राम मंदिर का दर्शन करेंगे। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह घरेलू कंपनी सर्वोटेक के वैश्विक सलाहकार बोर्ड में शामिल हैं।

- मस्क के पिता एरोल आएंगे दर्शन के लिए

एरोल ने अपनी भारत यात्रा के दौरान व्यापार से जुड़ी विभिन्न बैठकों में भाग लेने का कार्यक्रम बनाया है। उनका पांच दिवसीय भारत यात्रा एक जून से शुरू होकर छह जून तक चलेगी, जिसके बाद वह दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होंगे। इस घटनाक्रम से अवगत लोगों ने कहा, ''(एरोल) मस्क के दौरे में ऐसे कार्यक्रम शामिल हैं, जिनका मकसद भारत को हरित प्रौद्योगिकियों और ईवी चार्जिंग अवसंरचना निर्यात में वैश्विक अगुवा बनने के रणनीतिक प्रयास को बढ़ावा देना है।''

**वरिष्ठ नौकरशाहों से मिलेंगे**



*सूत्रों के अनुसार, "एक जून को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने वाले मस्क दो जून को कंपनी के एक कार्यक्रम में नीति निर्माताओं, निवेशकों, व्यापारिक नेताओं और विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ नौकरशाहों से मिलेंगे।' उन्होंने बताया कि मस्क की यात्रा में हरियाणा के सफियाबाद में सर्वोटेक की सौर और ईवी चार्जर विनिर्माण इकाई का दौरा भी शामिल है, जहां राज्य के मंत्रियों और नौकरशाहों के भी मौजूद रहने की उम्मीद है।*

## मार्च तिमाही में एफडीआई 24.5 प्रतिशत घटकर 9.34 अरब डॉलर

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 24.5 प्रतिशत घटकर 9.34 अरब डॉलर रह गया। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

हालांकि, पूरे वित्त वर्ष (2024-25) के दौरान देश में एफडीआई का प्रवाह 13 प्रतिशत बढ़कर 50 अरब डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 44.42 अरब डॉलर था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, मार्च तिमाही में एफडीआई का प्रवाह 9.34 अरब डॉलर रहा जो जनवरी-मार्च 2023-24 के दौरान आए 12.38 अरब डॉलर एफडीआई से कम है। पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भी वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण एफडीआई प्रवाह सालाना आधार पर 5.6 प्रतिशत घटकर 10.9 अरब डॉलर रहा था।

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कुल एफडीआई 14 प्रतिशत बढ़कर 81.04 अरब डॉलर हो गया। यह पिछले तीन वर्षों में सबसे अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 71.3 अरब डॉलर रहा था। कुल एफडीआई में इक्विटी प्रवाह, दोबारा निवेश की गई आय और अन्य पूंजी शामिल होती है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 व 83 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि करण** पुत्र **चुन्ना लाल** निवासी **बी–1/838, मदन पुर खादर, सरीता विहार, दिल्ली** ने case **FIR No. 433/2012 U/s 498-A/IPC, थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **रवि करण** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रवि करण** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 433/2012 U/s 498-A/IPC, थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रवि करण** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 28.06.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ऐशवर्या शर्मा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, महिला कोर्ट–01**
**कमरा नं. 106, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/6683/NW/2025(Court Matter)**

## बुजुर्गों को कार्यबल में शामिल करने से जीडीपी में होगी 1.5 प्रतिशत की वृद्धिः रिपोर्ट

**दिल्ली (भाषा)।** देश में उम्रदराज आबादी को सशक्त बनाने का आह्वान करते हुए एक रिपोर्ट में कहा गया है कि काम करने को इच्छुक बुजुर्गों को फिर से कार्यबल में शामिल करने से देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। इसमें यह भी कहा गया है कि देश में बुजुर्गों ने 2023-24 में 6.8 करोड़ डॉलर का श्रम योगदान दिया, जो भारत की जीडीपी का तीन प्रतिशत है। 'दीर्घायुः बढ़ती उम्र को समझने का एक नया तरीका' शीर्षक से मंगलवार को जारी रिपोर्ट में उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण से उम्रदराज आबादी की प्रवृत्तियों को बयां किया गया है। यह रिपोर्ट निष्क्रियता के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव और बुजुर्गों को सशक्त बनाने की जरूरत को रेखांकित करती है।

## सोना 800 रुपए टूटा चांदी भी कमजोर

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा में सोने की कीमत 800 रुपये घटकर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। इससे सोने में चार दिन से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 800 रुपये घटकर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इसके अलावा, चांदी की कीमत मंगलवार को 1,370 रुपये घटकर 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को चांदी की कीमत 1,00,370 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 45.03 डॉलर प्रति औंस या 1.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,296.92 डॉलर प्रति औंस रह गया।

## राशिफल


**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।



**तुला** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## ऑलकार्गो गति ने बिना परेशानी बाइक ट्रांसपोर्टेशन के लिए बाइक एक्सप्रेस में किया बदलाव

**मुंबई।** भारत की प्रीमियम एक्सप्रेस डिस्ट्रिब्यूशन और सप्लाई चेन मैनेजमेंट कंपनी ऑलकार्गो गति लिमिटेड (पूर्व में गति लिमिटेड) ने अपनी लोकप्रिय बाइक एक्सप्रेस सर्विस के मूल्य निर्धारण (प्राइसिंग) में संशोधन किया है. कंपनी ने उत्कृष्ट सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के प्रयासों के तहत यह कदम उठाया है. नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं और अब से सभी बुकिंग केवल प्रीपेड आधार पर स्वीकार की जाएंगी. इसका लक्ष्य ग्राहकों को अधिक सहज और पारदर्शी अनुभव प्रदान करना है. 150 सीसी तक की बाइक के लिए नई दर 9,999 रुपये और 150 सीसी से ऊपर की बाइक के लिए 11,999 रुपये है. बाइक एक्सप्रेस एक उद्देश्य के साथ शुरू की गई बाइक ट्रांसपोर्टेशन सर्विस है. इस सर्विस को नए-नए शहरों में शिफ्ट होने वाले कामकाजी पेशेवरों (वर्किंग प्रोफेशनल्स), छात्रों के साथ-साथ पर्यटकों और बाइकिंग को लेकर उत्साही लोगों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, जो सुरक्षित और परेशानी-मुक्त मोबिलिटी सॉल्यूशन चाहते हैं. दायरे का विस्तार करते हुए सेवा को अब लेह जैसे चुनौतीपूर्ण एवं ऐतिहासिक गंतव्यों तक उपलब्ध कराया गया है।



## प्रवर्तक गंगवाल ने इंडिगो में 5.7 फीसदी हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** इंटरग्लोब एविएशन के प्रवर्तक राकेश गंगवाल और उनके पारिवारिक ट्रस्ट ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो में 5.7 प्रतिशत हिस्सेदारी 'ब्लॉक डील' के जरिये करीब 11,559 करोड़ रुपये में मंगलवार को बेच दी। सूत्रों ने बताया कि गंगवाल के अलावा, चिन्करपू फैमिली ट्रस्ट, (जिसकी न्यासी शोभा गंगवाल तथा डेलावेयर की जेपी मॉर्गन ट्रस्ट कंपनी हैं) ने भी देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो में अपनी हिस्सेदारी बेचने के लेन-देन में हिस्सा लिया। सूत्रों ने बताया कि निवेश बैंकिंग कंपनी गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी और जे पी मॉर्गन इंडिया हिस्सेदारी बिक्री के लिए नियोजन एजेंट हैं। इस नवीनतम लेनदेन से पहले, गंगवाल और पारिवारिक ट्रस्ट के पास इंडिगो में करीब 13.5 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। अद्यतन 'टर्म शीट' के अनुसार, नवीनतम ब्लॉक डील के तहत 5,230.50 रुपए प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर 2.21 करोड़ शेयर बेचे गए। शेयर की कुल संख्या 'टर्म शीट' में उल्लिखित प्रारंभिक 1.32 करोड़ शेयर से बढ़ाई गई है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजकुमार उर्फ कल्लू पुत्र गजराज निवासी म.नं. बी–1/906, जेजे कॉलोनी, मदनपुर खादर, नई दिल्ली** ने case **FIR No. 324/23 U/s U/s 25/54/59 Arms Act, थाना कालिंदी कुंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजकुमार उर्फ कल्लू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **राजकुमार उर्फ कल्लू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 324/23 U/s U/s 25/54/59 Arms Act, थाना कालिंदी कुंज, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजकुमार उर्फ कल्लू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 02.07.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री आजाद सेहरावत**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–10**
**कमरा नं. 307, तृतीय तल**
**साकेत कोर्ट परिसर, दिल्ली**

**DP/6545/SE/2025(Court Matter)**

## शब्द पहेली - 5880



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल–3,3
5.मानवीयता–4
8.शरीर, बदन–2
9.ऊंचाई–3
10.तीर, बाण–2
11.मनमोहक–4
12.रग, नाड़ी–2
14.दुत्कारना–4
16.चतुर, फुर्तीला–3
18.साझेदार–4
20.रमण लायक–3,2
23.भारी, वजन वाला–5
26.असावधानी–4
27.दाल पीसना–3
29.निश्चित–4
30.कविता–2
32.शरीर व इच्छा–2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग–2
35.सलाम करना–3
36.रास्ता–2
37.राह पर चलनेवाले–4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया–3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस–6
2.गाय के स्तन–2
3.प्रसन्न होने का भाव–4
4.लगन, जिज्ञासा–3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में–3)
6.अधीन, काबू–2
7.डामर, टार–4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन–4
13.सच्चाई–2
15.दुश्मनी,शत्रुता–4
17.घूंघट, बुरखा–3
18.भाग्य का लेखा-जोखा–4
19.धूल, रेत–2
21.भवन, प्रसाद–3
22.जोड़, कुल–2
24.लावण्ययुक्त–4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,–3,3
27.विजयादशमी–4
28.मोड़, छोर–2
29.मृत्यु का देवता, यम–4
31.बुरी आदत–3
32.सभ्य व्यवहार–3
34.मार्ग–2
36.गोंद, वार्निश–2

■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

**शब्द पहेली- 5879 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5890

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5889 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |






# क्रिकेट इतिहास में बना शर्मनाक रिकॉर्ड, केवल 2 रन पर पूरी टीम आउट

## इंग्लैंड की मिडलसेक्स काउंटी लीग में एक रन बल्ले से और एक वाइड बॉल से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेट को अनिश्चितताओं वाला खेल कहा जाता है और इंग्लैंड की मिडलसेक्स काउंटी लीग में हुआ एक मुकाबले ने इसे साबित भी कर दिया है। इस मैच में एक ऐसा रिकॉर्ड बन गया जो क्लब क्रिकेट के इतिहास में दर्ज हो गया। दरअसल, नार्थ लंदन क्रिकेट क्लब और रिचमंड क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए इस मैच में रिचमंड क्लब की पूरी टीम महज 2 रन पर ऑलआउट हो गई। शर्मनाक बात तो यह है कि इन दो रनों में भी एक रन वाइड बॉल का था और बल्ले से सिर्फ एक रन ही निकला।

### ऐसे चला रोमांचक मुकाबला...

मिडलसेक्स काउंटी लीग के थर्ड-टियर डिविजन वन के एक मैच में नॉर्थ लंदन की थर्ड इलेवन ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 45 ओवर में 426/4 का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसमें 63 वाइड और 16 नो बॉल सहित कुल 92 रन अतिरिक्त थे। इसके बाद 427 रन का लक्ष्य लेकर उतरी रिचमंड क्लब फोर्थ इलेवन की पूरी टीम 5.2 ओवर में 2 रन पर ढेर हो गई और 424 रन से मुकाबला हार गई।



### रिचमंड क्लब के 9 बल्लेबाज नहीं खोल सके खाता

रिचमंड क्लब के लिए 1 रन नंबर-4 के बल्लेबाज ने बनाया, जबकि दूसरा रन वाइड के रूप में मिला। टीम के 9 बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल सके, यानी वे शून्य पर आउट हुए। नॉर्थ लंदन के लिए मैट रोसन ने 3 ओवर में 5 विकेट लिए और कोई रन भी खर्च नहीं किया। इसी तरह टॉम स्पॉटन ने 2.4 ओवर में सिर्फ 2 रन देकर 4 विकेट झटके और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

### किसके नाम दर्ज है सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड?

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड 1810 में बने ऐतिहासिक मैच के नाम है, जब द बीएस टीम इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में 6 रन पर ढेर हुई थी। हालांकि, क्लब क्रिकेट के हिसाब से अब यह सबसे कम स्कोर माना जा रहा है। रिचमंड क्लब के उपाध्यक्ष स्टीव डीकिन ने कहा कि यह एक 'परफेक्ट स्टॉर्म' जैसी स्थिति थी। उनके क्लब के पास नियमित टीम के खिलाड़ी ही मौजूद नहीं थे। इसी वजह ऐसा प्रदर्शन रहा।

खास खबर

## लाहौर कलंदर्स ने 4 साल में तीसरी बार जीता पीएसएल का खिताब

### विजेता टीम को मिले मात्र 4.24 करोड़ रुपये




**लाहौर।** जिम्बाब्वे के हरफनमौला सिकंदर रजा ने टॉस से महज 10 मिनट पहले इंग्लैंड से यहां पहुंचकर लाहौर कलंदर्स को चार साल में पाकिस्तान सुपर लीग का तीसरा खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। लाहौर पहुंचने के लिए कई उड़ान लेने वाले रजा पर थकान का कोई लक्षण नहीं दिखा। अशरफ की 20वें ओवर में आतिशी बल्लेबाजी ने हालांकि क्वेटा को छह साल में अपना पहला पीएसएल खिताब जीतने की उम्मीद दी, लेकिन रजा ने उनके सपने को तोड़ दिया। खिताब जीतने पर कलंदर्स को पुरस्कार के रूप में 500,000 डॉलर भी मिले जो करीब 4.24 करोड़ रुपए बनते हैं। वहीं उपविजेता टीम ग्लेडिएटर्स को 200,000 डॉलर मिले, जो लगभग 1.69 करोड़ रुपए बनते हैं।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 14 | 9 | 4 | 19 |
| बेंगलुरु | 14 | 9 | 4 | 19 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| मुंबई | 14 | 8 | 6 | 16 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 6 | 15 |
| हैदराबाद | 14 | 6 | 7 | 13 |
| लखनऊ | 14 | 6 | 8 | 12 |
| कोलकाता | 14 | 5 | 7 | 12 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 14 | 4 | 10 | 8 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
679 रन
गुजरात

पर्पल कैप




नूर अहमद
24 विकेट
चेन्नई

## आईपीएल में अपना सबसे बड़ा स्कोर चेज किया, लखनऊ को छह विकेट से हराया

# जितेश की आक्रामक पारी से आरसीबी ने क्वालीफायर एक का टिकट कटाया

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

कार्यवाहक कप्तान जितेश शर्मा (नाबाद 85) की आक्रामक अर्धशतकीय पारी और मयंक अग्रवाल (नाबाद 41) के साथ पांचवें विकेट के लिए 45 गेंद में 107 रन की अटूट साझेदारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मंगलवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर प्लेऑफ में अपना दूसरा स्थान पक्का किया। इस जीत के साथ ही आरसीबी ने 14 मैचों में 19 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान के साथ क्वालीफायर एक में अपनी जगह पक्की कर ली। टीम अब बृहस्पतिवार को शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स का सामना करेगी जबकि इसके अगले दिन एलीमिनेटर एक में गुजरात टाइटंस का सामना मुंबई इंडियंस से होगा। सुपर जायंट्स ने कप्तान ऋषभ पंत की नाबाद 118 रन की पारी के बूते तीन विकेट पर 227 रन बनाये लेकिन आरसीबी ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 230 रन बना कर इस लीग में सफलतापूर्वक सबसे बड़े लक्ष्य का अपना रिकॉर्ड कायम किया। आरसीबी ने इसके साथ ही दूसरे टीम की घरेलू मैदान में लगातार सात मैच जीतने का रिकॉर्ड भी कायम किया।




प्लेयर ऑफ द मैच जितेश ने 33 गेंद की नाबाद पारी में आठ चौके और छह छक्के लगाकर बेखौफ बल्लेबाजी की। उन्हें मयंक का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 23 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके जड़े। विराट कोहली ने 30 गेंद में 10 चौके की मदद से 54 रन बनाने के अलावा फिल सॉल्ट (30) के साथ पहले विकेट के लिए 34 गेंद में 61 रन की साझेदारी के साथ आरसीबी को शानदार शुरुआत दिलायी। सुपर जायंट्स के लिए विलियम ओरुर्के ने दो विकेट लिये लेकिन उन्होंने अपने चार ओवर में 74 रन खर्च किये। दिग्वेश राठी और आकाश सिंह को एक-एक सफलता मिली। पूरे सत्र में खराब लय के कारण आलोचना झेलने वाले पंत ने 61 गेंद की नाबाद पारी में 11 चौके और आठ छक्के लगाने के साथ दूसरे विकेट के लिए मिचेल मार्श के साथ 78 गेंद में 152 रन की साझेदारी कर के बड़े स्कोर की नींव रखी।

मार्श ने 37 गेंद में चार चौके और पांच छक्के की मदद से 67 रन बनाये। आरसीबी के लिए नुवान तुषारा ने चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया। भुवनेश्वर कुमार और रोमारियो शेफर्ड को भी एक-एक सफलता मिली लेकिन दोनों काफी महंगे साबित हुए।

### सूर्यकुमार का धमाका! बल्लेबाजी में इतिहास रचकर तोड़ा तेंदुलकर का 15 साल पुराना रिकॉर्ड



**मुंबई।** सूर्यकुमार यादव इस साल आईपीएल में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने हर मैच में 25 से ज्यादा रन बनाकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। मुंबई इंडियंस की टीम प्लेऑफ में पहुंच चुकी है और टॉप 2 में जगह बनाने के लिए टीम पंजाब के खिलाफ जीत दर्ज करना चाहेगी। पंजाब किंग्स के खिलाफ भी सूर्यकुमार यादव ने मुंबई के लिए कमाल की बल्लेबाजी की। जयपुर के मैदान में पंजाब के गेंदबाज अर्शदीप सिंह और मार्को जेन्सन की तेज गेंदों का सामना करते हुए, सूर्या ने अपनी 360-डिग्री बल्लेबाजी का जादू दिखाया। स्कूप शॉट्स, लॉफ्टेड कवर ड्राइव्स और छक्कों की बरसात ने पंजाब के गेंदबाजों को हैरान कर दिया। उस मैच में सूर्या ने 39 गेंदों में 57 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 2 छक्के शामिल थे। साल 2025 में 618 रन से अधिक बनाकर सूर्यकुमार यादव अब इस लिस्ट में टॉप पर पहुंच गए हैं।

## श्योराण और नीरू दूसरे शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल में शीर्ष पर रहे

**नई दिल्ली।** लक्ष्य श्योराण और नीरू ढांडा ने मंगलवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में आयोजित दूसरी शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल्स की ट्रैप फ़ाइनल स्पर्धा में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। लक्ष्य ने क्वालिफिकेशन में 120 अंक हासिल करते हुए फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने फाइनल में 43 अंक हासिल कर जसविंदर सिंह को दो अंकों से पछाड़कर जीत दर्ज की। भवनीश मेंदीरत्ता ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग के जिन निशानेबाजों ने हाल ही में जर्मनी के सुहल में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में भाग लिया है, उनके स्कोर पर भी चयन समिति द्वारा विचार किया जायेगा क्योंकि ट्रायल दो के आयोजन की तारीखें उससे टकरा रहीं है।

**नीरू ने दी आशिमा को करीबी मात**

राष्ट्रीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीरू ने महिला वर्ग के फाइनल में आशिमा अहलावत को 40-39 के करीबी अंतर से मात देकर शीर्ष स्थान हासिल किया। ओलंपियन राजेश्वरी कुमारी ने 31 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पहले क्वालीफिकेशन चरण में जंगशेर एस. वीरक ने 119 अंक हासिल करते हुए लक्ष्य के बाद फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## सिनर ने जीता लगातार 15वां ग्रैंडस्लैम

**पेरिस।** यानिक सिनर ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के आर्थर रिंडरक्नेच पर 6-4, 6-3, 7-5 से जीत हासिल करते हुए ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में अपनी जीत के सिलसिले को 15 मैचों तक पहुंचा दिया। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध की सजा काटने के बाद अपने दूसरे टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। उन्होंने पिछले साल अमेरिकी ओपन और इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था। इटली के इस 23 वर्ष के खिलाड़ी में अभी तक तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं लेकिन फ्रेंच ओपन में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचना था। इस बीच महिला वर्ग में नाओमी ओसाका का सफर पहले दौर में ही समाप्त हो गया। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन जापान की इस खिलाड़ी को 10वीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा ने 6-7 (1), 6-1, 6-4 से हराया।



## खबर संक्षेप



### पंजाब किंग्स से हार हमारे लिए चेतावनी की तरह : रिकेल्टन

**जयपुर।** मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन ने स्वीकार किया कि पंजाब किंग्स से सात विकेट की हार एक चेतावनी की तरह है लेकिन उन्हें विश्वास है कि पांच बार की चैंपियन टीम में आईपीएल एलिमिनेटर जीतने के लिए जरूरी क्षमता है। मुंबई ने सोमवार को पंजाब के खिलाफ अपने अंतिम लीग मैच में हारकर शीर्ष दो में जगह बनाने का मौका गंवा दिया। इस हार के बाद अब उसे गुरुवार को एलिमिनेटर में उतरना होगा, जहां उसका सामना गुजरात टाइटन्स या रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। रिकेल्टन ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''हमें इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। इसलिए यह हमारे लिए एक चेतावनी की तरह है।'' इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि नॉकआउट से पहले मुंबई को कुछ क्षेत्रों में सुधार करना होगा। रिकेल्टन ने कहा, ''यह अंत नहीं है। ईमानदारी से कहूं तो टीम बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है, हमें सिर्फ बल्ले, गेंद और क्षेत्ररक्षण में कुछ चीजों में और बेहतर करने की जरूरत है।

### हमारा लक्ष्य आईपीएल ट्रॉफी जीतना है : शशांक



**जयपुर।** पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह ने कहा कि टीम सामूहिक प्रयास से इंडियन प्रीमियर लीग की अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने में सफल रही लेकिन काम अभी पूरा नहीं हुआ है और उनका लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर प्लेऑफ में शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर लिया है जिससे उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलेंगे। यह पिछले 11 वर्षों में पहला अवसर है जबकि पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ में जगह बनाई। शशांक ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा हमारा पहला लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाना था और हमने इसे हासिल कर लिया है। हम ट्रॉफी जीतना चाहते हैं। चार जून को तड़के 12 बजे जब हम खिताब जीतने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बैठे होंगे, तो मैं कह सकता हूं कि हां, हम दुनिया में शीर्ष पर हैं।

नॉर्वे शतरंज

## कार्लसन ने रोमांचक मुकाबले में विश्व चैंपियन गुकेश को हराया



एजेंसी ▶▶| स्टावेंजर (नॉर्वे)

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अंतिम क्षणों में अपनी विशेषज्ञता का शानदार नमूना पेश करते हुए यहां खेले जा रहे नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को रोमांचक मुकाबले में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए।

पांच बार के विश्व चैंपियन 34 वर्षीय कार्लसन और उनसे आधी उम्र के गुकेश के बीच खेले जा रहे इस मैच को टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मुकाबला माना जा रहा था। इस टूर्नामेंट में ओपन और महिला वर्ग में चोटी के छह छह खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कार्लसन और गुकेश का मैच निर्णायक क्षणों तक चला, जिसमें नॉर्वे के खिलाड़ी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी पर आखिर में दबाव बनाकर जीत हासिल की। कार्लसन की शुरुआत हालांकि उम्मीद के अनुरूप नहीं रही और उन्होंने बाद में इसे स्वीकार भी किया।

### हर मैच में जीतना आसान नहीं : कार्लसन

कार्लसन ने कहा, ''मुझे अभी अहसास हुआ कि मैं कुछ भी नहीं जानता। मैंने उन्हें आश्चर्य चकित करने की कोशिश की। मैंने उसी तरह का खेल खेला जैसे मैं हमेशा खेलते रहा हूं। इस टूर्नामेंट में हर मैच में जीत हासिल करना आसान नहीं है।''असल में काले मोहरों से खेल रहे गुकेश ने 11वीं चाल तक अपने प्रतिद्वंद्वी की सफेद मोहरों की बढ़त को बेअसर कर दिया था।

### गुकेश ने कार्लसन को अंत तक दबाव में रखा

गुकेश ने चार घंटे से अधिक समय तक चले क्लासिकल शतरंज के इस मुकाबले में अधिकतर समय तक नॉर्वे के गत चैंपियन को दबाव में रखा, लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने एक गलती की जिसका फायदा उठाकर कार्लसन ने 55 चाल में जीत हासिल की। इस जीत से कार्लसन ने तीन अंक अर्जित किए और वह अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। नाकामुरा ने हमवतन फैबियानो कारूआना को हराया।

### अंक तालिका में आखिरी स्थान पर रही चेन्नई सुपर किंग्स

**14 मैचों में 10 मैच हारी**

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में चेन्नई सुपरकिंग्स का सफर खत्म हो चुका है। लीग के अपने अंतिम मैच में सीएसके ने गुजरात टाइटंस को हराया, लेकिन इसके बावजूद यह टीम इस बार अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर रही। यह आईपीएल इतिहास में पहली बार हुआ है कि सीएसके ने अंक तालिका में सबसे अंतिम स्थान पर अपना सफर समाप्त किया हो। चेन्नई सुपर किंग्स का आईपीएल 2025 का सफर चुनौतियों से भरा रहा। टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही विभागों में अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रही। लीग के अपने पहले मैच में सीएसके ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के साथ शानदार शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद 14 में से 10 मैच हार गए।

## एशियाई एथलेटिक्स: गुलवीर ने स्वर्ण और सर्विन ने जीता कांस्य पदक

एजेंसी ▶▶| गुमी (दक्षिण कोरिया)

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह ने मंगलवार को यहां एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल करके भारत को प्रतियोगिता का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। भारत ने इस प्रतियोगिता के लिए 59 सदस्यीय दल भेजा है। भारत ने पिछली बार इस चैंपियनशिप में 27 पदक जीते थे।

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 26 वर्षीय गुलवीर ने 28 मिनट 38.63 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 27:00.22 सेकंड है जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में बनाया था। जापान के मेबुकी सुजुकी (28:43.84) ने रजत, जबकि बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप (28:46.82) ने कांस्य पदक जीता।



### सर्विन पैदल चाल में जीता कांस्य

इससे पहले दिन में सर्विन सेबेस्टियन ने पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में एक घंटा 21 मिनट और 13.60 सेकंड (1:21:13.60) का समय लेकर कांस्य पदक जीतकर भारत का प्रतियोगिता में खाता खोला था। चीन के वांग झाओझाओ (1:20:36.90) और जापान के केंटो योशिकावा (1:20:44.90) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। सर्विन सेबेस्टियन का समय उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 1:21:23 से थोड़ा अधिक था, जो उन्होंने इस वर्ष फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था। इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अमित 1:22:14.30 समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

### वैभव के सामने नियंत्रण रखने की चुनौती : वॉ



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में सनसनी फैलाने वाले 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की शानदार टाइमिंग से हैरान आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर स्टीव वॉ ने उन्हें 'सुपरनोवा' बनने से बचते हुए नियंत्रण पर फोकस करने की सलाह दी है। वॉ नियमित रूप से आईपीएल नहीं देखते हैं लेकिन उन्होंने सूर्यवंशी को शानदार खिलाड़ी बताते हुए कहा कि उसे अपने पैर जमीन पर रखने होंगे। राजस्थान रॉयल्स के लिये खेलने वाले सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद में शतक जमाया जो टूर्नामेंट में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है।

## प्रियांशु, किरण, अनमोल-मलविका बाहर

# सिंधू, प्रणय सिंगापुर ओपन के दूसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और एच एस प्रणय मंगलवार को सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए। सिंधू ने कनाडा की वेन यू झांग पर सिर्फ 31 मिनट में 21-14, 21-9 से जीत दर्ज की। दूसरे दौर में उनका सामना दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की चेन यू फेइ से होगा। दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने डेनमार्क के रास्मस गेमके को 19-21,21-16, 21-14 से हराया। अब उनका सामना फ्रांस के क्रिस्टोव पोपोव से होगा।





### भारत के इन खिलाड़ियों को मिली हार

भारत के प्रियांशु राजावत, किरण जॉर्ज, अनमोल खरब , मालविका बंसोड़ हालांकि पहले ही दौर में हारकर बाहर हो गए। मालविका को थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त सुपनिदा केटथोंग ने 14-21, 21-18, 21-11 से हराया। वहीं प्रियांशु को सातवीं वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नारोका ने 14-21, 21-10, 21-14 से मात दी। अनमोल को चेन ने 21-11, 24-22 से हराया। जॉर्ज को चीन के वेंग होंग यांग ने 21-19, 21-17 से हराया। वहीं आर संतोष रामराज को पुरूष एकल के पहले मैच में दक्षिण कोरिया के किम गा युन ने 21-14, 21-8 से परास्त किया।

### मिश्रित युगल की टीमें भी हारीं

मिश्रित युगल में भारत के ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को चीन के चेंग शिंग और झांग चि ने 21-18, 21-13 से हराया। असिथ सूर्या और अमृता परमुथेश को जापान के युइची शिमोगामी और सायाका होबारा ने 21-11, 21-17 से हराया। महिला युगल में कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंह को कोरिया की बाएक हा ना और ली सो ही ने 21-4, 21-9 से मात दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

# डीआरडीओ अध्यक्ष ने किया क्यूटीआरसी का उद्घाटन, मजबूत होंगी स्वदेशी क्वांटम क्षमताएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष डॉ. समीर.वी. कामत ने मंगलवार को राजधानी के मेटकाफ हाउस में क्वांटम प्रौद्योगिकी अनुसंधान केंद्र यानी क्यूटीआरसी का उद्घाटन किया। जिसका उद्देश्य सामरिक और रक्षा एप्लीकेशन के लिए स्वदेशी क्वांटम क्षमताओं को और अधिक मजबूत करना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह केंद्र अत्याधुनिक प्रायोगिक सेटअप से सुसज्जित है। जिसे महत्वपूर्ण क्वांटम क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी प्रमुख क्षमताओं में वर्टिकल कैविटी सरफेस, एमिटिंग लेजर, डिस्ट्रीब्यूटेड फीडबैक लेजर का लक्षण वर्णन, सिंगल फोटॉन स्रोतों के मूल्यांकन के लिए टेस्ट बेड, माइक्रो फैब्रिकेटेड अल्कली वेपर सेल के लक्षण वर्णन के लिए सेटअप, क्वांटम कुंजी वितरण तकनीकों को विकसित करे और मान्य करने के लिए प्रायोगिक प्लेटफार्म शामिल हैं। जिससे क्वांटम युग के बाद अल्ट्रा सिक्योर संपर्क को सक्षम किया जा सके और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा की जा सके। साथ ही माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, कम्प्यूटेशनल सिस्टम और साइबर सिस्टम की महानिदेशक सुमा वर्गीज भी केंद्र के उद्घाटन समारोह में मौजूद रहीं। जिन्होंने इस अत्याधुनिक सुविधा की संकल्पना में अहम भूमिका निभाई है।

**15 दिनों के कृषि संकल्प अभियान के दौरान शिवराज 20 राज्यों में करेंगे प्रवास**

# प्रधानमंत्री मोदी के "लैब टू लैंड" विजन और विकसित भारत की संकल्पना होगी

**पुरी (ओडिशा) से कल 29 मई से शुरू होगा अभियान, गांवों में जाकर किसानों से संवाद करेंगे**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर प्रारंभ हो रहे राष्ट्रव्यापी 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की तैयारियां पूरी हो गई हैं। 29 मई को पुरी (ओडिशा) की पावन-पवित्र धरा से इस अभियान की शुरूआत की जाएगी, जहां केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह भी शामिल होंगे।

15 दिनों तक चलने वाले इस वृहद अभियान के दौरान चौहान लगभग 20 राज्यों में प्रवास करेंगे और किसानों व वैज्ञानिकों का उत्साहवर्धन करने के साथ ही उनसे सीधा संवाद करेंगे। केंद्रीय मंत्री चौहान 29 मई को ओडिशा के बाद 12 जून तक के अभियान के दौरान जम्मू, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, असम, मेघालय, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली और छत्तीसगढ़ में किसानों व वैज्ञानिक टीमों के साथ संवाद में सहभागिता करेंगे।

इस अभियान के उद्देश्यों में; क्षेत्र विशेष के लिए खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीकों के बारे में किसानों को जागरूक करना, किसानों के लिए उपयोगी सरकारी योजनाओं-नीतियों के बारे में जागरूक करना, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूक एवं शिक्षित करना व किसानों से फीडबैक प्राप्त करना ताकि उनके द्वारा किए गए नवाचार के बारे में वैज्ञानिक जानकारी प्राप्त कर अनुसंधान की दिशा का निर्धारण किया जा सकें, शामिल है। खरीफ सीजन में किसानों को सीधा लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से देशव्यापी 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों के सहयोग से 29 मई से 12 जून तक 700 से अधिक जिलों में आयोजित किया जाएगा।

**700 से अधिक जिलों, 65 हजार गांवों और लगभग 1.5 करोड़ किसानों तक पहुंचेगी 2170 टीमें**

इस दौरान वैज्ञानिकों की टीम गांवों में जाकर किसानों से संवाद करेंगी। अभियान में देशभर के सभी 731 कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके), आईसीएआर के सभी 113 संस्थानों, राज्यस्तरीय विभागों एवं कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही प्रगतिशील किसान व कृषि से जुड़े अन्य लोग शामिल होंगे। अभियान का लक्ष्य विभिन्न राज्यों में लगभग डेढ़ करोड़ किसानों तक प्रत्यक्ष रूप से पहुंचना व सीधे संवाद करना है, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "लैब टू लैंड" के विजन को धरातल पर उतारना है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है- यह अभियान, विकसित कृषि के साथ-साथ प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**भाजपा ने कर्नाटक में अपने दो विधायकों को पार्टी से निकाला**

# विधायक सोमशेखर और शिवराम पर पार्टी की केन्द्रीय अनुशासन समिति की कार्रवाई



एसटी सोमशेखर



ए शिवराम हेब्बार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने कर्नाटक में अपने दो विधायकों को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। भाजपा की केंद्रीय अनुशासन समिति ने ने विधायक एसटी सोमशेखर और ए शिवराम हेब्बार पर यह कार्रवाई की है। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने कहा कि यह निर्णय पार्टी हाईकमान द्वारा लंबी चर्चा के बाद लिया गया। दोनों विधायकों को सुधार के लिए कई मौके दिए गए, लेकिन उन्होंने चेतावनियों को नजरअंदाज किया।

- पिछले साल राज्यसभा चुनाव के दौरान दोनों विधायकों ने पार्टी से अलग राह पकड़ी थी

पार्टी ने यह फैसला पार्टी अनुशासन के बार-बार उल्लंघन को देखते हुए लिया है। केंद्रीय अनुशासन समिति के सदस्य सचिव ओम पाठक ने 25 मार्च 2025 को जारी शो-कॉज नोटिस के जवाब को असंतोषजनक पाया, जिसके बाद निष्कासन का फैसला लिया गया।

गौरतलब है कि सोमशेखर ने फरवरी 2024 के राज्यसभा चुनाव में पार्टी व्हिप के खिलाफ जाकर कांग्रेस उम्मीदवार अजय माकन के पक्ष में क्रॉस-वोटिंग की थी। हेब्बर ने इस चुनाव में वोटिंग से दूरी बनाई थी। विधायक शिवराम हेब्बार ने कहा कि उन्होंने हमेशा राजनीति से ऊपर अपने निर्वाचन क्षेत्र और अपने लोगों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने आगे कहा कि मेरे समर्थकों को कोई संदेह नहीं है। उन्हें लगता है हमारे नेता ने अच्छे समय और चुनौतियों दोनों में हमारा साथ दिया है। जब विकास की बात आती है तो वे कभी पीछे नहीं हटे हैं और न ही कभी पीछे हटेंगे। वहीं आगे की राजनीति पर हेब्बार ने कहा कि राजनीतिक निर्णय रातों-रात नहीं लिए जाते। राजनीति के लिए समय, विचार और हमारे समर्थकों की भागीदारी की आवश्यकता होती है। विधायक हेब्बार ने कहा कि वह कोई भी राजनीतिक निर्णय "सही समय पर और सही तरीके से" लेंगे। उन्होंने कहा कि यह बताना मेरा काम नहीं है कि चीजें इस तरह क्यों हुईं। यह जिम्मेदारी भाजपा की है। उनके कार्य उनके निर्णयों को दर्शाते हैं। मैं केवल वही बोलूंगा जो मुझे सही और सत्य लगता है।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भाजपा की कार्रवाई पर तंज कसते हुए कहा कि पार्टी ने गंभीर आरोपों वाले अन्य नेताओं के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया, जबकि सोमशेखर और हेब्बर को निशाना बनाया गया।






VML.5805.2025HIN